सुप्रभात
रांची, गुरुवार
16.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 214



12 प्रियंका चोपड़ा की 'लव अगेन' का ट्रेलर रिलीज

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### चाईबासा : पांच हत्यारों को फांसी की सजा

**चाईबासा।** डेढ़ साल पुराने हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए चाईबासा कोर्ट ने पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने एक लाख का अर्थदंड भी लगाया है। मामला आठ नवंबर 2021 का है। पश्चिम सिंहभूम जिले के बंदगांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी।

### पूजा सिंघल की याचिका इडी कोर्ट से खारिज

**रांची।** मनी लांड्रिंग की आरोपित निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची के ईडी कोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले से जुड़े दस्तावेज मुहैया कराने की मांग की थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। पूजा सिंघल के अधिवक्ता स्नेह सिंह और विक्रांत सिन्हा ने पक्ष रखा। अपनी बहस में उन्होंने कहा कि चार्ज फ्रेम की प्रक्रिया से पहले उन्हें उनके केस से जुड़े सभी दस्तावेज दिये जायें।

### देवघर में 144, हाइकोर्ट पहुंचे सांसद निशिकांत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सांसद निशिकांत दुबे ने बुधवार को देवघर में शिव बारात के आयोजन के दौरान धारा 144 लागू करने के खिलाफ जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें उन्होंने जिला प्रशासन के शिव बारात को लेकर धारा 144 लगाये जाने का विरोध करते हुए इस आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान पैरवी करेंगे।

### कांड्रा : प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**सरायकेला।** जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र में शेन इंटरनेशनल स्कूल के पास गोपीनाथपुर में विश्वनाथ इंटरप्राइजेज में बीती रात प्लास्टिक गोदाम में भयंकर आग लग जाने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने तक सब कुछ जलकर राख हो गया। हालांकि अगलगी के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### सावधान... 11 हाथियों का झुंड पहुंचा दुमका

**दुमका।** जिले के मसलिया वन क्षेत्र से सटे गोड़माला से गोलपुर में 11 हाथियों का झुंड आबादी वाले क्षेत्र में आ गया है, जिससे लोगों में दहशत है। झुंड में तीन छोटे और बाकी वयस्क हाथी हैं। वन विभाग हाथियों को घने जंगल की तरफ भगाने की कोशिश कर रही है। ग्रामीण इलाके में अक्सर हाथी उत्पात मचाते रहते हैं।

### रांची में होली पर हास्य कवि सम्मेलन छह को

**रांची।** कवि सम्मेलन आयोजन समिति, रांची ने हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में होली के मौके पर छह मार्च को हास्य कवि सम्मेलन-2023 का आयोजन किया गया है। इसके लिए ललित पोद्दार कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किये गये हैं। समिति के अध्यक्ष विनोद जैन, सचिव पवन पोद्दार, कार्यक्रम संयोजक ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बुधवार को कहा कि कोरोना काल के कारण विगत दो वर्षों से समिति हास्य कवि सम्मेलन नहीं करा पायी थी। इस वर्ष छह मार्च को कई सुप्रसिद्ध हास्य कवियों का जमावड़ा मारवाड़ी भवन में लगेगा।

# पलामू में हिंसा के बाद शांति

■ सैकड़ों पुलिस जवान की तैनाती से स्थिति नियंत्रण में
■ हिंसा, आगजनी, कई घायल इलाका छावनी में तब्दील

खबर मन्त्र टोली

**मेदिनीनगर /पांकी /तरहसी।** पलामू जिले के पांकी में दो गुटों में विवाद के बाद हिंसा भड़क गयी। जिसमें 6 दुकान, 2 घर और एक दर्जन गाड़ियों को जला दिया गया। डीएसपी सहित दर्जनभर से ज्यादा लोग इसमें घायल हुए हैं। हालांकि अभी स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। पुलिस ने इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। इलाके में धारा 144 लगा दी गयी। वहीं जिले में इंटरनेट सेवा 15 और 16 फरवरी को दूरसंचार इंटरनेट सेवाओं (सभी प्रकार) का अस्थायी निलंबन का आदेश प्रमुख सचिव राजीव अरुण एक्का ने दिया है। यह जानकारी उपायुक्त ने दी है।

**क्या है मामला :** जानकारी के अनुसार पांकी के भगत सिंह (मस्जिद) चौक पर महाशिवरात्रि की पूजा को लेकर तोरणद्वार बनाने को लेकर दो समुदायों के बीच जमकर झड़प हो गयी। इस दौरान धार्मिक स्थल से पत्थरबाजी की गयी, जिसमें दर्जनाधिक लोग घायल हुए हैं। जिसके बाद आगजनी और कुछ वाहनों में तोड़फोड़ की गई है। जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी ए दोडे, एसपी चंदन सिन्हा, पांकी एसडीपीओ समेत कई प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि घटनास्थल पहुंचे थे।



**इंटरनेट सेवाएं दो दिन बंद :** पलामू जिले में 15 और 16 फरवरी को दूरसंचार इंटरनेट सेवाओं (सभी प्रकार) का अस्थायी निलंबन का आदेश प्रमुख सचिव राजीव अरुण एक्का ने दिया है। यह जानकारी उपायुक्त ने दी है। अराजक तत्वों द्वारा इन सेवाओं का उपयोग अफवाह और झूठी जानकारी फैलाने से रोका जा सके। इससे राज्य में कानून और व्यवस्था की गड़बड़ी हो सकती है।

# कुछ देर क्रिकेट का शहंशाह रहा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बन गयी थी। भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के बाद यह कारनामा करने वाली दुनिया की दूसरी टीम थी। बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में भारत ने टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ पहला स्थान हासिल किया था। वनडे और टी-20 में टीम पहले से नंबर-1 पोजिशन पर थी। फिर टेस्ट में भी एक नंबर पर आ गयी थी।

तीनों फॉर्मेट में नंबर-1



| टेस्ट की टॉप 3 टीमें | |
|---|---|
| भारत | 115 |
| ऑस्ट्रेलिया | 111 |
| इंग्लैंड | 106 |
| **वनडे की टॉप 3 टीमें** | |
| भारत | 114 |
| ऑस्ट्रेलिया | 112 |
| न्यूजीलैंड | 111 |
| **टी-20 की टॉप 3 टीमें** | |
| भारत | 267 |
| इंग्लैंड | 266 |
| पाकिस्तान | 258 |

**कुछ ही घंटों में छिन गयी टीम इंडिया की बादशाहत**

बुधवार को आइसीसी की चूक से भारत को तीनों फार्मेट में नंबर वन का ताज मिला था, पर कुछ ही घंटो में 'बादशाहत' छिन गयी। टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन स्थान पर पहुंचने वाली टीम से शाम होते-होते बादशाहत छिन गयी। दरअसल, आईसीसी की वेबसाइट पर गलती की वजह से हुआ था। मगर शाम तक ऑस्ट्रेलिया के अब 126 जबकि भारत के 115 रेटिंग अंक हो गये।

# राज्य की जनता की सुरक्षा ही सर्वोच्च प्राथमिकता : डीजीपी

■ राज्य के 13वें डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय में दिया योगदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के नये डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। राज्य के 13वें डीजीपी बने 1989 बैच के आइपीएस अजय कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी। जो चुनौतियां हैं, उसका सामना किया जायेगा। विधि व्यवस्था और अपराध की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। राज्य के लोगों को पुलिस की सभी सुविधाएं आसानी से मिले, इसपर अधिक जोर रहेगा।

**मुख्यमंत्री से मिले नवनियुक्त डीजीपी**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य के नवनियुक्त डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

डीजपीपी ने कहा कि राज्य से अपराध और नक्सल को खत्म करेंगे। राज्य में नक्सलियों के खिलाफ जो अभियान चल रही है, राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों की सहायता से कई नक्सल ऑपरेशन चलाकर काफी हद तक नक्सलियों के कब्जे वाले कोर एरिया तक पहुंचने में पुलिस को सफलता मिली है। जनता का विश्वास हासिल करने में पुलिस सफल हुई है। नक्सली बैकफुट पर हैं। नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान को आगे बढ़ाया जायेगा। राज्य में अमन चैन कायम किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

**रामगढ़ उपचुनाव : यूपीए नेताओं की बैठक में बोले सीएम हेमंत**

# यूपीए गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करायेंगे

➲ दिखेगा गठबंधन की एकजुटता का नजारा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर यूपीए के आला नेताओं की अहम बैठक हुई। जिसमें रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए बेहतर रणनीति बनायी गयी। मुख्यमंत्री ने यूपीए के आला नेताओं से रामगढ़ उपचुनाव के सियासी समीकरण के मद्देनजर बिंदुवार चर्चा की तथा पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया। उन्होंने गठबंधन के सभी नेताओं को एकजुटता दिखाते हुए एक बार फिर रामगढ़ उपचुनाव में जीत का परचम लहराने का मंत्र दिया।

मौके पर गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो ने सीएम के समक्ष जीत को लेकर अन्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने बैठक में मौजूद यूपीए के सभी आला नेताओं तथा रामगढ़ विस क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे कार्यकर्ताओं से कहा कि वे विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार रहें। सभी कार्यकर्ता एकजुट रहें तथा बूथ स्तर तक गठबंधन प्रत्याशी की जीत में अपना दमखम लगायें। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख, वरिष्ठ झामुमो नेता सह राज्य समन्वय समिति सदस्य विनोद पांडेय, फागु बेसरा, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, सुप्रियो भट्टाचार्य, अभिषेक प्रसाद पिंटू, संजीव बेदिया, शहजादा अनवर आदि मौजूद थे।



यूपीए के आला नेताओं के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

# राज्य के 800 से अधिक दुकानों के नहीं खुले शटर

■ कृषि बिल के खिलाफ खाद्यान्न व्यापार की अनिश्चितकालीन बंदी
■ कृषि बाजार शुल्क के विरोध में राज्यभर में प्रदर्शन
■ कृषि मंत्री का पुतला फूंक विधेयक वापसी की मांग पर अड़े व्यापारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के खिलाफ फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बैनर तले पूरे झारखंड में खाद्यान्न व्यापार बुधवार से अनिश्चितकाल के लिए बंद है। व्यापारियों के मुताबिक यह कानून कारोबियों और किसानों के हित में नहीं है। अनिश्चितकाल बंद होने से रांची के पंडरा स्थित कृषि बाजार समिति में करीब 800 दुकानें बंद रहने से 1500 दैनिक मजूदर प्रभावित रहे। सरकार के खिलाफ आक्रोशित राज्य के व्यापारियों ने कृषि मंत्री का पुतला फूंक डाला। (शेष पेज 11 पर)

**बिल नहीं होगा वापस : बादल**

कृषि बिल को सही ठहराते हुए राज्य के किसान बुधवार को कृषि मंत्री बादल से मिले। इस दौरान उन्हें दो पन्ने का ज्ञापन सौंपा और कृषि बिल को कृषकों के हित में बताया। मंत्री ने किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार ने जो कर दिया सो कर दिया... बिल किसी भी हाल में वापस नहीं होगा। हां, सरकार व्यापारियों से वार्ता को तैयार है। परंतु बिल वापसी के लिए नहीं, बल्कि यह बेहतर तरीके से लागू हो।

**झारखंड में काम करने की गति धीमी, मलाल रहेगा : रमेश बैस**

# दिल में छुपा कर प्यार का तूफान ले चले...

■ यदि कोई अपनी छांव से डरे तो कोई क्या कर सकता...

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विदाई के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस बुधवार को मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में जितना काम नहीं किया था, उससे अधिक काम इलेक्शन कमीशन का लिफाफा आने के बाद किया। इससे झारखंड का भला हुआ है। हालांकि इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता को लेकर चुनाव आयोग द्वारा भेजे गये लिफाफे का मामला छाया रहा। इस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए मोहम्मद रफी के गीत- *दिल में छुपा कर प्यार का तूफान ले चले, अरमान ले चले...* का अंतरा सुनाकर समापन किया। श्री बैस ने कहा कि उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को स्पष्ट कह दिया था कि वह निश्चिंत होकर अपना काम करें, फिर भी यदि कोई अपनी ही छांव से डरे तो वह क्या कर सकते हैं। (शेष पेज 11 पर)

**बेशक, हेमंत सोरेन अच्छे लीडर हैं, लेकिन...**



सीएम हेमंत सोरेन पर पूछे गये एक सवाल के जवाब में श्री बैस ने कहा कि बेशक वह एक बहुत अच्छे लीडर हैं। इतनी कम उम्र में मुख्यमंत्री बने हैं। वे ऐसा काम कर सकते हैं, जो लैंड मार्क साबित हो सकता है। मैंने बीच-बीच में उन्हें कई सलाह दी, लेकिन पता नहीं वे क्यों उसपर अमल नहीं कर पाये। छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बजट में हेल्थ, एजुकेशन, रोड जैसे कुछ प्रमुख सेक्टर पर फोकस कर काम करना होगा, तभी राज्य का अपेक्षित विकास होगा।

**1932 के खतियान में हैं कई समस्याएं**

झारखंड के बहुविवादित विषय 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति पर श्री बैस ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी सरकार क्यों जबरदस्ती करना चाहती है, यह समझ में नहीं आया। यदि 1932 का खतियान स्थानीयता का आधार माना जायेगा, तो इससे कई जिलों में भारी समस्या होगी। इस पर सही से निर्णय लेना राज्य के लिए हितकारी होगा। इसी तरह एक्साइज बिल में भी कई कमियां थी, जिस पर उन्होंने राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

# पाकिस्तान दिवालिया की ओर, एजेंसी ने गिरायी रेटिंग

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की आर्थिक सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। एजेंसी फिच ने भी पाकिस्तान की रेटिंग गिरा दी है। कर्ज के सहारे चल रही पाकिस्तान की गाड़ी की रफ्तार अब थमने वाली है। अभी तक जिस देश और आर्थिक संगठन के साथ पाकिस्तान के अच्छे रिश्ते थे, वो सभी पाकिस्तान की मदद कर चुके हैं, लेकिन अब वो भी रास्ते धीरे-धीरे बंद हो रहे हैं। कंगाली में पाकिस्तान का आटा गीला है और अब तो चाय की प्याली मिलना भी दूभर लग रही है। देश की आर्थिक स्थिति पर पूर्व पीएम इमरान खान ने कहा है कि हमारे मुल्क की स्थिति कैंसर पीड़ित रोगी जैसी है, लेकिन हमारे हुक्मरान इसका इलाज सिरदर्द दूर करने वाली गोली डिस्पिरिन से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी स्थिति अब श्रीलंका जैसी हो चुकी है।

**चीन ने भी दिया झटका :** उधर चीन ने पाकिस्तान में खराब होती सुरक्षा स्थिति के कारण चीनी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देने के कुछ दिन बाद तकनीकी मुद्दों के कारण इस्लामाबाद में अपने दूतावास के वाणिज्य खंड को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। दूतावास ने समय सीमा पर विशिष्ट जानकारी देने से परहेज करते हुए अपनी वेबसाइट पर इसकी घोषणा की। चीन सरकार ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान में सतर्क रहने की सलाह दी।

# एक साल से मुर्दे खा रहे अनाज, पहन रहे हैं कपड़े

## चान्हो के राशन डीलर से डीएसओ ने 24 घंटे के भीतर मांगा स्पष्टीकरण

■ सरकारी दुकान जाकर लगा रहे हैं अंगूठा, उठा रहे हैं राशन
■ मुर्दों के नाम पर हर महीने लाखों की हेराफेरी कर रहे हैं डीलर और उसके रखवाले

सुधीर

**रांची।** जिंदा तो जिंदा, झारखंड में मुर्दे भी एक साल से अनाज खा रहे हैं। कपड़ा पहन रहे हैं। चीनी का शर्बत पी रहे हैं और केरोसिन भी चला रहे हैं। इसके लिए वह सरकारी राशन दुकानों में जाकर अंगूठा भी लगा रहे हैं। जब, कभी उनका अंगूठा नहीं लगता, तो रजिस्टर में हस्ताक्षर या अंगूठा लगाकर भी अनाज का उठाव कर रहे हैं। जी हां, कुछ इसी तरह के मामले का खुलासा रांची के सटे चान्हो में देखने को मिला है। इस प्रखंड की रूपसी उरांव, सलिला उराईन, सहोदरा देवी, सोमरी उरांव और गंदूर उरांव समेत न जाने कितने मुर्दे हर माह जमीन पर अवतरित होते हैं और सरकारी राशन दुकान जाकर राशन लेते हैं और घर जाते हैं। इन मुर्दों को अनाज उठाने से रोकने की बजाये प्रखंड के संबंधित पीडीएस डीलर और बीएसओ मुर्दों को अनाज की आपूर्ति करने में मदद कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर डीएसओ की धुआंधार बैटिंग ने पीडीएस डीलरों और बीएसओ गठजोड़ की पोल खोल कर रख दी है। डीएसओ ने राशन डीलर से ने 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। (शेष पेज 11 पर)

**क्या है मामला** झारखंड में राशन की कालाबाजारी रोके नहीं रूक रही है। तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद गोदाम से लेकर दुकान तक तमाम जगहों पर राशन की कालाबाजारी हो रही है। इसे रोकने वाले अधिकारी कालाबाजारी रोकने की बजाय उन्हें प्रश्रय देते हैं और हर महीने उनसे सलामी। यही कारण है कि मुर्दे भी अनाज खा रहे हैं और कपड़ा पहन रहे हैं। चान्हो प्रखंड के राशन डीलर शिव उरांव पिछले एक साल से मुर्दों को सरकारी अनाज दे रहे हैं। दुकान में उनसे अंगूठा भी लगवा रहे हैं। संबंधित बीएसओ गोपाल दास उन्हें अनाज का उठाव करते हर महीने देख भी रहे हैं। प्रखंड की रूपसी उरांव, सलिला उराईन, सहोदरा देवी, सोमरी उरांव और गंदूर उरांव न सिर्फ एनएफएसए, बल्कि प्रधामंत्री गरीब कल्याण योजना का भी अनाज उठा रहे हैं।

" मुर्दे राशन खा रहे हैं। सुनकर अटपटा तो जरूर लगता है, लेकिन खाद्य सुरक्षा सप्ताह के दौरान यह मामला प्रकाश में आया है। इसके लिए चान्हो के डीलर शिव उरांव को शो-कॉज किया गया है। वहीं, संबंधित आपूर्ति पदाधिकारी से भी इस संबंध में जानकारी मांगी गयी है। संबंधित डीलर से 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है। रिपोर्ट आते ही संबंधित डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उनके द्वारा गटके गये अनाज के पैसे वापस लिये जायेंगे। - **अलबर्ट बिलूंग**
**एडीएम राशनिंग सह डीएसओ, रांची**

# एलएसी पर देश की ताकत फिर बढ़ायेगी मोदी सरकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत-चीन सीमा पर पिछले करीब तीन सालों से तनाव की स्थिति बरकरार है। दोनों ही देशों ने बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की हुई है। हर स्थिति से निपटने को भारतीय सेना अत्याधुनिक हथियार भी तैयार रखे हैं। इस बीच, मोदी कैबिनेट ने बड़ा फैसला करते हुए बुधवार को भारत-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आइटीबीपी) में 9400 जवानों को शामिल करने की मंजूरी दे दी। सूत्रों ने बताया कि इसके लिए सात नयी बटालियन और एक नया सेक्टर मुख्यालय स्थापित किया जायेगा। भारत-चीन सीमा के बीच आईटीबीपी के जवानों की बड़ी संख्या में तैनाती है। 9 हजार से अधिक जवानों के और शामिल होने के बाद बॉर्डर पर सुरक्षा ग्रिड को और मजबूती मिलेगी। मालूम हो कि एलएसी पर पिछले कुछ वर्षों में पूर्वी लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय और चीनी सेना के बीच कई बार झड़प हुई है। देपसांग के मैदानों और लद्दाख के चार्डिंग नाला क्षेत्र में कई पारंपरिक गश्त बिंदुओं तक पहुंच से वंचित होने की भी रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 70,000 रु./प्रति किलो |

## राँची समाहरणालय, राँची (बाल संरक्षण इकाई)

**गुमशुदा शिशु की सूचना (बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)**



. नाम– अंशु प्रिया
. लिंग– बालिका
. पिता का नाम– अज्ञात
. माता का नाम– अज्ञात
. पता– अज्ञात
. उम्र – अज्ञात
. रंग – गोरा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–28/01/2023 को अपराह्न 06:50 बजे मांडर थाना द्वारा एक नवजात बच्ची को करूणा एन०एम०ओ०, राँची में लाया गया है। वर्तमान में बालिका बाल कल्याण समिति, राँची के आदेशानुसार करूणा एन०एम०ओ० बरियातु, राँची में आवासित है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालिका के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, राँची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–

1. बाल कल्याण समिति, राँची राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, राँची। राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–111 सम्पर्क नम्बर–6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राँची। | जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची।

PR 290377 (District)22-23*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

पत्रांक– **अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना** हुसैनाबाद, दिनांक–

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-35/2022-23

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जगहत आहर का जिर्णोद्धार ग्राम –कामगारपुर – प्रखण्ड–हुसैनाबाद, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 26.116 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेबसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 23.02.2023 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.03.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 03.03.2023 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर। (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोट:– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 290389 (Minor Irrigation)22-23*D



## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-24/2022-23 Date – 15/02/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 20/02/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 27/02/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 28/02/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 01/03/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last Date for Receipt of e -Tender Hard Copy of Bid's Fee, Security & Other Document's at | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga till 28/02/2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 midloh632@gmail.com |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost (in Lac) | Cost of BOQ (in Lac) | Earnest Money (in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Bhandra | Construction of Toilet at Upswasthya Kendra at Vill- Bhitha. | 10.67186 | 0.02500 | 0.21400 | 2 Months |
| 2 | Bhandra | Construction of Toilet at Upswasthya Kendra at Vill- Bhauro. | 13.91594 | 0.02500 | 0.27900 | 2 Months |

Note: - Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga

PR 290363 Lohardaga (22-23)_D



## झारखण्ड सरकार कार्यालय जिला परिषद, गढ़वा

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– ZP/GARHWA/02/2022-23**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखण्डों यथा कांडी, डण्डई, गढ़वा एवं भवनाथपुर में संचालित विभिन्न 05 सी0एस0सी0 केन्द्रों को रिलोकेशन किया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/फर्म/ पार्टनरशिप से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचनापट्ट से प्राप्त की जा सकती है :–

कार्य की विवरणी वित्तीय वर्ष 2022–23

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गढ़वा जिला के (1) कांडी प्रखण्ड के पंचायत–बलियारी (2) डण्डई के पंचायत–झोतर (3) गढ़वा के पंचायत–तिलदाग (4) भवनाथपुर के अरसली (दक्षिणी) एवं अरसली (उत्तरी) सी0एस0सी0 केन्द का रिलोकेशन कार्य। | 05X240000.00= Rs. 12,00,000.00 | 24,000.00 | 2500.00 | 15 दिन |
| 2 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक–17.02.2023 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न | | | |
| 3 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–27.02.2023 समय 05:00 बजे अपराह्न | | | |
| 4 | अग्रधन जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक–01.03.2023 समय 03:00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक–02.03.2023 समय 02:00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गढ़वा। | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 8757148993 | | | |
| 8 | निविदा सेल का सहायता सम्पर्क नम्बर | 8540039848 | | | |

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गढ़वा

PR 290405 Rural Development(22-23)#D



## झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
### कार्यालय:– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला
### संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला –835207

E-mail ID –scogumla6@gmail.com

**आम सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड राँची का स्वीकृत्यादेश सं० 62 दिनांक 01.02.2023 द्वारा गुमला जिला में वित्तीय वर्ष 2022–23 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अंतर्गत Sub Mission on Agriculture (SMAM) उपयोजना हेतु अनुदान पर कृषि उपकरण बैंक में (अधिकतम 80 प्रतिशत) स्वयं सहायता समूह / Enterpreneurs / Lampus / Pacs / FPOs / Village Organization (V.O)/ कलस्टर फेडरेशन आदि के माध्यम से किया जायेगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला कृषकों/को व्यक्तिगत कृषि यंत्रों पर न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं अधिकतम 80 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जाना है, जो निम्न प्रकार है। आवेदन विहित पत्र में कार्यालय में उपलब्ध है जिसे निशुल्क प्राप्त कर पूर्ण भरा हुआ आवेदन दिनांक 25.02.2023 तक भूमि संरक्षण कार्यालय, गुमला या जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी, गुमला में जमा किया सकता है।

| क्र० | कृषि यंत्र का नाम | TSP भौतिक लक्ष्य | अधिकतम अनुदान (राशि लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 15 | 80 प्रतिषत या 8.00 लाख रू० |
| 2 | कोनोविडर | 21 | 50 प्रतिषत या 1200 रू० |
| 3 | मिनी राईसमील | 5 | 60 प्रतिषत या 240000 रू० |
| 4 | मिनी दालमील | 5 | 60 प्रतिषत या 150000 रू० |
| 5 | मेजसेलर | 5 | 50 प्रतिषत या 10000 रू० |
| 6 | नेपसेक स्प्रेयर | 21 | 50 प्रतिषत या 750 रू० |
| 7 | सोलर चालित नेपसेक स्प्रेयर | 20 | 50 प्रतिषत या 1800 रू० |
| 8 | पावर चालित नेपसेक स्प्रेयर | 21 | 50 प्रतिषत या 3100 रू० |
| 9 | प्लास्टिक मलचिंग मशीन | 5 | 50 प्रतिषत या 75000 रू० |
| 10 | सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील | 12 | 50 प्रतिषत या 18000 रू० |
| 11 | जीरो टील मल्टीक्रोप ड्रील | 12 | 50 प्रतिषत या 18000 रू० |
| 12 | रोटावेटर (5 फीट तक) | 12 | 50 प्रतिषत या 35000 रू० |
| 13 | मल्टीक्रोप थ्रेषर | 12 | 50 प्रतिषत या 40000 रू० |
| 14 | पैडीथ्रेषर | 12 | 50 प्रतिषत या 40000 रू० |
| 15 | पावरवीडर | 12 | 50 प्रतिषत या 25000 रू० |
| 16 | सीड ट्रीटिंग ड्रम | 27 | 50 प्रतिषत या 10000 रू० |
| 17 | एमबी प्लाव | 12 | 50 प्रतिषत या 30000 रू० |
| 18 | डिस्क प्लाव | 5 | 50 प्रतिषत या 30000 रू० |
| 19 | कल्टीवेटर | 12 | 50 प्रतिषत या 30000 रू० |
| 20 | केज व्हील | 12 | 50 प्रतिषत या 30000 रू० |
| 21 | फरो ओपनर | 5 | 50 प्रतिषत या 30000 रू० |
| 22 | रीजर | 5 | 50 प्रतिषत या 30000 रू० |
| 23 | पोटैटो प्लांटर | 12 | 50 प्रतिषत या 40000 रू० |
| 24 | पोटैटो डीगर | 12 | 50 प्रतिषत या 40000 रू० |

लाभुक का चयन :–

- इस योजना के कार्यान्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
- स्वयं सहायता समूहों के गठन मे 10–12 सदस्य का होना आवश्यक है।
- वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
- पूर्ण भरा हुआ आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय, गुमला या जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी, गुमला से जमा किया जा सकता है।
- अधिक जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता :–
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला –835207
E-mail ID –scogumla6@gmail.com

PR 290384 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23)D भूमि संरक्षण पदाधिकारी,गुमला।


### महागठबंधन सरकार में अराजक तत्वों का मनोबल ऊंचा होने का लगाया आरोप

# महाशिवरात्रि को धूमधाम एवं पारंपरिक रूप से मनाना सुनिश्चित कराये सरकार : दीपक प्रकाश

**पांकी में शिवरात्रि पर्व की तैयारी में अराजक तत्वों द्वारा बाधा डालने की घटना पर राज्य सरकार और लॉ एंड ऑर्डर पर दी प्रतिक्रिया**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने झामुमो की नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद महागठबंधन की सरकार में अराजक तत्वों का मनोबल सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है कि आये दिन आराजक तत्वों के द्वारा माहौल को खराब, अशांत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांकी में शिवरात्रि पर्व की तैयारी में अराजक तत्वों के द्वारा बाधा डालते हुए हिंसा फैलाने की कोशिश की गई है। इसकी भाजपा कड़ी निन्दा करती है। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून को हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।

**देवघर में शिवभक्तों की भावनाओं के विपरीत आदेश जारी होना अनुचित**

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का महान पर्व है। शिव बारात की तैयारी में जुटे भक्तों पर हिंसक आक्रमण, पत्थरबाजी, तोड़फोड़ करना यह किसी भी दृष्टि से क्षम्य नहीं है। शिवभक्त अपनी परंपरा के अनुसार वर्षों से ऐसी तैयारी करते हैं। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों की भावनाओं के अनुरूप तैयारी को पूरा कराना, शिव बारात में कोई विघ्न पैदा नही हो यह सुनिश्चित कराना, राज्य सरकार की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि देवघर जिला प्रशासन द्वारा भी शिव बारात की तैयारी में भक्तों की भावनाओं के विपरीत आदेश निकालना राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति को ही उजागर करता है। उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि तुष्टिकरण छोड़ शिवरात्रि पर्व को पूरे प्रदेश में परंपरा रीति रिवाज के अनुसार धूमधाम से मनाना सुनिश्चित करायें। विघ्न डालने वाले अराजक तत्वों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### नियमितिकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं अनुबंध स्वास्थ्यकर्मी

# अनुबंध कर्मियों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का आवास घेरा, नारेबाजी भी की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 8500 से ज्यादा अनुबंध चिकित्सा कर्मियों ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास का घेराव किया। घेराव करने पहुंचे अनुबंधकर्मियों ने जमकर प्रदर्शन किया। राज्य सरकार और मंत्री के खिलाफ नारे लगाये। मंत्री की अनुपस्थिति में उनके अवासीय कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर लौटे।

मालूम हो कि 17 जनवरी से राजभवन के समक्ष अनुबंधकर्मियों का प्रदर्शन जारी है। वहीं 24 जनवरी से 21 अनुबंध कर्मी आमरण अनशन पर हैं। अनशन के 23 दिन के बाद भी जब विभाग के मंत्री और अधिकारियों की नींद नहीं खुली, तब संघ ने बाध्य होकर स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया।

## आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं अनुबंध कर्मी

अनुबंध पारा चिकित्सा कर्मी संघ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि मंगलवार की शाम 6:00 बजे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता धरना स्थल पर आने वाले थे, लेकिन खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए वे नहीं आए। सरकार की अनदेखी से नाराज होकर सभी अनुबंध कर्मचारी उनके आवास पर पहुंचे हैं। अब हम सभी लोग आर पार की लड़ाई के मूड में हैं। संघ की एक सूत्री मांग है कि मेडिकल नियमावली 2014 के तर्ज पर सभी अनुबंध कर्मचारियों का समायोजन किया जाये।

## बढ़ायी गयी स्वास्थ्य मंत्री के आवास की सुरक्षा

इधर अनुबंधकर्मियों के प्रदर्शन को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। महिला जवानों की भी तैनाती की गई थी। इस दौरान झारखंड अनुबंधित नर्से और पारा मेडिकल कर्मी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग असंवेदनशील है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने आमरण अनशन स्थल पर आने का आश्वासन दिया था. लेकिन वह नहीं आये और ना ही अपना कोई प्रतिनिधि भेजें। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा तो आंदोलन को और तेज करेंगे।

बताते चलें कि पिछले 15 वर्षों से भी अधिक समय से अनुबंध पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी सेवा नियमित करने की मांग कर रहे हैं।

### राज्य की 42 हजार सहिया हड़ताल पर

# राज्यभर की सहिया का आज होगा मोरहाबादी में महाजुटान

**फिक्स मानदेय, इपीएफ और पेंशन की मांग को लेकर कर रही हैं प्रदर्शन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एनएचएम अनुबंध पारा चिकित्सा कर्मियों का आंदोलन लगातार जारी है। बीते 23 जनवरी से राज्य भर की 42 हजार सहिया भी हड़ताल पर हैं। राज्य सरकार के द्वारा जब कोई पहल नहीं की गयी है, तब झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ के बैनर तले गुरुवार को राजभवन के समक्ष धरना देने का निर्णय लिया गया है।

बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ मानी जाने वाली सहिया अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं।

**इन मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं राज्य की सहिया :** सहिया संघ की महासचिव माया सिंह ने कहा कि राज्य सरकार हमें एक फिक्स प्रोत्साहन राशि 18 हजार रुपये प्रतिमाह दें। साथ ही सहियाओं को राज्य कर्मी का दर्जा दे। 30 दिन कार्य दिवस के साथ 24 हजार प्रति माह मानदेय का भुगतान किया जाए। ईपीएफ और पेंशन का लाभ मिले। इसके साथ एक ठोस नियमावली विधानसभा से पारित करने की मांग की जा रही है।

**रैली की शक्ल में राजभवन के समक्ष जुटेंगी सहिया :** झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ ने राज्य भर की सहियाओं से अपील की है कि बड़ी संख्या में रांची पहुंचें। संघ द्वारा सभी को मोरहाबादी मैदान में जुटने का निर्देश दिया गया है। यहां से रैली की शक्ल में राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने के लिए सभी पहुंचेंगी।

## पीएम आवास योजना की स्वीकृति दें, अन्यथा कार्रवाई : राजेश्वरी बी

**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वित्त वर्ष 2021-22 में लंबित आवास स्वीकृति की जिलावार समीक्षा की। यह बात सामने आयी कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए दिये गये लक्ष्य में से 10881 लाभुकों को आवास प्लस सूची से आवास की स्वीकृति प्रदान किया जाना है, परंतु आवास प्लस की सूची में अयोग्य एवं नकली जॉब कार्डधारी के कारण अब तक 100% स्वीकृति का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पाया। मनरेगा आयुक्त ने निर्देश दिया कि दो दिनों के अंदर आवास प्लस सूची से अयोग्य लाभुकों को हटा दिया जाये। आयुक्त ने जिला एवं प्रखण्डवार रिमांड की जानेवाली सूची को कल तक अंतिम रूप देने को कहा है। आयुक्त ने कहा कि किसी भी हाल में योग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति प्रदान की जाये। जिन जिलों एवं प्रखंडों से स्वीकृति नहीं मिल पायेगी उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

### खबर एक नजर में

## देवघर में शिव बारात से पाबंदियां हटाने को हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

**रांची।** देवघर जिले में महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात का मामला झारखंड हाईकोर्ट तक जा पहुंचा है। जिला प्रशासन द्वारा जारी शिव बारात से जुड़े नियमों और रूट से संबंधित नोटिफिकेशन के खिलाफ गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। बता दें कि देवघर जिला प्रशासन ने शिव बारात में हाथी-घोड़ा शामिल नहीं करने, बारह फिट से ऊंची झांकी नहीं लगाने समेत कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसे लेकर शिव बारात आयोजन समिति ने आपत्ति दर्ज कराई है। शिव बारात से पाबंदियां हटाने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, दिवाकर उपाध्याय और पार्थ जालान पक्ष रखेंगे।

## बीजेपी सांसद निशिकांत को राहत बरकरार

**रांची।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत बरकरार है। झारखंड हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ 5 अलग-अलग मामलों में किसी तरह की पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और उनके जूनियर पार्थ जालान ने पक्ष रखा। अब अदालत अगले सप्ताह मामले में सुनवाई करेगा। अगली सुनवाई तक निशिकांत दुबे को मिली राहत जारी रहेगी। बता दें कि यह मामला हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की कोर्ट में सूचीबद्ध था, लेकिन उन्होंने अपनी बेंच में निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। बता दें कि मधुपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान सांसद निशिकांत दुबे पर आचार संहिता उल्लंघन के पांच अलग-अलग मामले दर्ज किये गये थे। इन मामलों में अदालत से निशिकांत दुबे को राहत मिली हुई है।

## विनीत अग्रवाल की अपील पर सुनवाई जारी

**टेरर फंडिंग मामला**

रांची। टेरर फंडिंग के मामले में आरोपी विनीत अग्रवाल की ओर से दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। अब कल यानी गुरुवार को फिर सुनवाई होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की। इससे पूर्व एनआईए की ओर से मामले में शपथ पत्र दाखिल गया। बता दें कि चतरा के टंडवा में मगध आम्रपाली कोयला प्रोजेक्ट में लोडिंग एवं खनन के लिए कार्य कर रही कंपनियों पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचाने समेत कई आरोप लगे हैं। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। वहीं रांची एनआईए की विशेष अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को प्रार्थी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। एनआईए ने टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 में टेकओवर किया था, अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में विनीत अग्रवाल समेत 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर धनबाद की इंदिरा कुमारी को वीमेन ग्लोबल प्राइड अवार्ड



**रांची।** रविदास विश्व महापीठ की राष्ट्रीय प्रवक्ता इंदिरा कुमारी को महिला सशक्तिकरण की दिशा में जागरूकता अभियान चलाने के लिए वीमेन ग्लोबल प्राइड अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इण्डिया में आयोजित ग्लोबल बिजनेस कॉन्क्लेव एंड ग्लोबल प्राइड अवार्ड-2023 समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य एवं टीम लक्की हिंदुस्तानी संस्थापक अरुण शर्मा लक्की हिंदुस्तानी, लायंस क्लब दिल्ली वेज के अध्यक्ष डॉ गौरव गुप्ता, पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा, डॉ राकेश गोयल सहित अनेकों जानी मानी हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

### आदिवासी अधिकार महारैली के बहाने झामुमो को दी चुनौती

# लोबिन के बाद चमरा, जिग्गा भी कर रहे झामुमो को घायल

**फायर ब्रांड लोबिन हेम्बरोम ने तो सीएम की जोहार यात्रा को ही कटघरे में किया खड़ा, स्थानीय और नियोजन नीति को लेकर झामुमोनीत सरकार को घेरा**





**उदय चौहान**

**रांची।** झामुमो विधायक और झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजक लोबिन हेंब्रम पिछले दो सालों से रूक-रूक कर झामुमो को चुनौती के बाणों से घायल करते रहे हैं। श्री हेम्ब्रम ने एक तरह से अपने ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले दिनों सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन को हटाने की मांग कर दी। इसके अलावा सीएम की जोहार यात्रा पर भी सवाल उठाया है। अब, अपेक्षाकृत निष्क्रिय माने जाने वाले विधायक चमरा लिंडा ने भी 16 फरवरी को रांची के प्रभात तारा मैदान में आदिवासी अधिकार महारैली का आयोजन की घोषणा की है। इसमें आदिवासी मुद्दे से जुड़ी 16 सूत्री मांगे रहेंगी। इस रैली में झामुमो के सिसई विधायक जिगा सुसारण होरो रहेंगे। दोनों नेता प्रभात तारा के मंच से अपनी हुंकार भरेंगे।

जानकारी यह भी है कि सीएम की भाभी जामा विधायक सीता सोरेन भी सरकार के काम-काज से खुश नहीं हैं। विधानसभा के विशेष सत्र में विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया था। दुर्गा सोरेन सेना नामक संगठन बना कर अपनी दो बेटियों को राजनीति में प्रवेश करा रही है। इससे भी सत्ताधारी झामुमो की साख पर बट्टा लग रहा है।


राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो तीन साल से सत्ता की मलाई काट रहे झामुमो को अब 'अपने' लोगों से ही खतरा उत्पन्न हो गया है। दिशोम गुरू शिबू सोरेन के साथ आंदोलनों में सक्रिय रहने वाले लोबिन हेम्ब्रम ने तो सीएम और झामुमो दोनों को सार्वजनिक रूप से कड़ी आलोचना की है। अब कह रहे हैं कि स्थानीय नीति व नियोजन नीति बनी नहीं तो किस बात की जोहार यात्रा निकाली जा रही है।

लोबिन हेंब्रम ने 4 मार्च को प्रमंडलीय सम्मेलन तो 24 फरवरी को बंद करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा 13-14 मार्च को विधानसभा के समक्ष धरना और 15 मार्च को विधानसभा घेराव की घोषणा की है। 18 मार्च को राजधानी रांची में रैली होगी। जबकि 21 और 22 फरवरी को पारसनाथ में आदिवासियों का जुटान करेंगे।

श्री हेम्ब्रम की झामुमो विरोधी गतिविधियों से राजनीतिक गलियारे में अलग कहानी सुनी जा रही है। वह अपनी ही सरकार के खिलाफ हमलावर हैं। उन्होंने 1932 खतियान के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरा। अब वे पारसनाथ पहाड़ी वाले विवाद को लेकर आंदोलन की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग मुझे पार्टी से निकालने की बात कर रहे हैं। लेकिन मुझे पार्टी से निकाल सकते हैं माटी से नहीं। उन्होंने कहा कि मैं उन्हीं बातों को उठा रहा हूं जो चुनाव के दौरान जनता से किये गये थे। कहीं न कहीं लोबिन ने झामुमो की दुःखती रगों पर चोट करना शुरू कर दिया है।

इधर, लंबे समय से निष्क्रियता के बाद विधायक चमरा लिंडा व जिग्गा सुशारण होरो ने भी आदिवासी मुद्दे पर आंदोलन का ऐलान कर दिया है। कहा तो जा रहा है कि चमरा लिंडा भी झामुमो की लाइन से हट कर काम कर रहे हैं। वे कुरमी महतो जाति को आदिवासी में शामिल करने का हर कदम रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। वह एसएआर कोर्ट तुरंत नया स्थापित करने की मांग सरकार से कर रहे हैं। आदिवासी मानव तस्करी रोकने के लिये सत्ताधारी दलों को चोट करने से चूक नहीं रहे हैं। जो हो, इन विधायकों के बागी तेवर से सत्ताधारी झामुमो के लिये मुश्किलें बढ़ती जा रही है। देखना दिलचस्प होगा कि इन विधायकों की बागी तेवर को झामुमो कैसे हैंडल कर पाती है।

## राज्यपाल ने मुख्य सचिव को पुस्तक भेंट की



*राज्यपाल रमेश बैस से राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने बुधवार को राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर राज्यपाल ने मुख्य सचिव को एक पुस्तक भी भेंट की।*

# राज्य सरकार ने राज्यपाल रमेश बैस को दी विदाई

**एजेंसी (हि. स.)**

**रांची।** कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में बुधवार को राज्य सरकार की ओर से राज्यपाल रमेश बैस के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित की गई। भावपूर्ण वातावरण में राज्यपाल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख ने सप्रेम पुष्पगुच्छ भेंटकर भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी रामबाई बैस को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरन ने सप्रेम बुके भेंटकर उनको भावभीनीं विदाई दी। मौके पर राज्यपाल रमेश बैस ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह, विधायक प्रदीप यादव, मथुरा महतो, सुदिव्य कुमार, उमाशंकर अकेला, राजेश कच्छप, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कई विश्वविद्यालयों के कुलपति, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, सचिव, महाधिवक्ता, पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




### शिव तांडव -काली तांडव होगा मुख्य आकर्षण

# शिव बारात में दिखेगी जीवंत झाकियां



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर रांची का शिवरात्रि को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन पहाड़ी मंदिर परिसर मे किया गया। विगत दो वर्षों के बाद पहाड़ी बाबा की बारात पूरे शहर में भ्रमण के लिए निकलेगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शिव पार्वती की आरती के बाद पहाड़ी मंदिर मुख्यद्वार से शिव बारात निकल कर गाड़ीखाना चौक, अपर बाजार, जेजे रोड, शहीद चौक, फिरायालाल चौक से होते हुए महावीर चौक,रातू रोड होते हुए श्री विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्कामोड़ जाएगी, जहां शिव-पार्वती जी का पूरे सनातनी विधि विधान से विवाह कराया जायेगा।

इस वर्ष की सारी झाकियां जीवंत होगीं, जिसमे शिव-पार्वती जी, राधा-कृष्ण जी का स्वरूप एवं भूत- पिचास मुख्यरूप से होंगे। शिव बारात में शिव तांडव एवं काली तांडव मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा, जिसमें 21 लड़कियां काली रूप मे काली तांडव करेंगी। ढोल, नगाड़े, ताशे एवं गाजेबाजे के साथ भव्य एवं विशाल पहाड़ी बाबा की बारात निकलेगी जो पूरे शहरवासियों के मन मोह लेगी।

प्रेसवार्ता में महासमिति के मुख्य संरक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, संरक्षक सुमित सिंह, संयोजक दीपक लाल, अध्यक्ष राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा दीपक नंदा, संजय कुमार, राजकुमार तलेजा, गगन कुमार, राजू काठपाल, जीतू अरोड़ा , गुलशन मिर्धा, कार्यकारी अध्यक्ष सह मंच संचालक भोलू सिंह, पिया बर्मन, संजना शर्मा, कुमकुम गुप्ता, उर्मिला चौधरी आदि शिव भक्त मौजूद रहे। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने दी। प्रेसवार्ता के बाद महाकाल का भव्य श्रृंगार, हल्दी एवं आरती की गयी जिसमें महिला शिव भक्त एवं महासमिति के सदस्य थे।

### खेल महोत्सव में तीन हजार से अधिक प्रतियोगी लेंगे हिस्सा

# सांसद खेल महोत्सव कल से, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी करेंगे उद्घाटन : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि तीन दिवसीय खेल महोत्सव का केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी 17 फरवरी को उद्घाटन करेंगे। श्री सेठ बुधवार को अरगोड़ा स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा व विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक होंगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को इस खेल से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस दौरान खेल महोत्सव के निमित्त मेडल ट्रॉफी टी-शर्ट लॉच किया गया। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी से 19 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### खेल महोत्सव के निमित्त मेडल ट्रॉफी टी-शर्ट लॉच



इस प्रतियोगिता में रांची लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रखंड और 53 वार्डों का प्रतिनिधित्व होगा। लगभग 200 पंचायतों से खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। 17 फरवरी को कार्यक्रम का भव्य उदघाटन अपराह्न तीन बजे होगा। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का दूसरा चरण नवंबर में आयोजित होगा। इस दौरान नामी खिलाड़ियों द्वारा मशाल प्रज्वलित की जायेगी जो लगातार तीन दिन तक यह मशाल प्रज्वलित रहेगी। 12 स्कूल के बच्चों के द्वारा बैंड द्वारा सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा- की धुन पर गीत प्रतियोगिता की जायेगी। जिस स्कूल के बच्चे अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। उस स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की जायेगी। उन्होंने रांची के सभी स्कूलों के प्रबंधक से अपील करते हुए कहा कि इस खेल महोत्सव में अपने बच्चों को अवश्य भेजें। ताकि आने वाले दिनों में इन बच्चों में भी खेल की भावना जागृत हो और खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन होगा। उन्होंने राज्य की जनता से अपील करते हुए कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस खेल महोत्सव में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें। झारखंड से जुड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। रांची से जुड़े पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों की उपस्थिति भी रहेगी। मौके पर मधुकांत पाठक, शिवेन्द्र दुबे, चंचल भट्टाचार्य, विनय जायसवाल, संदीप वर्मा शामिल थे।

### महोत्सव में छह प्रकार के खेल का आयोजन

इस महोत्सव में 6 प्रकार के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्द्धा होगी। इसमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, योगासन और कबड्डी को शामिल किया गया है। सभी प्रतियोगिताएं बहुत ही रोचक होंगी और इसके लिए अलग-अलग टीमें भी तैयार कर ली गई है। 3 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 650 से अधिक मेडल और ट्रॉफी प्रतिभागियों को दिए जाएंगे। तीन दिवसीय महोत्सव के लिए 3087 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

## एनआइए कोर्ट में महेश अग्रवाल समेत आरोपियों की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग से जुड़े मुकदमे का सामना कर रहे आधुनिक पावर कंपनी के तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल, कारोबारी अमित अग्रवाल, सुदेश केडिया एवं अजय कुमार की ओर दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एनआइए की ओर से जवाब दाखिल किया गया। मामले में अगली सुनवाई अदालत ने 24 फरवरी निर्धारित की है। चारों आरोपियों की ओर से मामले में निर्दोष बताते हुए तीन फरवरी को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की गई है। याचिका पर पहली सुनवाई चार फरवरी को हुई थी। उस दिन सुनवाई के दौरान एनआइए को जवाब दाखिल करने को कहा गया था। मालूम हो कि एनआइए ने चतरा जिले के टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 2/016 को फरवरी 2018 को टेकओवर करते हुए अनुसंधान कर मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसमें खुलासा हुआ है कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी व शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रहा था।

## आराधना बनीं रांची सदर की सीडीपीओ

**रांची (हि.स.)।** राज्य सरकार ने 22 बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों का तबादला किया है। धनबाद सदर की सीडीपीओ आराधना को रांची सदर का सीडीपीओ बनाया गया है। बुधवार को समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं अनुपमा मिंज को पतरातू रामगढ़, सविता कुमारी को डालटनगंज पलामू, नंदी रानी को भंडरा लोहरदगा, शीला कुमारी को छतरपुर, पलामू, सुशाना केरकेट्टा को गिरिडीह शहर, लक्ष्मी भारती गढ़वा सदर, रीना साहू सिमरिया, चतरा, अर्चना एक्का को गोड्डा ग्रामीण को सीडीपीओ बनाया गया है।

## शिव बारात आयोजन समिति का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर, रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। यह मुलाकात सीएम के कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में हुई। सीएम हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 फरवरी 2023 को महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री शिव बारात में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के



प्रतिनिधिमंडल से की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, संरक्षक सुमित सिंह, कलाकार प्रभारी राम सिंह, शिव बारात प्रभारी गगन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रोजेक्ट हाईस्कूल शिक्षक समायोजन का मामला

## प्रतिवादी जवाब दाखिल करें : हाई कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल के शिक्षकों के समायोजन और बकाया के मामले पर सरकार की अपील याचिका पर अब दो मार्च को सुनवाई होगी। बुधवार को प्रतिवादियों की ओर से जवाब दाखिल करने का समय देने का आग्रह किया गया। इस आग्रह को स्वीकार करते हुए जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत ने दो मार्च को सुनवाई निर्धारित की है। बुधवार को राज्य सरकार की ओर पक्ष रखते हुए अपर महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि 25 अप्रैल



2018 को राज्य सरकार ने एक नीतिगत निर्णय लिया था। जिसमें शर्त तय की गई थी कि प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल के किन-किन शिक्षकों को समायोजित किया जाएगा और किन स्कूलों को मान्यता दिया जाएगा।

यह नीति सुप्रीम कोर्ट के आदेश और आलम कमेटी की रिपोर्ट के मद्देनजर बनी है। एकल पीठ ने राज्य सरकार के इस नीति को बदलने का निर्देश दिया था, जो सही नहीं है। यह नीति सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर बना है। इसलिए इसे गलत नहीं ठहराया जा सकता। सरकार की ओर से यह भी कहा गया है कि एकल पीठ ने 5 सितंबर 2018 को प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल के शिक्षकों को समायोजित करने और बकाया वेतन देने का आदेश दिया था। जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर राज्य सरकार ने एक कमेटी गठित की थी। वर्ष 2007 में कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी थी। इस कमेटी की रिपोर्ट पर जो लोग योग्य थे उन्हें सरकार ने समायोजित किया। जो अयोग्य थे उनका दावा खारिज कर दिया।

# झारखंड के 13वें डीजीपी अजय कुमार सिंह के समक्ष 13 चुनौतियां...

### नये डीजीपी अजय कुमार सिंह ने डीजीपी का पदभार ग्रहण कर लिया

**कुबेर सिंह**


**रांची।** बिहार से अलग होकर झारखंड बने करीब दो दशक गुजर गये। इस दौरान कई सरकारें आयीं। राज्य में 12 डीजीपी बने। 13वें डीजीपी के रूप में राज्य सरकार ने आईपीएस अजय कुमार सिंह की नियुक्ति की लेकिन, अब नए डीजीपी को 13 चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। देखना यह है कि इन चुनौतियों से निबटने के लिए डीजीपी अपनी टीम के साथ किस प्रकार समन्वय बनाते हैं? नक्सलवाद की समस्या तब भी थी और आज भी है। हालांकि अब तक बने सभी डीजीपी इसे जड़ खत्म करने का वादा जरूर करती रहे। कई डीजीपी नक्सलवाद को खत्म करने के वादे के साथ रिटायर हो गए, सत्ता तक पहुंचे, लेकिन लोगों के लिए यह समस्या आज भी है।



**नक्सल** : 22 सालों के दौरान नक्सलियों से ज्यादा झारखंड पुलिस के जवान नक्सल हमले में शहीद हुए हैं। साल 2001 से लेकर 2022 तक 545 से ज्यादा पुलिस के जवान शहीद हुए हैं, वहीं नक्सलियों ने 1887 आम लोगों की हत्या की। पुलिस ने 319 नक्सलियों को मारा। फिर भी, नक्सलवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। झारखंड में आठ जिले चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला- खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू नक्सल प्रभावित हैं। झारखंड में 128 इनामी नक्सली हैं।



**कोयला तस्करी** : राज्य में कोयला तस्करी बढ़ गई है। कोयला तस्करों के द्वारा पुलिस पर हमला भी बोला जाता है। कोयला तस्करी रोकने में कई पुलिस अधिकारी एक्टिव हुए तो कई अधिकारी कोयला तस्करों के साथ कोयला की तस्करी में लिप्त हो गए। राज्य में अवैध रूप से कोयले का उत्खनन बंद करा पाना किसी चुनौती से कम नही है। अवैध कोयले के कारोबार में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे है।



**पशु तस्करी**: राज्य में गौवंशीय पशु की तस्करी भी धड़ल्ले से की जाती है। पशु तस्कर झारखंड से बंगाल के रास्ते बंगलादेश पशु तस्करी संगठित होकर कर रहे हैं। बीते साल तुपुदाना इलाके में पशु तस्कर द्वारा एक एसआई को कुचल दिया गया था। पशु तस्करों पर नकेल कसना भी नये डीजीपी के लिये चुनौती होगी। इसके अलावा पशु तस्करी मामले में राज्य में मॉब लिंचिंग की घटनाएं भी हो चुकी हैं।



**अपराध पर लगाम**: राज्य में हाल ही में हुई ताबड़तोड़ अपराधिक घटना देवघर गोली कांड समेत कई मामलों के चलते पटरी से उतरी कानून व्यवस्था को वापस ट्रैक पर लाना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। कई नामी अपराधी चेन छिनतई, लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं।



**साइबर क्राइम**: साइबर ठगी मामले झारखंड से ही नहीं बल्कि कई दूसरे राज्यों से भी झारखंड पहुंचते हैं। साइबर क्राइम को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह प्रशिक्षित होगी तो इन मामलों को निपटने में पुलिस को आसानी होगी। झारखंड का जामताड़ा साइबर अपराध के लिए देशभर में अपनी पहचान रखता है।



**सिपाहियों की प्रोन्नति**: सिपाहियों की प्रोन्नति के लिए बनायी गई वरीयता सूची का मामला भी हाईकोर्ट में है। पुलिस मुख्यालय ने पूर्व की सूची को निरस्त किए बिना ही नई वरीयता सूची तैयार की है। पूर्व में मुख्यालय ने वर्ष 2020 में प्रोन्नति के लिए फिट लिस्ट जारी की थी, उस लिस्ट में शामिल लोगों को प्रोन्नति नहीं दी गई और न ही उसे रद्द किया गया।



**महिला सुरक्षा** : पुलिस में 33 फीसदी महिलाओं की भागीदारी महिलाओं की सुरक्षा के लिए हैं। पुलिस मुख्यालय इसे 50 फीसदी तक ले जाना चाहते हैं। लेकिन, यदि महिला सुरक्षा की बात की जाए तो झारखंड में महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है और महिलाओं व युवतियों को जिंदा जलाया जा रहा है।



**ट्रैफिकिंग** : राज्य में मानव तस्करी एक अहम समस्या है। गांव की युवतियों, बालिकाओं को नौकरी का सब्जबाग दिखाकर उन्हें दूसरे राज्यों में ले जाया जाता है, फिर दलालों के द्वारा उनका सौदा कर दिया जाता है। मानव तस्करी भी डीजीपी के लिए एक चुनौती है।



**सिटी एवं हाइवे पेट्रोलिंग** : रांची, जमशेदपुर, सिमडेगा और खूंटी में हाईवे पेट्रोलिंग की समस्या है। हाईवे में कहीं ट्रक लूट लिया जाता है तो कहीं लूट के इरादे के हत्या कर दी जाती है। ऐसे में इसे रोकना भी एक चुनौती ही है।



**दंगा** : राज्य में दंगे की स्थिति अच्छी नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के विभिन्न जिलों में कहीं न कहीं, किसी बात को लेकर दंगा आदि को असामाजिक तत्वों के द्वारा अंजाम दिया जाता है। राज्य के कई जिलों जैसे रांची, हजारीबाग, सिमडेगा, पलामू, जामताड़ा इसकी चपेट में आ चुके हैं।



**ट्रैफिक की समस्या**: शहर में जाम की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। शहर में आए दिन लोगों को ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ता है। लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे लोगों को अपने काम पर जाने में देरी हो रही है। शहर में पुलिस चालान काट रही है लेकिन ट्रैफिक समस्या में सुधार नहीं हो रहा है। शहर में लोग सड़कों पर वाहन खड़े कर खरीदारी करते हैं। ट्रैफिक जाम में कई बार मुख्यमंत्री का काफिला फंस जाता है।

**डायल 100 डिजिटल** : राज्य पुलिस




ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से डायल 100 की व्यवस्था की शुरूआत की गई थी लेकिन, अब डायल 100 पर कॉल करने पर जल्दी रिस्पांस नहीं मिलता है। ऐसे में कई बार पीड़ित के साथ घटना घटित हो जाती है। इस व्यवस्था को भी दुरूस्त करना होगा।

**पुलिस में भ्रष्टाचार** : राज्य के



विभिन्न थानों में कई पुलिस कर्मी ऐसे हैं, जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। एसीबी के द्वारा इन पर समय- समय पर कार्रवाई भी होती है, लेकिन पुलिस का भ्रष्टाचार रूकने का नाम भी नहीं ले रहा है।

# डायसेसन पुरोहित अपना जीवन लोगों के विकास को समर्पित करें : कार्डिनल जिरेली

## रांची में हुई कांफ्रेंस ऑफ डायसेसन प्रीस्ट्स इन इंडिया की 19वीं राष्ट्रीय सभा में पुरोहितों ने लिया भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इस संसार में प्रत्येक मनुष्य के लिए ईश्वरीय बुलावा है। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है, जो ईश्वरीय बुलावे से बाहर है। इसलिए कांफ्रेंस ऑफ डायसेसन प्रीस्ट्स इन इंडिया (सीडीपीआइ) की 19वीं राष्ट्रीय सभा में आये पुरोहितों के लिए भी यह जरूरी है कि वे हम सभी को अपने मिशन में शामिल करें। लोगों के बौद्धिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विकास में अपनी सेवा व जीवन समर्पित करें। ये उद्गार पोप फ्रांसिस के भारत व नेपाल के प्रेरितिक राजदूत कार्डिनल लियोपोल्दो जिरेली के हैं।



डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित एसडीसी सभागार में बुधवार को उन्होंने सीडीपीआइ की 19वीं नेशनल मीटिंग में आये डायसेसन पुरोहितों को इसी आशीर्वचन के साथ संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सिनॉड यात्रा के माध्यम से पोप फ्रांसिस हम सभी को यही संदेश देते हैं।

सीडीपीआइ के संरक्षक बिशप वर्गीज चक्कलक्कल (कालीकट केरल ) ने इस मौके पर मीटिंग में उपस्थित तमाम डायसेसन पुरोहितों को संबोधित करते हुए तीन मूल बातो पर जोर दिया। कहा कि समर्पित सेवा के माध्यम से समाज व कलीसिया के लिए प्रतिबद्ध सभी डायसेसन पुरोहितों को इस बात का ध्यान रखना है कि समर्पित सेवकाई में लोगों के साथ अपना विश्वास बांटे। अपने पास जो भी धन है या अन्य सलाहियत है, वह भी दूसरों के साथ साझा करें, ताकि लोगों के जीवन में गुणात्मक व सकारात्मक बदलाव हो। मसीही हैं तो यह जरूरी है कि ख्रीस्तीय आदर्श निःस्वार्थ प्रेम, सेवा, दया, करुणा व क्षमा लोगों के साथ साझा करें। इस क्रम में उन्होंने अपना धन, समय, ऊर्जा, अपनी अच्छाई आदि को दूसरों के साथ बांटने व जीने पर जोर दिया। कहा कि ऐसा करने से ही हम समाज में बदलाव ला सकते है। जैसे परमेश्वर ने यीशु को संसार में भेजा, वैसे हमें भी भेजा है। इसलिए हम सभी परमेश्वर के जीवन और प्रेम को दूसरों के साथ साझा करें।

सीसीबीआइ नयी दिल्ली के डिप्यूटी जनरल सेक्रेटरी फादर स्टीफन अलथारा ने अपने संबोधन में चर्च द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कहा कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विकासात्मक गतिविधियों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में, विशेषकर ग्रामीण और गांवों में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम अपना जीवन और धन लोगों के साथ साझा करते हैं। उन्होंने भारत में सीसीबीआइ के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए दो वीडियो दिखाये। कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने विभिन्न चुनौतियों व कठिनाइयों के बीच जाति और पंथ, संस्कृति और समाज से ऊपर उठकर काम किया। बहुतों को बिना किसी गलती के भुगतना पड़ा। इसलिए हमें भी अपने रास्ते में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

### समूह में बंटकर पुरोहित 15 गांवों के ग्रामीणों के जीवनस्तर, भाषा व संस्कृति से हुए रूबरू

सीडीपीआइ की 19वीं नेशनल मीटिंग में आये डायसेसन प्रीस्टों को फादर स्टीफन अलथारा ने 15 समूहों में बांटकर सभी को खूंटी तथा रांची के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के जीवन स्तर, भाषा-संस्कृति, शैक्षणिक, सामाजिक व आध्यात्मिक स्थिति के साथ दशा-व दिशा अनुभव करने के लिए भेजा। पुरोहितों के समूह ने पतराचौली दबगना, खूंटी कपाड़िया, फुद्दी, जामगाईं, दिघिया बांदी, जारा टोली, बिनगांव, कुरसे, कर्रा और ब्रांबे के ग्रामीणों से मुलाकात की। डायसेसन पुरोहितों के उक्त 15 समूह के गांवों में पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति से उनका स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही, पुरोहितों के साथ ही अपनी जीवनशैली, भाषा संस्कृति, परंपरा, वेशभूषा व विभिन्न आयोजनों की जानकारी देते हुए अपनी दशा व दिशा से अवगत कराया। ग्रामीणों से विभिन्न बिंदुओं की वस्तुस्थिति सुनने और उनकी भाषा संस्कृति, रीति-रिवाज व अन्य बातों की सराहना की। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी पारिवारिक सदस्य की तरह अपनत्व के साथ सुना। इसके अलावा पुरोहितों के समूह ने स्थानीय ग्रामीणों की दशा व दिशा से अवगत होने के बाद ग्रामीणों द्वारा बतौर अतिथि सत्कार भोजन उपलब्ध कराये थे, उन्हें ग्रहण किया। इसके अलावे, स्वागत के दौरान पुरोहितों ने ग्रामीणो के साथ मिलकर नृत्य भी किया।

# नीरजा सहाय डीएवी में मनाया गया दीपोत्सव




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में बुधवार को दीपोत्सव मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शशिकांत कुमार एसडीओ मानगो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि ने अभिभावकों से बच्चों को बेहतर इंसान बनाने का सुझाव दिया। रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने कई प्रस्तुतियां दीं। अपने अभिभाषण में प्राचार्या किरण यादव ने उनके स्वर्णिम एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

# प्रोत्साहन मिले, तो कचरे का भी उपयोग घर और समाज को सुंदर बनाने में हो सकता है : डॉ वंदना

## बिटेक्सल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का हुआ शानदार समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआइटी मेसरा व लालपुर सेंटर के विद्यार्थियों की सोसाइटी बिटेक्सल के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का आयोजन दो भागों में हुआ था। प्रथम भाग कंप्यूटर आधारित कोडिड से संबंधित था, तो दूसरा भाग घरेलू कचरे या फिर बेकार साबित हो गयी उन वस्तुओं को पुनः साज-सज्जा के लिए तैयार करने से जुड़ा था।



प्रतिभागियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दिल जीत लिया। इसके लिए उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कृत करते हुए केंद्र की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने होनहार प्रतिभा को उत्साहित करते हुए कहा कि आज के युवाओं की प्रतिभाओं को अगर प्रोत्साहित किया जाये, तो हम कचरे का भी उपयोग घर और समाज को सुंदर बनाने में कर सकते हैं। ऋषि बोस व शेखर कुमार को प्रथम पुरस्कार, अरुणिमा व तियारा को द्वितीय पुरस्कार तथा प्राची कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

कंप्यूटर आधारित कार्यक्रम में प्रथम स्थान अदिति राव वर्मा व तेजल राज को मिला। इनको डॉ आशुतोष मिश्रा और डॉ अनीश हैदर ने पुरस्कार प्रदान किया। इस आयोजन में सोयायटी की अध्यक्ष भब्या रंजन ने किया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआइटी के ऊजार्वान सदस्यों की भागीदारी रही। मौके पर अभिकल्प, ऋषि कुमार, लक्ष्य, हर्ष, ऋषि चरण उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### जिन्होंने भगवान का आमंत्रण सुना वे कभी घाटे में नहीं रहे

**रांची।** अखिलविश्व गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सैकड़ों शिष्य साधक शांतिकुंज के मार्गदर्शन में बसंत पर्व में शामिल हुए। इसमें विश्वस्तरीय 40 दिवसीय गायत्री महामंत्र जपअनुष्ठान की प्रखर साधना व सामूहिक अनुष्ठान के संबंध समीक्षात्मक संवाद भी हुआ। इस महानुष्ठान की महापुर्णाहुति 7 मार्च फाल्गुन होली पुर्णिमा को संपन्न होगी। मौके पर भारतीय राष्ट्रीय आनलाइन जप-अनुष्ठान समूह की प्रतिनिधि रेखा पटवा ने बताया कि यह परम वंदनीया गुरुमाताजी (भगवती देवी शर्मा) की व अखंड दीप की जन्मशताब्दी (2026) हेतु, आसुरी शक्तियों के निरस्त्रीकरण तथा राष्ट्र के उज्वल भविष्य, प्रगति व सत्प्रवृत्ति-संवर्धन को लेकर यह सामूहिक अनुष्ठान महाकाल को समर्पित किया जा रहा है। पंडित श्रीराम शर्मा जी की उद्घोषणा है -मानव में देवत्व का उदय ,धरती पर स्वर्ग का अवतरण अब वह संकल्प निश्चित रूप से इस तपश्चर्या की सकारात्मक ऊर्जा से शीघ्र साकार होगा, ऐसा पूर्ण विश्वास हैं। अपने संवाद और संदेश के माध्यम से कहा कि जिन्होंने भगवान का आमंत्रण सुना व जुड़ा है ,वे घाटे में नहीं रहे।

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर 18 को

रांची। सीसीएल के गांधी नगर अस्पताल में 18 फरवरी 2023 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीसय शिविर में मैक्स सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल, नईदिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सिक डॉ राजीवराठी मरीजों का जाँच एवं चिकित्सीटय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद के मार्ग निर्देशन में कर्मचारियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिये चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल हर संभव प्रयास करता रहा है।

### पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल खत्म कराने की दिशा में सकारात्मक पहल हो : नायक

**रांची।** झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने बुधवार को कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता राजहित व जनहित में अपनी हठधर्मिता छोड़ें। वे 17 जनवरी से आंदोलन कर रहे अनुबंधित पारा चिकित्सकों, एनआरएचएम, जीएनएम, एएनएम, अनुबंधित कर्मचारियों की राजभवन के समक्ष हड़ताल और अनशन को अविलंब समाप्त कराने की दिशा में सकारात्मक पहल करें। स्वास्थ्य मंत्री सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उनकी मांगों को मानें, ताकि पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल खत्म हो और राज्यभर में वैक्सीनेशन सहीत 35 नेशनल प्रोग्राम का सफल संचालन हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी हड़ताल समाप्त करने की दिशा में ठोस पहल करने का आग्रह किया।

### बुंडू-तमाड़ से टाटा तक के मनमाने बस किराये पर लगे अंकुश : रमेश कुमार मुंडा

**तमाड़।** रांची से टाटा जाने वाली बसों में यात्रियों से मनमाना भाड़ा वसूला जाता है। ताजा मामला इन बसों में सफर करने वाले यात्री, जो बुंडू, तमाड़, भुइयांडीह, रंगामाटी से टाटा जाने के लिए सफर करते है, उनसे 200 से 250 रुपये तक जबरन किराया वसूला जाता है। रांची से टाटा चलने वाले बस संचालकों की मनमानी की शिकायत आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा के पास पिछले कई दिनों से मिल रही थी। हकीकत जानने के लिए आजसू नेता ने रियलिटी चेक किया। तो पता चला जहां बस संचालक किराए के तौर पर प्रति यात्री तमाड़ से टाटा के लिए 200-250 रुपए की वसूली करते हैं। आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा ने उपायुक्त रांची को ज्ञापन देकर रांची से टाटा चलने वाले बस पर बुंडू, तमाड़, भुइयांडीह, रंगामाटी से मनमानी किराया वसूली, यात्रियों से दुर्व्यवहार पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग किया एवं यात्रियों को निर्धारित भाड़ा की सेवा उपलब्ध की मांग की है।

# बालाजी मंदिर में आज मनेगा विजया एकादशी पर्व

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया नाम की एकादशी व्रत को लेकर गुरुवार को विशेष अनुष्ठान होंगे।

जानकारी के अनुसार कल्याण मूर्ति भगवान श्रीवेंकटेश्वर की त्रिवेणी नेत्र दर्शन का भी शुभ फलदाई दिवस है। यह उत्तम दिन का संयोग प्राप्त होने से इस एकादशी तिथि का महत्व और भी बढ़ जाता है ।यह विजया एकादशी सब पापों का अपहरण करने वाली है। यह व्रत बहुत ही प्राचीन, पवित्र और पाप नाशक है।

यह व्रत जनक नंदिनी सीता जी के अपहरण के बाद आदि देव पुराण पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र ने महामुनि बकदाल्भ्य के बताने पर किया था।

### व्रत करने की विधि

दशमी का दिन आने पर एक कलश स्थापित करें। उस कलश को जल से भरकर उसमें आम्रका पल्लव डालें । उसके ऊपर भगवान नारायण के सुवर्णमय विग्रह की स्थापना करें। फिर एकादशी के दिन प्रातः काल नित्य क्रिया स्नान आदि करके कलश को पुनः स्थिरता पूर्वक स्थापित करें। माला, चंदन, पुष्प, सुपारी तथा नारियल आदि के द्वारा विशेष रुप से उसका जानकार पंडित से पूजन करावें । कलश के ऊपर सप्तधान्य और जौ रखें । गंध, धूप, दीप और भांति-भांति के नैवेद्य आदि से पूजन करें। दिन भर उत्तम कथा वार्ता करें। अखंड व्रत की सिद्धि के लिए घी का दीपक जलावे। द्वादशी के दिन कलश को विधिपूर्वक जलाशय के समीप विसर्जन करें।

# पांकी प्रखंड के उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई हो : विहिप

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि पलामू जिला के पांकी प्रखंड में महाशिवरात्रि पूजन की तैयारी में जुटे लोगों पर उपद्रवियों द्वारा हमला किया जाना तुष्टिकरण की नीति परिणाम है। उन्होंने कहा कि तोरण द्वार लगाने का जिहादियों के द्वारा विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है। विहिप इस घटना की कड़ी निंदा करता है। प्रशासन इस घटना में संलिप्त जिहादियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि झारखंड में आये दिन हिंदू पर्व त्यौहार अथवा शोभायात्रा पर पत्थरबाजी करना अथवा विरोध करना जिहादी मानसिकता वालों के लिए आम घटना बनती जा रही है।उन्होंने कहा कि आने वाले महाशिवरात्रि सहित अन्य शोभायात्रा के निमित्त कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करे।

# बुंडू प्रखंड के एदलहातु में कॉलेज छात्रों के साथ बजट पे चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के एदलहातु पंचायत में अमानत अली इंटर कॉलेज में बजट पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन और संचालन भाजपा, रांची जिला ग्रामीण, युवा मोर्चा के अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता भाजपा रांची ग्रामीण जिला के संगठन प्रभारी विनोद सिंह ने विस्तार से बजट के बारे में छात्रों को बताया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अमानत अली इंटर कॉलेज के प्राचार्य अल अली अराफात ने की।

विनोद सिंह ने कहा कि, इस बार का बजट छात्रों, किसानों, व्यापारियों के हित में किया गया, जनजातीय विभाग द्वारा भी इस क्षेत्र के विकास के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय खोले जायेंगे, इन्होंने कॉलेज एवं हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को शिक्षा को आगे बड़ने की बाते कही।

कॉलेज के प्राचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किए जिसका छात्रों पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा,ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को सरकार द्वारा चल रही योजनाओं के बारे में पता चलता है।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन भाजपा बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यापक मयंक मिश्रा, श्वेता जायसवाल, विकास शर्मा सहित कॉलेज के कर्मचारी और छात्र छात्राएं सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए।

# सुरेश्वर महादेव मंदिर में 18 को धूमधाम से मनाया जायेगा महाशिवरात्रि पर्व

## रांची के चुटिया में केतारी बगान स्थित सुरेश्वर धाम में 8 मई 2022 को हुई थी शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुरेश्वर महादेव मंदिर, सुरेश्वर धाम, केतारी बगान चुटिया रांची के द्वारा 18 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। विगत वर्ष 8 मई को इस मंदिर में बाबा भोले नाथ के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी, इस नाते इस साल मंदिर समिति को अपने मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि मनाने का पहला अवसर मिल रहा है। इसलिए मंदिर समिति के सभी सदस्य महाशिवरात्रि को भव्य और धूमधाम से मनाने में जुटे हुए है।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 फरवरी को प्रातः 4:00 बजे भगवान भोले नाथ का रुद्राभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात शिव के भक्तों के लिए द्वार खोल दिया जाएगा ताकि शिव भक्त जलार्पण एवं पूजा पाठ कर सकें। भारी भीड़ के अंदेशा को देखते हुए बैरीकेटिंग कर महिला एवं पुरुषों के लाईन को अलग किया जाएगा जिससे की पूजा अर्चना में परेशानी न हो। महाशिवरात्रि का मुख्य आकर्षण शिव बारात होगा जो संध्या 6:00 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी और महादेव मंडाल मैदान होते हुए ऐतिहासिक राम मंदिर जाएगी। वहीं मंदिर में भगवान भोलेनाथ एवं मां पावती की विवाह संपन्न होगा। इस बारात में ढोल, मांदर और तुरतुरी बजाते हुए घोड़ा नाच के साथ कानपुर और इंदौर से आए कलाकार भव्य झांकी पेशा करेंगे। स्काई इवेंट के कलाकार भगवान भोले नाथ और मां पार्वती का रुप धर अपने सहयोगी कलाकारों के साथ सजे हुए वाहन में एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत करेंगे। दूसरे रथ रुपी वाहन में प्रसिद्ध भजन गायकों की टोली अपनी गायन कला प्रस्तुत करेंगे। घोड़े के रथ पर भगवान भोले नाथ का रुप लेकर बारात में शामिल होंगे। इस भी कार्यक्रमों में भक्तों की भारी भीड़ होने की संभावना है। उसे देखते हुए आयोजन समिति ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि महाशिव बारात को सुचारु रुप प्रदान करने में सहयोग करें। कार्यक्रम को भव्य रुप देने में सुरेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष सुरेश साहू के नेतृत्व में पद्मश्री मुकुंद नायक, महासचिव संतोष कुमार,संरक्षक आलोक कुमार, संजय कुमार, डॉ राजेश गुप्ता, कृष्णा साहू, नंदू ठाकुर, विक्रम साहू,गोपाल प्रसाद, गौतम साहू, रितिक राज, प्रकाश कुमार, उमेशा केसरी, मनपुरन नायक,किशोर नायक, धनंजय सिंह, रामशरण तिर्की, राकेश कुमार, मन्नु भैया, अमित कुमार, कलेश्वर साहू, नरेन्द्र साहू एवं मंदिर के मुख्य पुजारी सच्चिदानंद बाबा, बबलू बाबा का महत्वपूर्ण योगदान है।

### महाशिवरात्रि पर पहली बार डोरंडा में निकलेगी भव्य शिव बारात

**रांची।** डोरंडा में पहली बार महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दो दिवसीय शिव विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शिव मंदिर के आचार्य आशुतोष मिश्रा ने बताया कि शोभायात्रा 18 तारीख को धापू कुआं उसे कुमा टोली होते हुये डोरंडा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर महावीर मंदिर पहुंचेगी। 17 तारीख को अपरा? तीन बजे भगवान शिव माता पार्वती का शुभ हल्दी संध्या 4 मेहंदी एवं संगीत संध्या 7 बजे, श्री पार्वती का श्रृंगार एवं आरती संपन्न होगा। 18 तारीख को भव्य शिव बारात 3 बजे से खुशी से निकलेगी। संध्या आठ बजे जयमाला महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। इस निमित्त बुधवार को तैयारी बैठक की गयी। इसमें संजय पोद्दार सहित अन्य उपस्थित थे।

# मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन 6 मार्च को

**रांची।** कवि सम्मेलन आयोजन समिति रांची के तत्वावधान में होली के शुभ अवसर पर 6 मार्च को रात्रि 9:30 बजे से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम हेतु ललित कुमार पोद्दार को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया है। कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष- विनोद कुमार जैन, सचिव- पवन पोद्दार, कार्यक्रम संयोजक- ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता- संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि हास्य कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध हास्य कवि अरुण जैमिनी, सुरेश अलबेला, केसरदेव मारवाड़ी, विनीत चौहान, राव अजातशत्रु, कवित्री गौरी मिश्रा सहित अन्य कई कवि भाग ले रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### अज्ञात वाहन ने भैसा को मारा टक्कर, भैसा का हुआ मौत

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र टांगटांग मोड़ के समीप मंगलवार की रात सिल्ली-रँगामाटी सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तिलाईपीड़ी गांव के दिवाकर महतो के एक भैंसा की मौत हो गया है। और एक भैसा बाल बाल बंच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को दिया।सुबह घटना की सूचना मिलते ही उपप्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गंझु, पूर्व मुखिया सुरेंद्र सिंह मुंडा, महकम महतो, माहीन महतो, तुलसी महतो, अनूप सिंह मुंडा पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। ग्रामीणों ने बताया कि पशुपालक को तीस हजार रुपये की आर्थिक नुकसान हुआ। पीड़ित पशुपालक ने प्रशासन ने मुआवजा की मांग किया है।

### मोटरसाइकिल के टक्कर से एक घायल

**राहे।** पोआदिरी गांव के समीप दो मोटरसाइकिल से टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हुआ है। घटना बुधवार 12 बजे दिन के आसपास की है। ग्रामीणों के अनुसार एक मोटरसाइकिल से सवार एक व्यक्ति राहे की ओर आ रहा था था एक अन्य मोटरसाइकिल सवार ने विपरीत दिशा से आकर टक्कर मार दिया। टक्कर से एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति जो उरांवडीह गांव का मोहन महतो है ।गम्भीर रूप से घायल हुआ है। लोगों की मदद से इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया। टक्कर के बाद अन्य मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति फरार हो गया।

### मांडर विधायक ने विवाह भवन का किया शिलान्यास

**इटकी।** इस्लाहुल ऐराकींन कम्युनिटी हॉल प्रांगण में विधायक कोष से विवाह भवन का शिलान्यास बुधवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शिलापट से पर्दा हटा कर किया। मौके पर एक समारोह आयोजित कर जेपीएससी के सफल चार विद्यार्थियों को मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले शबा अल सईद, मोनीश अतहर, डॉ साइमा आफरीन, मो तारिक आलम शामिल हैं। इसके अलावा जमीयतुल मोमेनीन इटकी के नवनिर्वाचित सदर तस्लीम अहमद, सेक्रेटरी रकीब अंसारी, नायब सदर अफरोज अंसारी, नायब सेक्रेटरी सज्जाद हुसैन, इस्लाहल ऐराकींन कमिटी के नवनिर्वाचित सदर, अकील अहमद, सेक्रेटरी मो मोइनुद्दीन व नायब सदर इम्बेशाद आलम को विधायक के हाथों शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विधायक के आगमन पर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रखंड प्रमुख किरण उरांव, हाजी मुस्लिम, मौलानां मुनिरुद्दीन, मुरतेजा आलम, राजन किस्पोट्टा, तौफीक आलम, अब्दुल जब्बार, हाजी फिरोज सहित अन्य शामिल थे।

### नाटक के माध्यम से दुर्घटना के परिणाम समझाने की कोशिश

**कुमारधुबी।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कर्मियों ने नाटक के माध्यम से वाहन चलाते हुए दुर्घटना के परिणाम दिखाए। क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की'लेकिन दिन-रात पुलिस समझाने के बाद बार-बार लोगों को समझाने की कोशिश करती है, लोग वही गलती कर रहे हैं, बिना हेलमेट सीट बेल्ट के गाड़ी चलाना पुलिस इतनी अच्छी एक्टिंग कर लोगों को समझाने की कोशिश कर रही है। हेलमेट पहने और खुद को बचाएं।

# अलग अलग जगहों पर युवक और युवती का शव बरामद


खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** बुधवार को पुलिस ने थानाक्षेत्र के तुंबागुटटु से एक शव बरामद किया। जिसकी शिनाख्त गांव के ही अंकित लोहरा 18 वर्स के रूप में की गयी। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अंकित के परिजनों के द्वारा 25 जनवरी को थाने में उसकी गुमशुदगी की रिर्पोट दर्ज करायी गयी थी। जिसके बाद पुलिस छानबीन में जुटी थी। थानेदार तिवारी ने बताया कि अंकित का शव गांव से बाहर हेथु जानेवाली सडक से काफी दुर एक चाहरदीवारी के अंदर बने कुंए से मिला। शव सड़ गल गया था पर उसकी जेब में मिले मोबाईल फोन से उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया है।

इधर दुसरी ओर पुलिस ने थानाक्षेत्र के नामकुम आरओबी के नीचे स्थित पुल से एक महिला का अधजला शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और भीख मांग कर अपना उसी पुलिया के नीचे रहती थी। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। महिला की उम्र लगभग तीस वर्स बतायी जा रही है।

## भूमि विवाद का समाधान न होने के विरोध में दुकानें बंद



**इटकी।** मौसीबाड़ी भूमि के विवाद का समाधान प्रशासन द्वारा नहीं किये जाने के विरोध में बुधवार को इटकी में एक वर्ग की दुकानें व प्रतिष्ठान बंद रहे। बुधवार को लगने वाले इटकी हाट पर भी दुकाने कम लगी। बंद का आह्वान सरना सनातन ने किया था। बंद के कारण इटकी - रांची मार्ग पर यात्री बसों सहित अन्य वाहनों का आवागमन कम रहा। कई निजी स्कूल बंद रहे। यूनियन बैंक, ग्रामीण बैंक व इंडियन बैंक में काम बाधित रहा। इधर बंद के दौरान सनातन धर्मावलंबियों द्वारा सीओ को पुनः ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मौसीबाड़ी की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को मुक्त कराते हुए इसे सुरक्षित करने व इटकी बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गयी है। अंचलाधिकारी को सौंपी गई मांग पत्र में आलाधिकारियों को अवगत कराने की बात कही गई है। इधर स्वामी जगन्नाथ मंदिर परिसर में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने एक बैठक में कहा कि मामले का समाधान शीघ्र नहीं किया जाता है तो व्यापक आंदोलन चलाया जायेगा।

## एक नजर में

### वैश्य समाज के संगठन को मजबूत करने को लेकर बैठक संपन्न



**तमाड़।** पिछडा. वैश्य मोर्चा की बैठक बुधवार को तमाड़ के डोडेय़ा में उपेन साहू विवाह हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता मथुरा प्रसाद साहू ने किया। पांच परगना क्षेत्र के वैश्य समाज के लोग उपस्थित हुए। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ साथ सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय लिया गया। यह बैठक समाज के हित में कार्य करेंगी इसके लिए समाज के लोगों को एकजुट करने का निर्णय लिया गया। संघ का सम्मेलन 26 फरवरी को होली मिलन समारोह के साथ होगी यह संगठन पूर्ण रूपेण वैश्य समाज से जुड़े लगभग 10 जातियों का प्रतिनिधित्व करेगी। 26 फरवरी को आपसी मिलन के साथ वनभोज का आयोजन किया गया है। 26 तारीख को ही पिछड़ा वर्ग मोर्चा का नामकरण किया जाएगा। बैठक में अरुण कश्यप, राजेंद्र साहू, कीस्टो साहू, प्रदीप साहू, अनिल साहू, पिंकू गुप्ता, जगदीश गुप्ता, रमेश भगत, विक्की गुप्ता, प्रेम गुप्ता, बलिभद्र साहू, किशोरी साहू समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### सुरेश्वर महादेव मंदिर से निकलेगी शिवबारात, पहली बार मनेगी महशिवरात्री

**नामकुम।** राँची के एतिहासिक केतारी बागान स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में पहली बार महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति के महासचिव संतोष कुमार ने बुधवार को मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 18 फरवरी को धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। इस दिन सुबह 4 बजे भगवान भोले नाथ का रुद्राभिषेक किया जायेगा। इसके बाद व्यवस्थित तरीके से भक्त भी जलार्पण करेंगे,संध्या में महाआरती के बाद शिव बारात निकाली जाएगी जो महादेव मंडा होते प्राचीन श्री राम मंदिर तक जायेगी। मंदिर में ही माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ का विवाह संपन्न होगा। वहीं संतोष कुमार नें बताया कि शिव बारात में पारंपरिक घोड़ा नाच और कानपुर और इंदौर से आने वाले कलाकार भव्य झांकी पेश करेंगें। ढोल मांदर और तुरतुरी बजाते बारात राम मंदिर पहुचेंगी।

## बेड़ो : चलती सवारी ऑटो में अचानक लगी आग



धू धू कर जलता सवारी ऑटो

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी मोड़ से लापुंग जाने वाली सड़क पर नेहालु पतराटोली मोड़ के समीप बुधवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे यात्रियों से भरी हुई ऑटो में अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। वही ऑटो पर सवार यात्री और चालक बाल बाल बचे,किसी तरह सभी ने भागकर अपनी जान बचाई, जिसके बाद ऑटो सड़क किनारे धू-धू कर जलता रहा। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ ग्रामीणों की भीड़ लग गई। नेहालु पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने बताया कि ऑटो बेड़ो से लापुंग जा रही थी। जहां पतराटोली मोड़ के समीप अचानक चलती ऑटो में आग लग गई जिससे ऑटो पर सवार यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। हालांकि ऑटो के इंजन से धुआं निकलता देख चालक ने तुरंत ऑटो को सड़क किनारे कर रोक दिया और चालक सहित सभी बाहर आगए। इसके बाद ऑटो का इंजन धु धु कर जलने लगा। सड़क ऑटो के जलने का वीडियो सामने आया है, जिसमें साफ तौर से दिखाई दे रहा है। किस तरीके से ऑटो में आग लगी हुई है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पांच का चयन

## चार अजमेर शरीफ और एक फतेहपुर सिकरी रवाना

- बीडीओ हरिशंकर ने दी विदाई
- तरक्की और शांति की करें दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता



तीर्थयात्रियों के साथ बीडीओ व अन्य।

**रातू।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर पांच बीपीएलधारियों का चयन मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिये किया गया। इसमें फुटकल टोली के गफ्फार अंसारी, हासिम अंसारी, अजीम अंसारी व नूरहसन अंसारी शामिल हैं। इनके इच्छा अनुसार, इन्हें अजमेर शरीफ दरगाह भेजा गया। जबकि, सिमलिया के मो शमीम मंसुरी फतेहपुर सिकरी भेजे गये। बीडीओ हरिशंकर बारिक ने बुधवार की शाम तीन बजे मुख्यालय से यात्रियों को विदाई दी। इस दौरान श्री बारिक ने तीर्थयात्रियों से देश की तरक्की और मुल्क में शांति के लिये दुआ करने की अपील की। मौके पर कल्याण पदाधिकारी अलख सिंह, प्रधान सहायक राजीव कुमार सिंह, जमालुद्दीन अंसारी, मंजर आलम, राजीव कुमार व पंचायत सचिव मोख्तार अंसारी आदि मौजूद थे।

### जानें क्या है योजना

योजना के तहत इन्हें पैकेज दिया गया है। इनका एक सप्ताह का सफर है जत्था 17 की रात गंतव्य स्थान पहुंचेगी। 22 फरवरी की शाम यात्रियों की वापसी होगी। इंडियन रेलवे की आईआरसीटी कंपनी की ओर से रहने व खाने-पीने की सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। वह जरूरत की सामान साथ ले गये हैं।

**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण)**

कियोस्क आवंटन हेतु सूचना

खूँटी जिला के अल्पसंख्यकों के आर्थिक उन्नयन हेतु छोटे–छोटे व्यवसाय के लिए खूँटी जिला अंतर्गत प्रखण्ड कार्यालय परिसर, कर्रा एवं प्रखण्ड कार्यालय परिसर, मुरहू में निर्मित एक–एक यूनिट कियोस्क का आवंटन किया जाना है। उक्त हेतु कर्रा एवं मुरहू प्रखण्ड के अल्पसंख्यक समुदाय (सिख, मुस्लिम ईसाई, जैन, बौध तथा पारसी) के अर्हता पूरी करनेवाले इच्छुक आवेदकों से आवेदन विहित प्रपत्र में दिनांक 22.02.2023 तक आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शर्तें www.khunti.nic.in तथा कार्यालय के सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन–पत्र किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय अवधि में जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में जमा किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी।

PR 290349 District(22-23)D

# उलास के साथ संपन्न हुआ घूरती सतिघाट टुसु मेला

खबर मन्त्र संवाददाता



मेले में नृत्य करते कलाकार

**सोनाहातू।** पांच परगना का प्रसिद्ध सतिघाट टुसु मेला का घूरती मेला बुधवार को उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मेले को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। मेले में वक्ताओं ने कहा कि हमें अपनी लोक सांस्कृतिक विरासत को बचाने की जरूरत है। मेला से हमें आपसी तालमेल को मजबूत बनाने का संदेश देता है। हमें अपनी सांस्कृतिक और परंपरा की रक्षा स्वंय करनी होगी।सतीघाट मेला के महत्व को देखते हुए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखंड सरकार के द्वारा सरकार की जनउपयोगी विषयों पर प्रचार प्रसार करने हेतु नागपुरी गीत नृत्य के लिए लक्ष्मीनाथ महतो के टीम न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र बुढ़मू रांची, तथा छऊ नृत्य के लिए विशेश्वर महतो के टीम शिव शक्ति छऊ नृत्य पार्टी सालिसेरेंग सिल्ली ने मेला परिसर पर अपनी कला के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी दिये। मेला में बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की टीम ने पाता झूमर नाच का आयोजन किया गया था। मेला को सफल बनाने में पंचायत के मुखिया सुभद्रा देवी, मेला समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह मुंडा, अशोक महतो, गौतम सिंह देव, माधव सिंह मुंडा, महानंद पुराण , विरिंचि पुराण, राजेश्वर कोइरी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सड़क दुर्घटना में दो छात्रों की मौत, शोक सभा आयोजित



**पिपरवार।** पिपरवार विकास विद्यालय के दो छात्रो की हुई सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत को लेकर पिपरवार विकास विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। पिपरवार विकास विद्यालय के छात्र केवल कुमार,पिता गणेश कुमार महतो, एवं संजय कुमार पिता गणेश्वर महतो, ग्राम बन्हे निवासी की विगत दिनों टंडवा प्रखंड के बसरिया मोड़ स्थित सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई थी । इस शोक सभा के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रमाकांत महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार महतो पूर्व अध्यक्ष नागेश्वर महतो द्वारा दोनो छात्रो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक तीजु महतो, चंद्रशेखर आजाद, सुदर्शन महतो, सहित काफी संख्या में शिक्षक छात्र एवं विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
**समग्र शिक्षा**

**अल्पकालीन निविदा**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित 04 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (कोडरमा/जयनगर/मरकच्चो/सतगावाँ), 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय (चन्दवारा/डोमचाँच) एवं 01 नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय (डोमचाँच) में आवश्यक खाद्य पदार्थ /अखाद्य पदार्थ एवं अन्य सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन सक्षम आपूर्तिकर्ता से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म या एजेंसी जिनके पास आयकर एवं जी0एस0टी0 स्वच्छता प्रमाण पत्र है (हरी सब्जी,फल,मिठाई एवं मांसाहारी सामग्री को छोड़कर) वे निविदाएँ भरने के लिए योग्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16/02/2023 से 02/03/2023 तक कार्यालय दिवस के पूर्वाहन 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा, समाहरणालय भवन, राँची–पटना रोड, कोडरमा कार्यालय से पैकेजवार 500 रू0 (पाँच सौ रूपया) डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के माध्यम से शुल्क (अप्रतिदेय) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक 16/02/2023 से 04/03/2023 अपराह्न 05:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सुरक्षित रूप से बंद (Seal) लिफाफे में निविदा के साथ तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा खोलने की तिथि की सूचना अगल से दी जायेगी। तकनीकी निविदा के साथ अग्रधन राशि जो SSA कोडरमा के पक्ष में होगा तथा कोडरमा शाखा पर भुगतेय होगा।

प्रकाशित निविदा को आंशिक या पूर्णतः संशोधन एवं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा, जिसे चुनौती नहीं दी जा सकती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

PR 290387 (School Education and Literacy) 22-23 (D)

### मृत पारा शिक्षक के परिजन को 40000 रुपए का सहयोग

**सिकिदिरी।** प्रखंड के सहायक शिक्षक संघ के द्वारा बुधवार को उत्क्रमित प्रावि लधुपटोली के पारा शिक्षक स्व हरखनाथ भोगता के परिजनों को 40000 रुपए देकर सहयोग किया। सहयोग राशि मृतक की पत्नी अनिता देवी को सौंपा गया। स्व हरखनाथ भोगता लाधुप टोली के ग्राम प्रधान भी थे। विगत आठ फरवरी को किडनी की बीमारी से उनकी मौत हो गई। इस मौके पर प्रखंड सहायक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र महतो,सीताराम महतो,कालीचरण महतो,भीम महतो,रंथु भोगता,राधाकृष्ण भोगता,राजनाथ महतो,राजेन्द्र दास गोस्वामी,मोहन महतो,दिलीप महतो,गोविंद महतो व अन्य शमिल थें।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यार्थियों को दी गई बिदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद में बुधवार को दशम वर्ग भैया बहनों की विदाई हेतु समारोह का आयोजन कर भैया- बहनों को विदाई दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख दीपा उरांव एस के अग्रवाल, एके कर्ण, प्रमुख दीपा उरांव, एस के अग्रवाल, मुखिया शांति मुंडा, विजय चौधरी, आलोक जैन, शिवाजी सिंह, अजय नंदन, शिवेंद्र लाल प्रामाणिक व सरोज देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कक्षा नवम के छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत गाये तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी किये। अंक उतने मायने नहीं रखते। जितना ज्ञान रखता है। उन्होने विधार्थियों को शुभकामनाएं भी दी।

### सांइस लैब का हुआ उद्घाटन

इससे पूर्व विद्यालय परिसर में साइंस लैब का उद्घाटन भी किया गया। मौके पर प्राचार्य सेवा राम महतो गौरीशंकर मुंडा, भोला महतो, जितेंद्र उरांव, आचार्य वीरेंद्र कुमार, रामचंद्र महतो, विक्रम बैठा, प्रीति कुमारी, शिवशंकर महतो व अन्य मौजूद थें।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना,
ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-30/2022-23
पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | करीमनडीह तालाब का जिर्णोद्वार ग्राम–मोकहर कला–प्रखण्ड–हैदरनगर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 88.524 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेबसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 23.02.2023 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.03.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 03.03.2023 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण, प्रमंडल रॉची। |

नोट:– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 290378 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

# पांच दिवसीय एसएसपी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

- शिक्षा तथा खेल के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करें : शिल्पी नेहा तिर्की
- सामुदायिक पुलिसिंग के तहत रांची पुलिस के तत्वाधान में एसएसपी कप फुटबॉल टूनार्मेंट का हो रहा आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



किक मारकर फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करती विधायक।

**बेड़ो।** बेड़ो के महादानी मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत रांची पुलिस के तत्वाधान में बुधवार को पांच दिवसीय प्रखंड स्तरीय एसएसपी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन मैच हरिहरपुर जामटोली बनाम केशा पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीम बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बराबरी पर रही। जहां पेनल्टी शूटआउट में जामटोली की टीम ने 3-1से मैच जीत लिया। मौके पर विधायक ने कहा कि यह प्रतियोगिता पुलिस पब्लिक के बीच आपसी सदभावना स्थापित करने के लिए आयोजित की गई है। आप लोग खेल को खेल की भावना से खेलें और मन में किसी भी प्रकार का द्वेष ना रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षा तथा खेल समाज और गांव को आगे ले जाता है, इसलिए शिक्षा तथा खेल के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करें। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर बीडीओ डा प्रवीण कुमार सीओ सुमंत तिर्की थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनमोल टोप्पो, प्रकाश उरांव, अनिल एक्का, सुबोध कच्छप, शिवा मुंडा, विशाल तिर्की,फूलदेव कच्छप, रोहित उरांव,हिमांशु एक्का व छोटू टोप्पो आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा**

अल्पकालीन ई–निविदा सं0–RWD/SD/GARHWA/19/2022-23
पर्यटन कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग

1. कार्य का विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के काण्डी प्रखण्ड अंतर्गत सतबहिनी तीर्थ स्थल पर चहारदिवारी का निर्माण कार्य। | 99,78,200.00 | 10000.00 | 2,00,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 02.03.2023 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. प्रमण्डलीय कार्यालय गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate की मूल प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 03.03.2023 को कार्यालय अवधि में।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.03.2023 पूर्वाहन 02:00 अपराहन बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं.– 7004019730
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10. एनेक्चर– 02 में दिये गये प्रपत्र में ही शपथ पत्र देना होगा।
11. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
12. निविदा में डाली गई सभी कागजात् सत्यता का शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा।
13. आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारण वश समयानुसार स्थगित एवं रद्द किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02, गढ़वा

PR 290395 Rural Development(22-23)#D

खबर मन्त्र

रांची. गुरुवार. 16 फरवरी 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# विकसित भारत की उम्मीद जगाता बजट






- सुनीता सिंह

इंफ्रास्ट्रक्चर में देखा जाए तो मोदी सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये आवंटित करके इस क्षेत्र में सरकारी निवेश में 33 प्रतिशत की वृद्धि करके एक बड़ा ऐतिहासिक कदम उठाया है। सरकार ने लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर ध्यान केंद्रित करते हुए पहली बार भारत इंफ्रास्ट्रक्चर में 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश तक पहुंच गया है।रेल सेक्टर में 2.40 लाख करोड़ रुपये के आवंटन की अभूतपूर्व ऐतिहासिक घोषणा की गयी है।

**1 फरवरी** को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश बजट मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास नारे को प्रदर्शित करने की कोशिश करती दिख रही है।

विपक्षी पार्टियों को लग रहा था कि अगला लोकसभा चुनाव 2024 में है तो यह पूरी तरह लोकलुभावन बजट होगा, लेकिन मोदी जी ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया, और बजट को लोकलुभावन और रेवड़ी संस्कृति के विपरीत ,देश के विकास को प्राथमिकता देते हुए 70 वर्षों से चली आ रही राजनीतिक बजट के कांग्रेसी संस्कृति पर भी तमाचा जड़ दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत के अमृत काल की शुरूआत का यह पहला बजट अगले 25 वर्षों के लिए देश का दिशा तय करेगा, जब भारत आजादी की एक सदी पूरा करेगा।

वैश्विक महामारी और यूक्रेन तथा रूस के बीच चल रहे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के बाद भी 2023 -24 वर्ष के लिए भारत की विकास दर 7.0% आंकी गई है ,जो सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।इसके अलावा देश में प्रति व्यक्ति आय 2014 से दोगुनी हो गई है, जो 2014 के बाद किए गए प्रभावी उपायों की सफलता को ही साबित करती है।

देश में लगातार कर का संग्रह बढ़ रहा है, ऐसी स्थिति में बजट में मध्यम वर्ग को इनकम टैक्स में बड़ी राहत दी गई है।इस बजट में नई कर व्यवस्था में आयकर छूट की सीमा को ?7 लाख करने की घोषणा करने को एक ऐतिहासिक कदम कहा जा सकता है। वेतनभोगी वर्ग और ?7 लाख या उससे अधिक आय वाले वेतन भोगी पेंशनरों को अब 33,800 रुपए का लाभ मिलेगा।

यह कर छूट वेतन भोगी और मध्यम वर्ग को अवश्य ही बहुत सशक्त बनाएगी। वहीं ,आयकर रिटर्न के लिए औसत प्रोसेसिंग समय अब 93 दिन से घटाकर 16 दिन कर दिया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर में देखा जाए तो मोदी सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपए आवंटित करके इस क्षेत्र में सरकारी निवेश में 33% की वृद्धि करके एक बड़ा ऐतिहासिक कदम उठाया है। सरकार ने लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर ध्यान केंद्रित करते हुए पहली बार भारत इंफ्रास्ट्रक्चर में 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश तक पहुंच गया है।

देखा जाय तो इंफ्रास्ट्रक्चर के खर्च का अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है ।आरबीआई के अनुसार, इस तरह के निवेश पर खर्च किए गए प्रत्येक ?1 से तत्काल वर्ष में 2.45 रुपए का रिटर्न मिलता है । रेल सेक्टर में 2.40 लाख करोड़ रुपए के आवंटन की अभूतपूर्व ऐतिहासिक घोषणा की गई है। इससे रेलवे लाइनों का विस्तार, रेलवे की क्षमता बढ़ाने और यात्री तथा माल परिवहन लागत को कम करने में भी मदद मिलेगी।

पीएम आवास योजना के लिए मौजूदा बजट आवंटन को रिकॉर्ड 66% बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है । मोदी सरकार का किसानों को सशक्त करने पर लगातार ध्यान रहा है और इस बार के बजट में कृषि ऋण लक्ष्य को 11% बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपए करने की घोषणा की है ।इसके अलावा पीएम किसान के तहत 11.4 कर और किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपए के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर डीबीटी की घोषणा की गई है। यह किसानों को नए उपकरणों और बीजों की खरीद के माध्यम से अपने कार्यों का विस्तार करने के लिए धन उपलब्ध कराएगा। मत्स्य पालन में शामिल लोगों को और सक्षम बनाने के लिए सरकार 6000 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट के साथ पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत एक उप योजना भी शुरू किया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भी विस्तार होगा। सरकार एक विशाल डेंटललिस्ट स्टोरेज कैपेसिटी स्थापित करने की भी योजना बना रही है ,जो किसानों को अपनी उपज को स्टोर करने और बिक्री के माध्यम से लाभकारी मूल्य प्राप्त करने में मदद करेगी इस बार के बजट में भारत को बाजरा या श्री अन्ना के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने की व्यवस्था भी की जा रही है । वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित एक योजना बेहतर उर्वरकों के साथ किसानों की मदद के लिए पीएम प्रणाम योजना भी शुरू की जाएगी। इसके अलावा सरकार 1करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सुविधा भी मुहैया कराएगी।

मोदी सरकार में युवा सशक्तिकरण पर भी लगातार जोर दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की घोषणा की गई है । इसके माध्यम से अगले 3 वर्षों के भीतर लाखों युवाओं को कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाएगा।जो ऑन जॉब प्रशिक्षण, उद्योग साझेदारी, नए कौशल प्रशिक्षण और उद्योग की जरूरतों के साथ पाठ्यक्रमों को मिलने पर फोकस के प्रमुख क्षेत्र होंगे। अंतरराष्ट्रीय अवसर प्राप्त करने में मदद करने के लिए 30 कौशल भारत अंतरराष्ट्रीय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में सुधार के साथ देशभर में 47 लाख युवाओं को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से पारिश्रमिक मिलता है। इसके अलावा यह उनकी उभरती हुई तकनीक, साफ्टवेयर और डेटा क्षेत्रों तक पहुंचने में सक्षम बनाएगा। पारंपरिक शिल्पकारों के कौशल विकास पर केंद्रित एक समर्पित योजना, पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान की भी घोषणा की गई है ।इसके माध्यम से उन्नत कौशल प्रशिक्षण, आधुनिक डिजिटल तकनीकों का ज्ञान और कुशल ग्रीन टेक्नोलॉजी, ब्रांड का प्रचार, स्थानीय और वैश्विक बाजारों के साथ जुड़ाव, डिजिटल भुगतान और सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए भी अभूतपूर्व कोशिशें चला रखी है।वित्त मंत्री ने महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र (एक बार की छोटी बचत योजना )का प्रस्ताव दिया है। इस योजना में 7.5 प्रतिशत की निश्चित ब्याज दर के लाभ के साथ 2 साल की अवधि के लिए महिलाओं या लड़कियों के नाम पर 2 लाख तक की राशि जमा की जा सकती है ।इसके अलावा ग्रामीण महिलाओं को मोबिलाइज करने के लिए सरकार 81लाख स्वयं सहायता समूह को धन का विस्तार करेगी।

## भ्रामक नीति

**दे**श के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक शिक्षा के बीच वर्तमान संबंध विच्छेद के दोहरे परिणाम दिख रहे हैं। पहली बात तो यह कि व्यावहारिक कौशल के अभाव में शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी अधिक है। दूसरी बात यह कि व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षुओं में विभिन्न परिस्थितियों से जूझने की क्षमता नहीं है जिसका कारण उनमें व्यापक दायरे वाले आधारभूत कौशल का अभाव है। आधारभूत कौशल कार्य एवं जीवन में अर्थपूर्ण भागीदारी के लिए महत्त्वपूर्ण होते हैं। संतुलन साधने के लिए इस दिशा में कुछ प्रयास किए गए हैं। हालांकि काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। आगे क्या रास्ता है और वर्तमान समय शिक्षा एवं कौशल विकास को नजदीक लाने के लिए उपयुक्त क्यों है? सुधार प्रक्रिया समय का मोहताज नहीं है और यह कभी भी शुरू की जा सकती है। हालांकि कोविड-19 महामारी के दौरान औपचारिक शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण में अच्छा तालमेल बिठाना जरूरी हो गया है। इस महामारी से शिक्षा क्षेत्र पर काफी असर हुआ है और विद्यालयों में पढ़ाई बंद होने के साथ ही पढ़ाई बीच में ही छोड़ने वाले विद्यार्थियों की तादाद भी काफी बढ़ गई है। गरीब तबके से आने वाले बच्चों पर सर्वाधिक मार पड़ी है क्योंकि शिक्षा विद्यालयों के बजाय अब ऑनलाइन माध्यम से देने का चलन शुरू हो गया है जहां इनकी पहुंच नहीं है। इस वक्त हम लोगों को शिक्षित कर उन्हें अधिक सशक्त बनाने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार से जुड़ी पुरानी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसके साथ ही हम बच्चों को स्कूल में बनाए रखने, पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले बच्चों की संख्या पर अंकुश लगाने और बच्चों की पढ़ाई वास्तविक अर्थ में जारी रखने की राह में आने वाली समस्याओं से भी जूझ रहे हैं।

## अडानी का लाभ बढ़ा

**दे**श के जाने-माने उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर, 2022 में समाप्त तीसरी तिमाही में मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी को पिछले साल समान तिमाही में घाटा हुआ था। कंपनी ने अमेरिकी शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट में धोखाधड़ी के आरोपों के बाद कमजोर हुए निवेशकों के विश्वास को बहाल करने के लिए कर्ज में कमी लाने की प्रतिबद्धता जताई है। 24 जनवरी क समूह की लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एम कैप) 120 अरब डॉलर घट चुका है। समूह ने हालांकि आरोपों पर कहा था कि उसने कोई वित्तीय अनियमितता नहीं की है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि अडानी समूह का 2022-23 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 820.06 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 11.63 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी का राजस्व समीक्षाधीन तिमाही में 42 प्रतिशत बढ़कर 26,612.33 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी के एकीकृत संसाधन प्रबंधन ने आमदनी और मुनाफे में सबसे ज्यादा योगदान दिया। इसका टैक्स पूर्व मुनाफा 370 प्रतिशत के उछाल से 669 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी के हवाई अड्डा कारोबार का राजस्व दोगुना हो गया। हालांकि, मुनाफे में सिर्फ 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी की कुल लागत 37 प्रतिशत बढ़कर 26,171.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एक अमेरिकी कंपनी के विवादास्पद ब्यान के बाद अडानी समूह की कंपनियों में गिरावट देखी गयी थी लेकिन कंपनी ने कहा था कि वैसी कोई प्रैक्टिस कंपनी द्वारा नहीं की गयी है। कंपनी के इस बढ़ते लाभ से कंपनी पर लगे आरोप के कारण शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों की गिरावट थमने और शेयर धारको में विश्वास पैदा होने की उम्मीद है।

## मुक्ति की बात

विचार-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**जब** आप ब्रह्मांडीय जीवन जीने लगते हैं, तो जीवन अलग हो जाता है। क्या ये सुन्दर होता है ? नहीं ! क्या ये गन्दा होता है ? नहीं ! तो फिर ये कैसा है ? जीवन की तरह, जैसे इसे होना चाहिये, इस तरह या उस तरह नहीं। हर चीज वैसी ही है, जैसी उसे होना चाहिये। यह बस आप का मन है, जो हर चीज को तोड़-मरोड़ कर दिखाता है। जब आप तोड़ना-मरोड़ना बंद कर देते हैं, और हर चीज को वैसी ही देखते हैं जैसी वह है, तो आप जीवन का विस्फोट देखेंगे। यदि आप यहाँ एक करोड़ वर्ष भी रहें, तो भी ये आपको इसे समझने में जबरदस्त रूप से व्यस्त रखेगा।

अब तो आधुनिक भौतिक विज्ञानी भी कह रहे हैं कि ये ब्रह्माण्ड हमेशा बढ़ता रहता है। मूल रूप से वे कह रहे हैं कि किसी भी बात के बारे में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। जो भौतिक विज्ञान पढ़ रहे हैं, उनका यह कहना एक आश्चर्यजनक बात है। लेकिन अब वे समझ रहे हैं कि जिस तरीके से वे सभी चीजों को देख रहे हैं, उसमें कोई गलती है।

तो, 'यही सब कुछ है' जैसा कुछ भी नहीं होता। यह तल्लीन हो जाने की एक अंतहीन प्रक्रिया है। मान लीजिये कि एक ऐसी स्थिति हो जब आप कहें, 'यही सब कुछ है', तो फिर उसके बाद आप क्या करेंगे? आप को समझना चाहिये, अगर आप वास्तविकता नाम की जगह पर आ जाते हैं तो 'यही सब कुछ है' जैसी कोई बात नहीं रह जाती। निष्कर्ष बस आप के मन में निकलते हैं, अस्तित्व में कभी नहीं। निष्कर्ष निकालना मन का स्वभाव है। ये चाहता है कि एक अध्याय को बंद कर दे और कहे, मुझे समझ आ गया है। लेकिन जीवन एक सीमा-रहित संभावना है।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

### घातक नशा

**नशा** युवाओं की रगों में इस कदर बस गया है कि अब उन्होंने रिश्तों का भी कत्ल करना शुरू कर दिया है। सरकार और प्रशासन द्वारा नशा बंद करने की कोशिशों के बाद भी पहले की तरह नशा बिक रहा है। ड्रग्स की मांग को पूरा करने के लिए जानलेवा हमलों या आत्महत्याओं की खबरें आए दिन सामने आती रहती हैं। सरकार को इस गंभीर समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

**- लवनीत, रांची**

### बजट से उम्मीद

**बजट** पर आम लोगों की निगाहें टिकी हुई थीं। इस बार का बजट तो और भी खास है क्योंकि यह केंद्र सरकार का बजट वर्तमान मोदी सरकार के कार्यकाल का अंतिम संपूर्ण बजट है। इस बजट में मध्यम वर्ग से लेकर निम्न वर्ग के लोगों की ओर ध्यान देने की कोशिश करते हुए इसे सबसे लिये सबका बजट बनाने का प्रयास किया गया है।

**- महिमा शर्मा, जमेशदपुर**

हमारी नई शिक्षा नीति भारत की नई पीढ़ी को बनायेगी... भारत के विचारों वाली ऐसी नई पीढ़ी बनेगी जो आने वाले वर्षों में पूरे विश्व को चकाचौंध करने वाली सफलता लेकर आएगी।

**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

आपके ट्वीट



**हम** यहां के आदिवासी-मूलवासी को नौकरी और रोजगार देना चाहते हैं। मगर कुछ लोग हमारे इरादों पर पानी फेरना चाहते हैं। हमारे कदम से दूसरे राज्यों के लोगों के पेट में दर्द होता है। हमारा हक छीनने के लिए विपक्ष ने ऐसे लोगों को लगा रखा है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**



प्रधानमंत्री के जादू ने 2014 में 609वें रैंक वाले अडानी को दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बना दिया। राजनीति और व्यापार के ऐसे रिश्ते से मित्र का बिजनेस कैसे बढ़ाएं, इसमें मोदी जी को ह्यगोल्ड मेडल मिलना चाहिए।

**-राहुल गांधी**

खास बात

## गुलामी किसकी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

फिजी में 15 फरवरी से 12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन होने जा रहा है। यह सम्मेलन 1975 में नागपुर से शुरू हुआ था। उसके बाद यह दुनिया के कई देशों में आयोजित होता रहा है। जैसे मॉरीशस, त्रिनिदाद, सूरीनाम, अमेरिका, ब्रिटेन, भारत आदि। पिछले दो सम्मेलनों को छोड़कर बाकी सभी सम्मेलनों के निमंत्रण मुझे मिलते रहे हैं।

नागपुर सम्मेलन के दौरान मैंने नवभारत टाइम्स में संपादकीय लिखा था, जिसका शीर्षक था, ह्यहिंदी मेलाः आगे क्या?38 साल बीत गए लेकिन जो सवाल मैंने उस समय उठाए थे, वे आज भी ज्यों के त्यों जीवित हैं। तत्कालीन दो प्रधानमंत्रियों के आग्रह पर मैंने मोरीशस और सूरीनाम के सम्मेलनों में भाग लिया। वहां दो-तीन सत्रों की अध्यक्षता भी की और दो-टूक भाषण भी दिए। कुछ ठोस प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित भी करवाए लेकिन सारे विश्व हिंदी सम्मेलन सैर-सपाटा सम्मेलन बनकर रह गए हैं। अब अच्छा है कि मोदी-राज में मेरे-जैसे स्पष्टवक्ताओं को इन सैर-सपाटा सम्मेलनों से दूर ही रखा जाता है। यह खुशी की बात है कि यह 12 वां सम्मेलन उस फिजी में हो रहा है, जहां प्रवासी भारतीयों के अन्य देशों की बजाय हिंदी का चलन जरा ज्यादा है, लेकिन हिंदी की जो दुर्दशा भारत में हैं, वही हाल हिंदी का उन प्रवासी देशों में भी है। इन देशों में तो हिंदी की बजाय आम लोग अपनी बोलियों में ही बातचीत करते हैं। यदि इन देशों में महर्षि दयानंद का आर्य समाज सक्रिय न होता तो वहां हिंदी का नामो-निशान ही मिट जाता। इन देशों में भी संसदीय कार्यवाही, अदालती बहस और फैसले तथा सारी ऊंची पढ़ाई अंग्रेजी या फ्रांसीसी में ही होती है। ऐसा वहां क्यों न हो? 1975 में ही साप्ताहिक हिंदुस्तान में मेरे वरिष्ठ मित्र गोविंदप्रसाद जी केजरीवाल ने विश्व हिंदी सम्मेलन पर लिखते हुए कहा था कि घर में नहीं दाने! अम्मा चली भुनाने!! आजकल हम आजादी का 75 वां वर्ष मना रहे हैं लेकिन हमारे कानून, हमारे सरकारी आदेश, हमारे ऊंचे अदालती फैसले, हमारी ऊंची पढ़ाई और शोधकार्य सभी काम-काज अंग्रेजी में चल रहे हैं।

# जातीय राजनीति की मानसिकता से कब उबरेंगे !

**गिरीश्वर मिश्र**

सामयिक

**लोकतंत्र** की व्यवस्था में राजनीति समाज की उन्नति के लिए एक उपाय के रूप में अपनाई गई। इसलिए सिद्धांततः उसकी पहली और अंतिम प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी जनता और देश के साथ बनती है। दुर्भाग्यवश आज की दलगत राजनीति के चलते एक-दूसरे के साथ उठने वाली वर्चस्व की प्रतिस्पर्धा के बीच नेतागण राजनीति के इस बड़े प्रयोजन से आसानी से आंख मूंद लेते हैं।

एक सामाजिक समस्या के रूप में जाति का प्रकट विरोध किया जाता है। पर यह बात वे सिद्धान्त में ही स्वीकार की जाती हैं। वे जानते हैं कि अपने लिए वोट उसी के आधार पर बटोरना होगा। विचार और व्यवहार की यह दुविधा देश की नियति हो चुकी है। यह एक ऐसी खाई है जिसे भारतीय राजनीति पार करने या पाटने के लिए अपने को अभी तक तैयार नहीं कर सकी है। इस तरह जो जातिविरोधी हैं वे जाति की जयकार करते भी नहीं अघाते। उनका असमंजस वाला विचार यही है कि जाति ठीक तो नहीं है पर जाति जाए भी नहीं और इस तरह जाति-विरोध और जाति-सुरक्षा दोनों पर एक ही वक्ता सज धज कर मंच पर बैठे मिलते हैं और संदर्भ की दुहाई दे कर अपने छद्म को सही साबित करने की जुगत करते रहते हैं। अवसर निकाल कर जाति को आसानी से धर्मसे जोड़ दिया जाता है, फिर जाति और वर्ण को इच्छानुसार मिला दिया जाता है और उसे पाप मानते हुए अपनी सुविधानुसार किसी के भी ऊपर ठीकरा फोड़ा जाता है।

यह कहानी जब-तब दुहराई जाती रहती है, खासतौर पर तब जब हाथ में कुछ नहीं रहता और चुनाव आदि की सुनगुन के बीच बढ़ते वैचारिक शून्य को भरने की उतावली रहती है। इस बीच गोस्वामी बाबा तुलसीदास पर हाथ साफ किया जा रहा है। नेताओं को मीडिया में भी सनसनी लाने के बहाने चाहिए सो उन्हें व्याख्या- कुव्याख्या पेश करने का अवसर मिलता है। ऐसे में गोस्वामी तुलसीदास जैसे संत और उनकी वाणी को आरोपित करना और बिना समझे बूझे साहित्य से बहिष्कृत करने तक की संस्तुति देना अब बड़ा सरल हो गया है। अच्छा हो साहित्य के अध्ययन-विश्लेषण का कार्य साहित्यकारों को ही करने दिया जाए। व्यक्ति के रूप जो कोई कुछ करना और कहना चाहे उसके लिए वह जरूर स्वतंत्र है। यह चिंता का विषय है कि आज हवा हवाई बात करना एक राजनीतिक शगल होता जा रहा है। गैर जिम्मेदार तथ्यहीन बयानबाजी करते रहना राजनीति के खिलाड़ियों का जन्मजात अधिकार जैसा होता जा रहा है। इधर हुई चर्चा का लक्ष्य तुलसीदास जी का रामचरितमानस और फिर पंडित शब्द को बनाया गया। तुलसीदास जी की चौपाइयों को पिछली पांच सदियों में आम आदमी ने गले लगाया है और वे आज भी लोक की जनस्मृति में दर्ज है। उनका अर्थ अनर्थ किया जाता रहता है। जहां तक पंडित शब्द का प्रश्न है उसका एक मात्र अर्थ वह व्यक्ति है जो बुद्धिमान हो। बुद्धि का विकास तो इस बात में होता है कि व्यक्ति बड़े सत्य को देख सके । जो सब प्राणियों में एक ही तत्व देख सके (सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्ष्यते ) वह पंडित हुआ। भगवद्गीता की मानें तो पंडित समदर्शी होता है और जो भेद बुद्धि अपनाए वह बुद्धि से रहित होता है । इसी तरह धर्म शब्द का अर्थ वह नियम है जिससे सब कुछ धारण किया जाता है । जो भी सृष्टि में विद्यमान है उसका आधार धर्म है। वह सबको संचालित करने वाला तत्व है। धर्म का आदर और पालन करना व्यक्ति, समाज और समस्त विश्व के लिए कल्याणकारी है। व्यवहार में धर्म के अनेक अर्थ मिलते हैं जिनमें आंतरिक गुण, नैतिकता, कर्तव्य, आदर्श नियम, प्रकृति आदि प्रमुख हैं। निश्चय ही रेलिजन एक सीमित अर्थ का बोधक है।

# कौशल विकास के शोर के बीच पैदा होती स्थिति

**के पी कृष्णन**

सामयिक

**कौशल** विकास की राह में आने वाली समस्या के कई आयाम हैं। इसका एक आयाम 'नियोक्ता संपर्क' से जुड़ा है। 'नियोक्ता संपर्क' कुशल लोगों को रोजगार के कारगर अवसर मुहैया कराने के लिए आवश्यक है। दूसरा आयाम 'उद्यमशीलता' या स्व-रोजगार से संबंधित है, जो अनुबंध पर रोजगार देने वाली तेजी से बढ़ती व्यवस्था (गिग इकनॉमी) के बीच महत्त्वपूर्ण साबित हो रहा है। वाहन ठेके पर लेने वाली कंपनी के कर्मचारी अब उबर/ओला के चालक बन गए हैं। ओला एवं उबर जैसे मंचों ने इन कर्मचारियों को वेतनभोगी से 'स्व-रोजगार प्राप्त उद्यमी' बना दिया है। इस भूमिका के लिए वाहन चलाने के अलावा अतिरिक्त कौशल एवं क्षमताओं से भी लैस होना जरूरी है। तीसरा आयाम कौशल विकास एवं शिक्षा के जुड़ाव से संबंधित है। इस स्तंभ में कौशल विकास एवं बुनियादी शिक्षा के बीच पर्याप्त जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

शिक्षा का मूल लक्ष्य केवल रोजगार और रोजगार पाने की क्षमता हासिल करना ही नहीं वरन इससे भी कहीं अधिक आकर्षक एवं व्यापक है। प्रायः ऐसा माना जाता है कि शुरूआती, समग्र एवं जीवन पर्यंत कौशल एवं नई चीज सीखने के अवसर तक पहुंच हमारे युवाओं में रोजगार प्राप्त करने की क्षमता, उद्यमशीलता और कार्यबल के साथ तालमेल बिठाने की प्रतिभा विकसित करने के लिए के लिए जरूरी है। आदर्श रूप में सामान्य शिक्षा का तात्पर्य आधारभूत एवं विभिन्न विधाओं में काम आने वाले कौशल (ट्रांसफरेबल स्किल) का सामूहिक लक्ष्य हासिल करना है।

आधारभूत कौशल का ताल्लुक बुनियादी संज्ञानात्मक कौशल जैसे संख्यात्मक, साक्षरता और समस्या का समाधान करने की क्षमता से है। ये बातें अन्य कौशल सीखने के लिए जरूरी होती हैं। ट्रांसफरेबल स्किल सामाजिक, संचार एवं व्यवहारात्मक कौशल होते हैं जो विभिन्न कार्य संपादित करने में मदद करते हैं। अध्ययनों से इसका प्रमाण भी मिला है कि ये विभिन्न प्रकार के कौशल श्रम बाजार के विभिन्न पक्षों जैसे वेतन, उत्पादकता और बदलते कार्य परिदृश्य से तालमेल बिठाने पर गहरा प्रभाव छोड़ते हैं। सामान्य शैक्षणिक प्रणाली में भी इन कौशल का समावेश अधिक बेहतर ढंग से हो पाता है। लिहाजा एक समग्र कौशल पर ध्यान केंद्रित करने के पक्ष में मजबूत तर्क दिया जाता है क्योंकि इसका दायरा केवल व्यावसायिक शिक्षा तक ही सीमित नहीं है।

ग्रेड 12 तक व्यावसायिक शिक्षा की तरह 'अनुप्रयुक्त शिक्षा' (एप्लाइड लर्निंग) भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। ऐसे में इसे न केवल रोजगार एवं जीविका के साधन के नजरिये से देखा जाना चाहिए बल्कि सीखने के माध्यम के तौर पर भी देखा जाना चाहिए।

इसके अलावा शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण की पहल से सीमित सीमित शिक्षा के साथ श्रम बाजार का हिस्सा बनने वाला व्यक्ति भी अपने क्षेत्र में आगे बढ? के लिए महत्त्वपूर्ण कला-कौशल सीख सकता है।

भारत के कार्यबल का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा 20 से कम कर्मचारियों वाली कंपनियों में काम करता है। वर्ष 2016 में आई एशियन डेवलपमेंट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार इस बात की संभावना कम है कि 72 प्रतिशत सूक्ष्म कंपनियां अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगी। भारत के कार्यबल का 80 प्रतिशत हिस्सा अनौपचारिक कंपनियों का हिस्सा है और केवल 3 प्रतिशत को ही औपचारिक प्रशिक्षण दिया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# महाशिवरात्री पर दोमुहानी सुबह में शाही स्नान और शाम में भव्य स्वर्णरेखा आरती

स्पीड न्यूज

## डीलर्स एसोसिएशन ने शर्मा के परिजनों को किया सहयोग

**जमशेदपुर।** फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोसिएशन, पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी के द्वारा बागबेड़ा थाना क्षेत्र के हरहरगुटू घाघीडीह पंचायत जाकर स्व. बजरंग लाल शर्मा के आश्रित उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी एवं पुत्र के नाम संघ के माध्यम से 21000 हजार रुपये का चेक देकर सहयोग प्रदान किया गया। बजरंग लाल शर्मा का निधन 2 फरवरी को हो गया था।

## मशहूद शायर फैज अहमद फैज की जयंती पर मुशायरा संपन्न

**जमशेदपुर।** इप्टा, जमशेदपुर ने मशहूर शायर फैज अहमद फैज की सालगिरह पर उनकी याद में सेंट्रल एवेन्यू, बिष्टुपुर में एक मुशायरा आयोजित किया जिसमें शहर के जानेमाने शायरों ने शिरकत की। मुशायरे की सदारत शमीम अहमद मदनी साहब ने की, और मुख्य अतिथि रहे करीम सिटी कालेज के सेक्रेटरी डाक्टर मुहम्मद जकरिया। मुशायरे में शामिल होने वाले शायरों में शमीम अहमद मदनी ने हास्य व्यंग्य के माध्यम से न केवल हंसाया बल्कि इसी बहाने बहुत सी गंभीर बातें भी कीं। अनवर अदीब ने चिर परित अंदाज में गंभीर गजलें पेश कीं। अहमद बद्र ने अपनी गजलों पर दाद हासिल की तो गौहर अजीज भी अपनी गजलों और नज्म से सराहे गए। हातिम नवाज ने अपने क्रांतिकारी तेवर के साथ एक जबरदस्त माहौल बनाया तो नजीर अहमद नजीर ने अपने तरन्नुम से मोहित किया। सफीउल्लाह सफी ने अपनी खूबसूरत आवाज का जादू जगाया और शोऐब अख़्तर ने बड़े चुभते हुए शेर सुनाकर सब को चौंकाया। नौजवान शायर सद्दाम गनी ने फैज की लाजवाब शायरी के नमूनों के साथ खूबसूरती से समां बांधा और मुशायरे का संचालन किया। लिटिल इप्टा के साथियों ने फैज के कलाम को गाकर बड़ी संख्या में मौजूद आमंत्रित श्रोताओं के सामने प्रस्तुत किया। मुहम्मद जकरिया ने अंत में संबोधित करते हुए कार्यक्रम की भरपूर सराहना की और कहा कि आगामी वर्ष इस अवसर पर और बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इप्टा की ओर से अर्पिता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बिरसानगर पीएम आवास का अधिकारियों द्वारा किया गया निरीक्षण



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 अन्तर्गत बिरसानगर जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना जी+8 संरचना के अनुरूप 32 ब्लॉक में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है, जिसमे अबतक कुल 7372 आवास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है जिसका निरीक्षण आवास योजना के नोडल पधाधिकारी राहुल कुमार एवं टाउन प्लानर दीपक माझी द्वारा किया गया जिसमे मुख्य रूप से संवेदकों को कार्य मे तेजी लाने, एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया ताकि योजना ससमय पूर्ण किया जा सके साथ ही कार्य मे लगे सभी लोगों को सुरक्षा मानकों को ध्यान मे रखकर निर्माण कार्य कराने से संबंधित निर्देश दिया गया, निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से जुडको के पधाधिकारी एवं संवेदकगण उपस्थित थे।

## पढाई, दवाई और सगाई में मदद को मारवाड़ी सम्मेलन बनायेगा फंड

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश मित्तल द्वारा अपनी चुनावी टीम की बैठक बुलाई गयी। इस बैठक का उद्देश्य मित्तल जी द्वारा चुनाव में विजय दिलाने के लिए अपनी चुनावी टीम का धन्यवाद करना था एवं अपने अभिभावकों का आशीर्वाद लेना तथा युवा शक्ति एवं नारी शक्ति को आगे आने वाले कार्यकाल के लिए प्रेरित भी करना था। बैठक की शुरूवात विवेक चौधरी ने मित्तल जी को इस चुनाव में जीत की बधाई के साथ की। साथ ही उन्होंने सारे कोर टीम की भी भरपूर प्रशंसा की।

---

- स्वर्णरेखा नदी की महिमा अपार, देंगे भव्यता : बन्ना गुप्ता
- रात में भोजपुरी गायक भरत शर्मा व्यास देंगे प्रस्तुति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चित के विधायक सह झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्वर्णरेखा-खरकाई नदी के संगम स्थल दुमुहानी को धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में पहल करते हुए अब हर साल यहां पर भव्य शिवरात्रि महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की है। यह शुरुआत 18 फरवरी महाशिवरात्रि के मौके पर गंगा आरती की तर्ज पर स्वर्णरेखा आरती से हो रहा है। इस दिन सुबह में नागा साधुओं का शाही स्नान की व्यवस्था भी की जा रही है। मंत्री बन्ना गुप्ता ने सर्किट हाउस में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दोमुहानी संगम पर भव्य आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई है। सीढ़ी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही बहती धारा में आस्था कुंड का निर्माण कराया जा रहा है जहां लोग पूजन सामग्री एवं अन्य वस्तुएं विसर्जित कर सकते हैं। बाहर से नदी में गिरने वाले नाले के पानी की सफाई के लिए अलग से कुंड का निर्माण कराया जा रहा है जहां गंदे पानी की सफाई की जाएगी।

मंत्री ने बताया कि महाशिवरात्री के दिन शाही स्नान के अलावे बनारस से आनेवाले 11 सदस्यीय पुरोहितों का दल पूजन, हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। शाम में भोजपुरी गायक भरत शर्मा ब्यास का भजन कार्यक्रम होगा।

# मरीन ड्राइव में फैले कचड़े को हटा कर बनेगा भव्य पार्क



महाशिवरात्रि आयोजन की जानकारी देते स्वास्थ्यमंत्री बन्ना गुप्ता।

मंत्री ने बताया कि मरीन ड्राइव रोड में स्वर्णरेखा के किनारे फैले कचरे के ढेर को हटाकर वहां भव्य पार्क बनाया जाएगा। यह कार्य शहर के समाजिक लोगों के सहयोग से पूरा होगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से मरीन ड्राइव रोड में कचरा डंपिंग किया जा रहा है। वहीं कुछ लोगों के द्वारा कचरे में आग लगा दी गई है जिसके कारण वहां से धूएं के रुप में मिथेन गैस का बस्तियों में फैलाव हो रहा है। इससे जन साधारण को परेशानी हो रही है। आमजनों की परेशानियों को देखते हुए उन्होंने शहर के सामाजिक लोगों के सहयोग से कचरे के ढेर को पार्क का रूप देने का निर्णय लिया। वहीं उन्होंने कहा कि शहर के कचरे का निष्तारण करने के लिए सरकार के स्तर से काम जल्द शुरू होगा। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं अर्बन सेक्रेटरी से चर्चा की है।

### एनजीटी का आदेश नहीं बनेगा बाधक

एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कचरे के ढेर की सफाई एवं पार्क का रुप देने में एनजीटी का आदेश बाधक नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि एनजीटी अपना काम करेगी तथा हम जन सहयोग से मौलिक दायित्व का निर्वाह करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर जिन लोगों ने पहल की है. सभी का सहयोग अपेक्षित है। जल्द ही कचरे को हटाकर वहां मिट्टी भरा जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, पूर्व अध्यक्ष विजय खां, सामाजिक कार्यकर्ता कमल किशोर अग्रवाल, शिवशंकर सिंह, संदीप मुरारका, जिला पार्षद परितोष सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# आज कोल्हान का खुदरा व्यापार रहा पूर्णत: बंद

### चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बैनर तले 500 से अधिक व्यापारी जुटे

खबर मन्त्र ब्यूरो



धरना कार्यक्रम को संबोधित करते चैम्बर अध्यक्ष विजय मूनका।



मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन देते व्यापारी।

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नेतृत्व में आज उपायुक्त कार्यालय पूर्व में लिये गये निर्णय के अनुसार व्यापार मंडल, कोल्हान राईस मिल एसोसिएषन, फ्लावर राईस मिल एसोसिएषन, आलू-प्याज थोक विक्रेता संघ, फल विक्रेता संघ, एवं अन्य खाद्यान्न व्यवसासी संघों के के संयुक्त तत्वावधान में महाधरना दिया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज से खाद्यान्न व्यवसायियों थोक व्यवसाय का अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दिया गया। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने जानकारी दी कि यह काला कानून व्यवसायी हित में नहीं है तथा जनविरोध और महंगाई बढ़ाने वाला है। सिंहभूम चैम्बर इसके विरोध में आंदोलनरत है। सिंहभूम चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल झारखण्ड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर अपना विरोध जता चुका है तथा पोटका के विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी और ईचागढ़ के विधायक से भी मिलकर विरोध जताते हुये इसे वापस करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस महाधरना में सैकड़ा की संख्या में शामिल होकर खाद्यान्न व्यवसायियों ने सरकार को संदेष दिया कि व्यापारी एक हैं और सरकार के द्वारा बनाये गये किसी भी कानून जिससे व्यापारियों एवं जनता का अहित होगा तो इसका विरोध किया जायेगा। आज की बंदी में परसुडीह बाजार समित के अलावा जमषेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों के बाजार जैसे जुगसलाई, बिष्टुपुर, साकची, कदमा, सोनारी, गोलमुरी, मानगो, सिदगोड़ा, टेल्को, बमामाईंस, बिरसानगर इत्यादि क्षेत्र की फुटकर एवं थोक खाद्यान्न व्यापार की दुकाने पूरी तरह दिनभर बंद रहीं। इस बंदी से जमषेदपुर की सभी बाजारों की स्थिति अच्छी नहीं रही। सिंहभूम चैम्बर उपाध्यक्ष, व्यापार एवं वाणिज्य, नितेष धूत ने भी व्यापारियों से कहा है कि वे कानून के विरोध में चैम्बर के नतृत्व में किये जा रहे आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

सचिव, व्यापार एवं वाणिज्य, सिंहभूम चैम्बर अनिल मोदी ने बताया कि महाधरना में जमशेदपुर के 500 से अधिक व्यवसायी शामिल हुये। बुधवार के महाधरना में चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष व्यापार एवं वाणिज्य नितेष धूत, उपाध्यक्ष दिलीप गोलेच्छा, सचिव व्यापार एवं वाणिज्य अनिल मोदी, पीयूष चैधरी, कोषाध्यक्ष किषोर गोलछा, व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष पवन नरेडी, सचिव करण ओझा, सत्यनारायण अग्रवाल, रामू देबुका, पवन शर्मा, मनोज गोयल, मनोज चेतानी, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मुकेष मित्तल, ओमप्रकाष मूनका, राजकुमार साह, विजय खेमका, ओपी ईनानी, गणेष अग्रवाल, श्याम पटवारी, अनिल कुमार साहू, ओमप्रकाष साह, सन्नी संघी, अमित सरायवाला, बासुदेव रूंगटा, विनीत कुमार रूंगटा, सुषील सिंहानिया, चन्द्रप्रकाष शुक्ला, पारस अग्रवाल, अंषुल रिंगसिया, सुरेष कुमार गुप्ता, राजू कुमार पांडेद्व संतोष कुमार गोराई, अजय अग्रवाल, उमेष देबुका, प्रिंस सिंह, रंजीत झा, संदीप सिंह सचदेवा, नंदकिषोर अग्रवाल, बिनोद मित्तल, श्याम महेष्वरी, रामप्रकाष सेठी, मनीष जैन, शंभू मूनका, पिंटू महतो के अलावा सैकड़ों की संख्या में खाद्यान्न व्यवसायी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मेरीन ड्राइव डंपिंग कचरे में लगी आग से सोनारीवासी परेशान : राकेश तिवारी



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने बुधवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि विगत लंबे समय से सोनारी वाशी मेरीन ड्राइव पर डंपिंग कचरे में लगी आग से निकलने वाली जहरीली मीथेन गैस एवं धूआ से प्रदूषित है लोग बीमारी की शिकार हो रहे हैं। कई लोग घर खाली करके जा रहे हैं और इस स्थिति की जानकारी अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं सभी अधिकारियों के स्वत: संज्ञान में है। उन्होंने कहा क्षेत्र के विधायक और माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता राज्य के स्वास्थ्य मंत्री है, उनका यह विधानसभा क्षेत्र है ऐसे में अधिकारियों को ऐसे गंभीर मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई नहीं करना यह दर्शाता है कि यह कहीं ना कहीं भाजपा से प्रभावित अधिकारी हैं। मंत्री की बढ़ती लोकप्रियता पर प्रश्नचिन्ह लगाने के लिए इस तरह का कुचक्र रच रहे है। उन्होंने जमशेदपुर अक्षेस को 72 घंटे का समय दिया है।

### पानी सप्लाई के वक्त बिजली कटौती गलत : अंसार



**जमशेदपुर।** बुधवार को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि सह झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में मानगो बस्ती वासियों ने विद्युत मंडल मानगो में जाकर विद्युत कार्यपालक अभियंता विशाल कुमार को ज्ञापन सौंपा। अंसार खान ने विशाल कुमार को बताया कि मानगो क्षेत्र में सुबह में जब पानी की सप्लाई किया जाता है ठीक उसी टाइम बिजली सप्लाई को काट दिया जाता है जिससे बस्ती में पानी नहीं मिलने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। विशाल कुमार ने आश्वासन दिया पूरी कोशिश की जाएगी कि सप्लाई के समय बिजली नहीं काटी जाएगी। दूसरी ओर अंसार खान ने कहा जो पूर्व में ज्ञापन दिए गए हैं उनमें से कुछ काम हुआ है और कुछ काम बाकी है उन्हें जल्द से जल्द कराया जाए।

### टूना सबर का हाल जानने के लिए पहुंची टीम




**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की एक टीम जिसका नेतृत्व ट्रस्ट के अभिभावक आसिफ अख़्तर, अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर मुख्तार आलम खान, शाहिद परवेज, मोइनुद्दीन अंसारी, आफताब आलम ने सदर अस्पताल जाकर इलाज करा रहे टूना सबर एवं उनकी पत्नी का हाल जाना। सिविल सर्जन जुझार मांझी आईसीयू के इंचार्ज डॉ फैसल खान, डॉ रंजीत कुमार पांडा और खुर्रम से मिली और ट्रस्ट के लोगो ने टूना सबर से बात चीत की जो खुद को स्वस्थ बता रहे है और उन्होंने खुद को कल से अच्छा बताया। ट्रस्ट के द्वारा टूना एवं उनकी पत्नी को उपहार स्वरूप डाव पानी, सेब, संतरा, केला और अंगूर दिया गया। ट्रस्ट के लोगों ने आईसीयू के सारे नर्सिंग स्टाफ को टूना सबर के बेहतर देख भाल के लिए शुक्रिया अदा किया।

### नुक्कड़ नाटक के जरिये बताया सड़क सुरक्षा का महत्व

**जमशेदपुर।** बुधवार को जमशेदपुर नाट्य संस्था गीता थियेटर के कलाकारों द्वारा देशमेष नेशनल रोडवेज के भारी वाहन चालकों के मध्य सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा पर आधारित हम है राही सुरक्षा के नामक नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुति दी गई। नट की भूमिका निभाते नाटक के लेखक प्रेम दीक्षित ने 40 मिनट के नुक्कड़ कथा में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक संदेश को बखूबी पिरोया था। नाटक की निर्देशिका निभाती गीता कुमारी ने भी अपने कड़ी मेहनत से नाटक को तैयार कर बहुत सुंदर प्रस्तुत किया। नाटक में जहां सूत्रधार की भूमिका में नट-नटी रहे वही सब्जी वाली की भूमिका में श्यामली डे, लड़का 01 की भूमिका में किशोर पाण्डेय, लड़का 02 की भूमिका में समीर नंदन कुमार, खलासी की भूमिका में दीलिप पात्रों, ट्रक ड्राइवर की भूमिका में सनी कुमार ने अभिनय किया।

### धूम्रपान और पर्यावरण की थीम पर बच्चों ने बनाये चित्र



जमशेदपुर। बुधवार को शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की महिलाओं द्वारा बिष्टुपुर राम मंदिर के पीछे एबीएस राम मंदिरम स्कूल में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 1 से लेकर 8 क्लास तक के 250 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। ड्राइंग प्रतियोगिता में धूम्रपान नहीं करने तथा उससे होने वाले नुकसान और पर्यावरण को बचाने की थीम पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक चित्र बनायें। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इसे सफल बनाने में कविता धूत, आकांक्षा, संगीता काबरा, चांदनी, जया अग्रवाल, मंजू बकरेवाल, बीना देबूका आदि का सहयोग रहा।

### देहदान के लिए 150 ने भरा संकल्प पत्र




मंत्री बन्ना गुप्ता का अभिनंदन करते सदस्य।

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की शाखा आकृति व्हील्स कालीमाटी शाखा अब सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी गतिविधियां जन जन तक पहुंचाएगी। शाखा ने सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्वयं को पंजीकृत किया है। बुधवार को एक सादे व संक्षिप्त समारोह के दौरान अपने आवासीय कार्यालय में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आकृति व्हील्स कालीमाटी के सोशल मीडिया के पृष्ठों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए गुप्ता ने कहा कि आज के युग में डिजिटल स्वरूप में आने से स्वयं के कार्यऑन का विस्तार होता है और दुनिया से कनेक्टिविटी बढ़ती है। इसका लाभ भी संस्था को मिलेगा। उन्होंने इस प्रयास हेतु मंच शाखा की प्रशंसा की। कार्यक्रम में अंकिता लोधा, रजनी पाड़िया, पूजा खण्डेलवाल, नेहा शर्मा, अनुराधा सहित कई सदस्य उपस्थित थी।

## टाटा स्टील ने राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने 13 फरवरी को सेंटर फॉर एक्सीलेंस में राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी दो सत्रों में आयोजित की गई थी जिसमें उत्पादकता के राष्ट्रीय थीम - हरित विकास और सस्टेनेबिलिटी पर सेमिनार और पैनल चर्चा शामिल थी। सेमिनार का आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, जमशेदपुर चैप्टर के सहयोग से किया गया था। रामा शंकर सिंह, चीफ प्रोडक्टिविटी सर्विसेज, टाटा स्टील ने राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह पर संक्षिप्त चर्चा के साथ सभा को सम्बोधित किया। इनमें डॉ. ए के बेहरा, चेयरमैन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, नेशनल काउंसिल, सोमेश बिस्वास, चीफ कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील, डॉ टाटा एल रघु राम, एक्सएलआरआई में एसोसिएट प्रोफेसर, मनोज के. तिवारी, निदेशक, एनआईटीआईई पल्लवी ऐनी आदि शमिल थे।

## श्रीश्री ठाकुर अनुकुल चंद्र जी का 135 वां जन्मोत्सव समारोह 19 को

खबर मन्त्र ब्यूरो



जानकारी देते विनोद साव व सहयोगी।

**जमशेदपुर।** परम प्रेम में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 135 वां जन्मोत्सव एवं सत्संग विहार टाटानगर का 26 वां उद्बोधन दिवस महासम्मेलन 19 फरवरी को एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में सुबह 9:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। समारोह में जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान समेत झारखंड बिहार और उड़ीसा से करीब 40000 भक्तों के भाग लेने की संभावना है। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। यह जानकारी आयोजन समिति के विनोद साव ने संवाददाता सम्मेलन में दी। विनोद साव ने बताया कि महासम्मेलन में देवघर से आचार्य देव अर्कद्वैति के भी भाग लेने की संभावना है। समारोह में देवघर से राजेश खंडेलवाल, डॉक्टर मधु कुमार एवं प्रदीप भट्टाचार्य भाग लेंगे। समारोह में मातृत्व सम्मेलन को कोलकाता से आ रही मिली श्रीवास्तव संबोधित करेंगी। इस अवसर पर एक विशाल मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। दोपहर में ट्रांसपोर्ट मैदान के बगल में स्थित डीएलसी ऑफिस परिसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। ट्रांसपोर्ट मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत आदिवासी नृत्य नृत्य और बंगाल ढाक पार्टी का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम का समापन शाम 7:00 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर चक्रधारी नायक एंड पार्टी की ओर से भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री से मिलने के लिए टाटा से आज साईकिल से दिल्ली रवाना होंगे फूलचंद लकड़ा

खबर मन्त्र ब्यूरो




अपनी साईकिल के साथ फूलचंद लकड़ा।

**जमशेदपुर।** सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त हवलदार फूलचंद लकड़ा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुत बड़े फैन हैं। उनका कहना है कि करोड़ों लोगों के बीच कोई एक मोदी पैदा होता है। इसलिए मैंने उनसे मिलने की ठानी है। प्रधानमंत्री से मिलने के लिए फूलचंद लाकड़ा गुरुवार की सुबह 9:00 बजे से हरहरगुट्ठ स्थित अपने आवास पर साइकिल के जरिए नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। 70 वर्षीय फूलचंद सीआरपीएफ में हवलदार पद से सेवानिवृत हैं। उनका मानना है कि वह टाटा से दिल्ली तक की दूरी 15 दिनों में पूरी करेंगे और दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिलेंगे। मुंडा के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की कोशिश करेंगे। फूलचंद को पूरा भरोसा है कि प्रधानमंत्री उनसे अवश्य मिलेंगे। यह पूछने पर के प्रधानमंत्री से क्यों मिलना चाहते हैं? फूलचद का कहना था कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे दिल से उनका सम्मान करते हैं और उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं।

उनकी कार्यप्रणाली और देश के प्रति उनके प्रेम और त्याग को भी आदर करते हैं। शायद ही किसी प्रधानमंत्री ने देश के लिए इतना समर्पित भाव से काम किया हो और दुनिया भर में देश का नाम रोशन किया है।

## नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में टाटा के रौनी वाइट ने गोल्ड जीता

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** कोलकाता स्थित साल्ट लेक स्टेडियम में में चल रहे पांच दिवसीय, 43 वें नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के बुधवार को दूसरे दिन झारखंड के मास्टर एथलीटों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए अपने -अपने आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल तीन पदक जीतने में कामयाब हुए। इसमें एक स्वर्ण और दो रजत पदक रहा। पदक जीतने वालों में मुख्य रुप से जमशेदपुर के रोनाल्ड रोनी वाइट जिन्होंने 100 मीटर की दौड़ में आयु वर्ग 50 प्लस में स्वर्ण पदक जीता। 60+ आयु वर्ग में बलभद्र मेलगांडी ने 1500मीटर की दौड़ में रजत पदक जीता और 65+आयु वर्ग में आदित्यपुर के अचिंतो प्रमाणिक ने 10,000 मीटर की दौड़ में सफलतापूर्वक रजत पदक जिता। मौके पर एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह अंतर्राष्ट्रीय पोल वॉल्टर गुरुदेव सिंह, एसोसिएशन के सचिव संजीव तोमर टीम आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दिया।

## जेसीएपीसीपीएल ने मानव विकास हाई स्कूल के भवन का किया कायाकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो




विद्यालय भवन पहले ,और कायाकल्प के बाद।



भवन का उद्‌घाटन करते जेसीएपीसीपीएल के जीएम उज्ज्वल चक्रवर्ती।

**जमशेदपुर।** जेसीएपीसीपीएल कंपनी जमशेदपुर द्वारा मानव विकास उच्च विद्यालय गरुड़बासा पश्चिम केंपस स्कूल भवन के प्रथम तल्ला का नवीकरण किया गया है। नवीकृत भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि जेसीएपीसीपीएल के महाप्रबंधक उज्जवल चक्रवर्ती ने किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि उज्जवल चक्रवर्ती ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंधन और बच्चों के कार्यक्रम का प्रशंसा किया उन्होंने भविष्य में मानव विकास उच्च विद्यालय को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। अतिथि का स्वागत विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती रोमा सोही ने स्वागत भाषण के माध्यम से किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सोमा प्रामाणिक और अंजली सुंडी ने बारी बारी से किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष एक के दुआ ने पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय के वर्तमान विकास और भविष्य में सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक आवश्यकताओं को बताया।

धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक कल्याणी चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेसीएपीसीपीएल कंपनी के प्रशांत कुमार, कृत दक्षिणी जूही घोष, अमित पांडे, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमा सोही, उपाध्यक्ष ब्रिगेडियर रणविजय सिंह, उपाध्यक्ष एके दुआ, महासचिव कृष्णा लोहार ,कोषाध्यक्ष एके ठाकुर, प्रधानाध्यापिका कल्याणी चक्रवर्ती, उप प्रधानाध्यापिका सुनीता शर्मा, रायमूल बांद्रा, अजीत तिर्की, सुरेश कर्मकार, सुनील कुमार, कृष्णा लोहार, विष्णु गोप, सुनील कर्मकार उपस्थित थे। उसके अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एवं बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने की शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील

खबर मन्त्र टीम

**मेदिनीनगर/पांकी/तरहसी।** पलामू जिले के पांकी में महाशिवरात्रि की पूजा को ले तोरणद्वार बनाने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद के कारण जमकर झड़प हुई। इससे इलाके में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया।

**झामुमो के राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने शांति और भाईचारे को बनाये रखने की अपील की**

झामुमो के नेताओं का एक प्रतिनिधि दल झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में पांकी का दौर कर दोनों वर्गों को माहौल को शांत रखने और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। इसी तनाव पूर्ण माहौल शांत कराने का बेहतरीन पहल झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में किया गया, जिसकी सराहना सभी लोगो ने मुक्त कंठ से की।



इसी क्रम में भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता, भाजपा नेता लाल सूरज और पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह से भी मिल कर उन्होंने शांति सौहार्द बने इस पर चर्चा की।

साथी ही पांकी थाना में आई.जी राजकुमार लकड़ा, डीसी आंजनेयुलु दोड्डे और एसपी चंदन सिन्हा के साथ बैठक कर सुरक्षा और कानून व्यवस्थाओं की जानकारी ली। प्रतिनिधि दल में सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, गोपाल सिन्हा, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह, युवा नेता सन्नी शुक्ला, यशवंत सिंह, छोटू त्रिपाठी, पांकी प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा, राजेंद्र राम, रेहान खान, अर्जुन सहाय उपस्थित थे।

## विधायक ने की शांति व सौहार्द की अपील



क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील किया है। डॉ मेहता ने आम आवाम से अपील करते हुए कहा है की पांकी विधानसभा क्षेत्र समेत समस्त पलामू जिलावासी हमेशा से शांति और सौहार्द चाहते हैं। विपरीत से विपरीत परिस्थिति में भी एकता व भाईचारगी की मिशाल प्रस्तुत करते रहे हैं।

## बीटू सिंह ने की शांति बनाये रखने की अपील

पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बीटू सिंह ने विधानसभा क्षेत्र सहित आम जन से शांति बनाए रखने की अपील की है। श्री सिंह ने कहा है की पांकी के लोग शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहना चाहते हैं। सभी लोग शांतिप्रिय हैं।

## स्थिति पर पूरी तरह से निगाह रखे हुए है प्रशासन



विधि-व्यवस्था की स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है। प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से निगाह रखे हुए है। प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस के पदाधिकारी दल-बल के साथ स्थल पर कैंप कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में धारा 144 लगा दी गयी है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दे। किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाते पाये जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उपायुक्त दोड्डे, आइजी पलामू राजकुमार लकड़ा, एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने स्वयं स्थल पर कमान संभाल रखी है।

## शांति व्यवस्था बनाये रखने में पांकी के डीएसपी, बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी ने महत्वपर्ण भूमिका निभायी

पांकी में दो पक्षों में झड़प और विवाद सुलझाने में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता , पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बीटू सिंह, पूर्व भाजपा प्रत्याशी अमित तिवारी , लाल सूरज , झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, संजीव तिवारी, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, पांकी प्रमुख समेत कई जनप्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सबों ने आम आवाम से शांति बनाए रखने की अपील किया है।

## रुद्र ने की शांति बनाये रखने की अपील

पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी कांग्रेस नेता रूद्र शुक्ला ने मौके पर पहुंच दोनों पक्ष से मुलकात किया और दोनों पक्षों से बात कर प्रखंड मे शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की और आपसी भाईचारगी रखने का अपील किया।

**पांकी की घटना दुर्भाग्य पुर्ण, आजसू**

सतीश कुमार ने कहा कि आजसू पार्टी पांकी मे साम्प्रदायिक सद्भावना बनाये रखने की अपील करता है। आपसी भाईचारा बनाये रखे व किसी भी बहकावे मे न आये। किसी भी दुष्प्रचार से बचे।

## स्पीड न्यूज

### झरना शिव मंदिर राजहरा में मेला का आयोजन



**नावाबाजार पलामू।** राजहरा झरना शिव मंदिर प्रांगण में बैठक संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता शिव मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष आशीष पांडे जी ने किया सचिव धर्मेंद्र पांडे कोषाध्यक्ष सूरज पांडे तथा सैकड़ों ग्रामीण इस बैठक में उपस्थित थे। बैठक में शिवरात्रि में मेला का सफल संचालन करने, दो दिन मेला लगवाने का निर्णय लिया गया। आमंत्रित गणमान्य अतिथियों के बारे में चर्चा किया गया। बैठक में शामिल राज पांडेय, पुष्कर पांडे, शनि पांडे, राहुल पांडे, अंकू पांडे, अभिषेक पांडेय, शशिरंजन पांडेय, किस्मत महतो, श्रीराम पांडेय, जयप्रकाश पांडेय मौजूद थे।

### विजय कुमार तिवारी भागवत ज्ञान यज्ञ के अध्यक्ष चयनित



**मेदिनीनगर।** ग्राम बारालोटा अवस्थित जनकपुरी मंदिर परिसर में श्री मद्भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ हेतू पदाधिकारियों का चयन किया गया। आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से विजय कुमार तिवारी को अध्यक्ष, सचिव-सुधीर कुमार तिवारी, नित्यानंद तिवारी, सह सचिव- सुभक तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष, श्याम किशोर तिवारी, कोषाध्यक्ष, सुनील तिवारी, उप कोषाध्यक्ष- संतोष कुमार तिवारी, सतेंद्र तिवारी, स्वागताध्यक्ष -छोटू तिवारी, रोहित शुक्ला उपाध्यक्ष-सोनू तिवारी, मनोज तिवारी- उप सचिव, आनंद प्रकाश तिवारी संगठन मंत्री, राजनाथ तिवारी, मनू प्रसाद तिवारी मुख्य संरक्षक, अंकेक्षक-प्रिंस तिवारी विनय तिवारी, मिडिया प्रभारी-मोनू तिवारी सुनील पांडेय पंडाल प्रभारी, बिरेंद्र तिवारी बिंदेश्वरी पांडेय बनाये गये। कार्यकारिणी सदस्यों में टुनटुन तिवारी,मिंटू तिवारी, नंदकिशोर, उपेंद्र तिवारी,सुरज कुमार, संदीप कुमार, यमुना साव, रणवीर पासवान, रामबिजय राम, अजीत तिवारी, मंदिप दुबे, सुधीर तिवारी (सीआरपीएफ) धर्मजीत तिवारी, उजागिर तिवारी, निरंजन पांडेय,संजीव तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, शनि कुमार का नाम शामिल है।

### नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र पलामू के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी अजीत कुमार के नेतृत्व में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन सदर प्रखंड अंतर्गत जमूने पंचायत के सरना स्थल मैदान में किया गया गया। बुधवार को दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का अंतिम दिन सभी खेलों का फाइनल आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी में विजेता सावित्रीबाई फुले टीम एवं उपविजेता रानी लक्ष्मीबाई टीम, दौड़ प्रतियोगिता बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान क्रमशः नंदिनी लकड़ा एवं स्मृति कुजूर,वहीं बालक वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान क्रमशः बिकेश उरांव एवं जुगेंद्र उरांव, फुटबॉल में विजेता सतबरवा टीम एवं उप विजेता पाटन की टीम हुई। कार्यक्रम के समापन में नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अजीत कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि अर्जुन सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा देवी, समाजसेवी सुनील तिर्की, गुणेश्वर साहू सहित अन्य गणमान्य लोगों की गरीमामई उपस्थिति में सभी विजयी खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति प्रपत्र से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सदर प्रखंड के स्वंसेवक एवं डायनेमिक यूथ क्लब के विशाल, करण, पंकज, सोमू, रौशन, रोहन, ओमप्रकाश आदि सदस्यों की मुख्य भूमिका रही।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से अज्ञात वृद्ध की मौत, शिनाख्त नहीं

**हुसैनाबाद।** डीडीयू बीडी सेक्शन के जपला रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज के समीप रेल लाइन पार करने के क्रम में एक 70 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। सूचना मिलने के बाद स्टेशन प्रबंधक व आरपीएफ पुलिस घटना स्थल पहुंच कर उक्त शव को ट्रैक से हटा दिया हैं।विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के दोपहर 2 बजे लगभग रेल ओवरब्रिज के बगल में उक्त व्यक्ति रेल लाइन को पार कर रहा था तभी डाउन रेल लाइन में गुड्स ट्रेन आ रही थी तभी उक्त व्यक्ति उसके चपेट में आ गया हालांकि समाचार लिखे जाने तक उक्त वृद्ध की पहचान नही हो सकी थी।

### अधिवक्ता संघ में नि:शुल्क जांच शिविर आज

**मेदिनीनगर।** आशी केयर हॉस्पिटल पांकी रोड रेडमा व पलामू जिला अधिवक्ता संघ के सौजन्य से 16 फरवरी गुरूबार को 10 बजे दिन से नि:शुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि जांच में अधिवक्ताओं को सहयोग करने के लिए संघ के उपाध्यक्ष मनधारी दुबे, कोषाध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन अजय कुमार पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष रामप्रवेश रजक व कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार पांडेय रहेंगे।

# सरकार व्यवसायियों का शोषण बंद करे : महापौर अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने सरकार की नीतियों के खिलाफ बंद बाजार का भ्रमण करते हुए हेमंत सरकार पर हमला करते हुए कहां है की सरकार लोक कल्याणकारी सरकार बने केवल खतियान यात्रा से कुछ नहीं होगा। एक तरफ सरकार अपने आप को जन कल्याणकारी सरकार बताती दूसरी तरफ व्यवसायियों पर 2% कृषि टैक्स लगाकर खाद्यान्न सामग्री को महंगा और इंस्पेक्टर राज्य लाना चाहती। एक तरफ प्रधानमंत्री आवास जो बालू के अभाव में नहीं बन पा रहा जिसे कैंसिल



किया जा रहा दूसरी तरह उन्हें आवास बनाने के लिए बालू तक सरकार उपलब्ध नहीं करा पा रही साथी पूरे झारखंड का विकास कार्य बालों के अभाव में रुका पड़ा है। महापौर ने कहा मेदनीनगर में पानी की समस्या बढ़ते जा रही सारे पाइपलाइन पुराने हो गए जगह जगह पर फटा पड़ा है, जिसे कई बार पीएचडी को निगम द्वारा पैसा देने के बाद भी पीएचडी काम नहीं करा पा रहा मात्र पैसे का बंदरबांट करता। दूसरी तरफ सरकार घर घर शुद्ध जल की योजना का ढिंढोरा पीट रही। दुर्भाग्य इस बात का है हमारे पीएचडी मिनिस्टर पलामू से हैं लेकिन दिया तले अंधेरा। आज तक मंत्री जी पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना पर अपने विभागीय समीक्षा बैठक नहीं कर पाए फिर कौन सा विकास कर रहे। महापौर ने कहा कि सरकार करोड़ों खर्च कर राज्य में उद्योग लगाने के लिए इन्वेस्टर मीट करती, लेकिन पलामू जैसे खनिज संपदा से भरा 3 विकसित राज्य बिहार, यूपी, छत्तीसगढ़ से जुड़ा प्रमंडल में औद्योगिक भूमि तक नहीं जहां उद्योग लग सके। महापौर ने सीएम से कहा है व्यवसायियों का शोषण बंद कर व्यवसायियों के हित में कार्य करें क्योंकि झारखंड का आर्थिक रीड व्यवसाई हैं जिससे सरकार चलती।

# पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर पर्यावरणविद ने लखनऊ और अयोध्या में किया पौधरोपण

राम जन्मभूमि कारसेवक और पुलवामा के शहीद वीर सपूतों की आत्मा की शांति को कौशल व पूनम ने रोपे पौधे

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलवामा हमले के चौथी बरसी पर इस बार यूपी के लखनऊ और अयोध्या में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और वीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पुलवामा के शहीद वीर सपूतों एवं रामजन्मभूमि के कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम थाईलैंड का बारहमासी आम और परिजात का पौधा लगाकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने संस्था के लोगों के साथ लखनऊ के अंबेडकर पार्क और अयोध्या के बाल्मीकि भवन, प्रमोद वन, बड़ी कुटिया हनुमानगढ़ी, महंत श्री सत्यनारायण दास जी महाराज,बड़ा स्थान जानकी घाट के महंत 1008 रामदास जी महाराज के आश्रम में भी पौधरोपण कर उन्हें पलामू आने का न्योता दिया। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने अपने संबोधन में कहां कि संत,



सरोवर और तरुवर दूसरों को परोपकार के लिए ही पृथ्वी पर आते हैं। उन्होंने कहा कि संत दो प्रकार के होते हैं एक जो घर परिवार छोड़कर लोगों के परमार्थ के लिए काम करते हैं और दूसरा घर गृहस्थ आश्रम में भी रहकर जन कल्याण किया करते हैं। उन्होंने कहा जिनकी आत्मा महान होती है वही महात्मा होते हैं। वहां के संत महंतों ने जायसवाल के पर्यावरण के क्षेत्र में धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले 84 लाख योनि जीवों की सुरक्षा के लिए किये जा रहे कार्यों के लिए साधुवाद देते हुए पलामू आने का निमंत्रण स्वीकार किया। कार्यक्रम में प्रमुख लोगों में श्री श्री 108अनूप प्रकाश दास, भोलू पांडेय, पूनम जायसवाल, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, अल्पना देवी, सूरज कुमार, अभिषेक कुमार, विकास कुमार, पूर्णिमा कुमारी संतोष कुमार आदि शामिल थे।

# जपला महाकालेश्वर धाम में लगेगी भव्य मेला, ग्रामीणों ने किया बैठक

गौतम पटेल

**हुसैनाबाद,पलामू।** शहर मुख्यालय से सटे हुए प्रखण्ड के ऊपरी कला पंचायत अंतर्गत ग्राम लंगरकोट मुरली पहाड़ी, महाकालेश्वर धाम के नाम से प्रसिद्ध पर्यटक केंद्र पर महाशिवरात्रि के दिन विगत कई वर्षों से लगने वाली मेला को इस वर्ष और भव्य बनाने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुआ, जिसका अध्यक्षता के वरिष्ठ डॉ रामचन्द्र चौधरी ने किया एवं संचालन बबलू पटेल ने किया,बैठक में मुरली पहाड़ी पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लगने वाले



मेला को भव्य बनाने पर विचार विमर्श किया गया इसके लिए एक कमिटी बनाया गया।जिसमें डॉ रामचंद्र चौधरी, बबलू पटेल,को संरक्षक व रामवृक्ष सिंह अध्यक्ष, शिवपूजन चौधरी उपाध्यक्ष,पवन पटेल को सचिव कमलेश चौधरी सह सचिव, अरविंद शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर डॉ रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि यह पहाड़ व महाकालेश्वर धाम पूरा हुसैनाबाद के पूजा व पर्यटक स्थल के रूप में विख्यात हैं यहां कई वर्षों से लाखों श्रद्धालुओं के द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक व पूजा अर्चना की जाती रही हैं यह हमलोगों के लिए गर्व का विषय हैं।

महाशिवरात्री को प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु

## संत शिरोमणि रविदास का आदर्श व वाणी प्रेरणादायक : रघुराई राम



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर के कपूर्री मैदान स्थित टाउन हॉल में अखिल भारतीय रविदास महासभा द्वारा संत शिरोमणि श्री रविदास जी के 647 वीं जयंती समारोह सह रविदास सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता बसपा नेता पुनित अम्बेडकर ने किया वही, संचालन शिक्षक सुदेश कुमार सुमन ने किया। कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के समाजिक राजनीतिक व गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम सुरुआत अतिथियों के द्वारा श्री गुरु रविदास जी एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्पांजलि कर किया गया।

## मातृ-पितृ पूजन को आत्मसात करने की आवश्यकता सभी बच्चों को : राकेश पासवान

**मेदिनीनगर।** जनक्रांति सेवा मंच के तत्वधान में स्थान गांधी मैदान बैलवाटिका मैं एक दिवसीय कार्यक्रम मात्री पितृ पूजन दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के अध्यक्ष श्रीमती अरुणा शंकर ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन की और अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज मातृ पितृ पूजन दिवस जनक्रांति सेवा मंच एक सामाजिक सेवा मंच के द्वारा किया गया यह माता पिता एवं उनके बच्चों को उत्साहित करता है कि वैलेंटाइन डे न मना कर मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया जाए और बच्चों को आशीर्वाद दिया जाए, क्योंकि आजकल के बच्चे मुख्य धारा से बिल्कुल अलग नजर आते हैं उन्हें समाज के मुख्यधारा में जोड़ने की पहल करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि झारखंड जनक्रांति मोर्चा जोरावर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने कहा कि पश्चिमी सभ्यता रूढ़िवादी सभ्यता को समाप्त करने के लिए वैलेंटाइन डे को जवाब देने के लिए जिसमें लड़के लड़कियां एक दूसरे को प्रपोज करती है किस डे करती है हग डे करती हैं वैलेंटाइन डे करती है यह समाज को बिगाड़ने का काम होता है। रूढ़िवादी सभ्यता को समाप्त कर मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में प्रत्येक साल मनाना चाहिए ताकि बच्चों को संस्कार संस्कृति भारतीय संस्कृति से जुड़ा जा सके। मुख्य रूप से श्री ललन कुमार वर्मा जी के द्वारा यह कार्यक्रम किया गया जो अति सराहनीय समाज के लिए मेदनीनगर के लिए रहा। उपस्थित सैकड़ों लोगों ने आत्म विभोर होकर कार्यक्रम के अंतर्गत भाव विभोर हो गए और कईयों को आंसू आंख से छलक गए कि जो माता अपने बच्चों को 9 महीना कोख में रखती है लालन पालन करती है और वह बच्चे समाज के मुद्दों से भटक जाते हैं। सैकड़ों स्थानीय लोगों ने इसका गवाह बने साक्षी बने और मातृ पितृ पूजन में शामिल होकर गदगद हो गए। उपस्थित श्री कृष्ण कुमार चौधरी, रंभा देवी, विकास कुमार, शंभू पासवान, राजेश रोशन, राजू कुमार अमिताभ मिश्रा, उदय प्रसाद,महेश कुमार, अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, अविनाश कुमार, विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार, कुश कुमार, जय शंकर कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक के निधन पर शोक



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची के वरिष्ठ रसायन शिक्षक सर्वेश्वर प्रधान के आकस्मिक निधन पर विद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजली अर्पित की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में ईश्वर मृतक शिक्षक के परिवार कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दुःख की घड़ी में विद्यालय परिवार उनके साथ है। विदित हो कि दिवंगत शिक्षक 2020 में सेवा निवृत्त हो चुके थे। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी सेवा अवधि में विस्तार किया था।

## राजहरा कोलियरी में उत्पादन शुरू कराने को लेकर संवेदनशील नहीं हैं महाप्रबंधक : जन्मेजय

**पड़वा पलामू।** आरसीएमएस इंटक के क्षेत्रीय सचिव जन्मेजय पांडेय ने राजहरा क्षेत्र के महाप्रबंधक वासब चौधरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि महाप्रबंधक राजहरा कोलियरी में कोयला का उत्पादन शुरू कराने के प्रति संवेदनशील नहीं है। महाप्रबंधक सीएमडी के साथ साथ पलामू सांसद बीडी राम को राजहरा कोलियरी की वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं करा रहे हैं। जन्मेजय ने आरोप लगाया है कि पानी सुखाने के नाम पर बराबर टेंडर हो रहा है लेकिन जिस गति से पानी सुखाने का काम होना चाहिए था वह नहीं हो रहा है।

## पीडीएफ स्पष्टीकरण पखवाड़ा का 21 फरवरी तक विस्तार : बीडीओ

प्रतिनिधि

**बिश्रामपुर (पलामू)।** पीडीएफ सशक्तिकरण पखवाड़ा 15, से 21 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इसकी जानकारी बिश्रामपुर बीडीओ सह प्रभारी एमओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने दी। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी तक जिन कार्डधारियों का आधार सेटिंग नहीं हो पाए है, उनको राशन नहीं मिल पायेगा।

इसके अलावा कार्ड से नाम भी डिलीट कर दिया जायेगा। इतना ही नहीं जिन डीलर के पास बिना आधार शीडिंग के कार्ड



जानकारी देते बीडीओ।

पाये जायेंगे उनके विरुद्ध भी करवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़ा में शत प्रतिशत आधार शीडिंग का लक्ष्य रखा गया है। जिसे हर हाल मे पूरा करना होगा।

## वाहन जलाने की घटना के बाद प्राथमिकी दर्ज

**मोहम्मदगंज पलामू।** अशोका बिल्डिकन का पेटी कॉन्ट्रेक्टर हिमालया कंट्रक्शन के जेई अमन शुक्ला ने मोहम्मदगंज थाना में घटना की प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया की इस घटना में 4- 5 अज्ञात लोगो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। दर्ज प्राथमिकी के बाद पुलिस इस मामले की कार्रवाई में जुट गई हैं। पुलिस घटना में शामिल उग्रवादियों की पहचान कर उनके खिलाफ एक अभियान के तहत उन्हें गिरफ़्तार करने में पुलिस सफल होगी। मालूम हो कि बीती रात भीम चूल्हा के समीप हिमालया कंट्रक्शन के साइट पर उग्रवादियों ने हमला कर एक वाहन को जला दिया है।

# हीरो मोटोकॉर्प ने लांच किया 110 सीसी स्कूटर-जूम

## भविष्य को ध्यान में रखकर बनायी गयी डिजाइन, एडवांस टेक्रोलॉजी

- स्कूटर के तीनों वेरिएंटस में एलएक्स शीट ड्रम की शुरूआती कीमत 68599 रूपये है, वीएक्स कास्ट ड्रम 71799 रूपये में उपलब्ध है, जेड एक्स कास्ट ड्रम की कीमत 76699 रूपये में उपलब्ध है

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मोटरसाईकिल व स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने नया 110 सीसी स्कूटर जूम लांच किया। मौके पर श्याम रंजन ने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प स्कूटर की श्रेणी को फिर से स्कूटर सेगमेंट में तकनीक से लैस अपने सफर के नये चरण पेश किया है। यह स्कूटर उपभोक्ताओं को आकर्षित कर रही है इसकी खुबसूरती। सावधानी से डिजाइन विकसित किया गया है। इसके जबर्दस्त रफ्तार, परफॉर्मेंस उपभोक्ताओं को प्रदान किया गया है। इंडस्ट्री में पहली बार नये फीचर के रूप में हीरो टंटेलिजेंट कॉर्नरिंग लाईट और सेगमेंट में पहली बार नये फीचर्स चौड़ा टायर व 110 सीसी




सेगमेंट में तेज रफ्तार के साथ स्कूटर अपने ओनर्स को बेमिसाल गतिशीलता के अनुभव की गारंटी देता है। एचआईसीएल ने हीरो जूम के साथ 110 सीसी सेगमेंट में अपना डेब्यू किया है। यह अपने ग्राहकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है। रात में इस स्कूटर पर रौशनी से सुरक्षित सफर ग्राहक कर सकते हैं। नया डिजिटल स्पीडोमीटर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी व साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ स्कूटर की टेक्निकल प्रोफाइल में नया आयाम जोड़ता है। स्कूटर के तीनों वेरिएंटस में एलएक्स शीट ड्रम की शुरूआती कीमत 68599 रूपये है। वीएक्स कास्ट ड्रम 71799 रूपये में उपलब्ध है।

जेड एक्स कास्ट ड्रम की कीमत 76699 रूपये में उपलब्ध है। ये कीमते एक्स शो रूम दिल्ली की है। मौके पर श्याम रंजन, भोला अग्रवाल समेत कई लोग शामिल थे।

# सतबरवा प्रखंड के पोची पंचायत में पंचायत स्तरीय समिति गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** युवा जागृति केंद्र के द्वारा सतबरवा प्रखंड के पोची पंचायत के हलुमाड़ -सखुआटांड़ मे सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने युवा जागृति केंद्र की सदस्यता ली एवं पंचायत स्तरीय समिति का निर्माण किया। जिसमें सर्वसम्मति से श्याम लाल सिंह को अध्यक्ष, विजय बैठा को सचिव, संगीता देवी एवं निमार्णी देवी को सह सचिव एवं विजय सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा सरकार की अनदेखी और पक्षपातपूर्ण नीतियों का नतीजा है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी बदहाली का जीवन जीने को विवश हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को संगठित होकर समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करना होगा। जनप्रतिनिधियों के स्वार्थ पूर्ण व्यवहार के कारण आज भी अव्यवस्था बनी हुई है। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा युवा जागृति केंद्र



के प्रसार से ग्रामीण जनता में समस्याओं के समाधान हेतु आशा जगी है इसे युवा जागृति केंद्र किसी भी परिस्थिति में पूरा करेगा। जिला सचिव प्रेम जी कुमार चौहान ने कहा शीघ्र ही सतबरवा प्रखंड में युवा जागृति केंद्र का प्रसार कर ग्राम स्तरीय समितियां भी बनाई जाएंगी। प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार संगठन में नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। मौके पर जिला सचिव अमित रंजन, छोटू तिवारी, बलवंत चौहान एवं आशीष बैठा, चंद्रदेव सिंह, प्रदीप शुक्ला, प्रमोद कुमार, प्रेम कुमार सिंह, बिंदा देवी, सहजीता बीबी, सुरेंद्र सिंह, शीतल देवी, वीणा देवी, कलमुद्दीन अंसारी, मुस्लिम अंसारी एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## टी20 : मोहम्मद नबी अफगानी टीम से बाहर

**काबुल।** यूएई के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए 18 सदस्यीय अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। स्टार लेग स्पिनर राशिद खान टीम का नेतृत्व करेंगे। आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद कप्तानी छोड़ने वाले मोहम्मद नबी को बाहर कर दिया गया है। जहीर खान के साथ रहमत शाह, जो एकदिवसीय टीम में नियमित रहे हैं, को टीम में शामिल किया गया है। शराफुद्दीन अशरफ, जो टी20 विश्व कप के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे, को भी टीम में शामिल किया गया है।

## जॉर्डन और एलिक वेस्टइंडीज टेस्ट टीम में शामिल

**सेंट जॉन्स।** विंडवर्ड द्वीप समूह के कप्तान एलिक अथानाजे और बारबाडोस के तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन को 28 फरवरी से सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। 2017-18 में न्यूजीलैंड में खेले गए अंडर-19 विश्व कप में पहली बार 104.50 के औसत से चर्चा में आने वाले अथानाजे के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 31.18 की औसत से 1154 रन हैं। त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाफ 41 और 51 रन बनाने के साथ-साथ गुयाना के खिलाफ अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 141 रन के साथ, वह चल रही चार दिवसीय वेस्टइंडीज चैंपियनशिप में भी अच्छी फॉर्म में हैं।

## आंखों में एक्सरे मशीन लगाकर पिच निहारते धरे गए ऑस्ट्रेलियाई

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम 17 फरवरी से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट खेलेगी। इस मुकाबले के लिए दिल्ली पहुंचे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बड़ी तन्मयता से पिच की स्टडी करते दिखे। ऐसा लगा जैसे वह समझने की कोशिश कर रहे हों कि पिच का मिजाज क्या है। डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस ने लंबी बातचीत भी की। पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ सपोर्ट स्टाफ से ग्राउंड पर बात करते नजर आए। उनका साथ ऐसा इशारा कर रहा है मानो गेंद की उछाल के बारे में बता रहा है। इसके बाद एक और तस्वीर सामने आई जिसमें वह हाथ से स्पिन जैसा इशारा करते नजर आए।

## भारत का रैंकिंग में जलवा, नंबर-1 टीम के पास बेस्ट बल्लेबाज-गेंदबाज और ऑलराउंडर

# अश्विन टेस्ट में नंबर-2 रोहित ने भी लगाई छलांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया है। वह क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी20) में शीर्ष पर पहुंच गई है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में जीत के बाद टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया। टीम इंडिया ने नागपुर में पारी और 132 रनों से जीत हासिल की थी। भारत इससे पहले वनडे और टी20 में भी पहले स्थान पर था। भारत का दबदबा आईसीसी रैंकिंग में लगातार बढ़ता जा रहा है।

**टेस्ट टीम रैंकिंग :** भारत को पहले स्थान पर जाने के लिए विश्व की नंबर-2 टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल करनी थी। उसने नागपुर में कंगारूओं को बड़े अंतर से हराया। इस जीत के बाद भारत के 115 रेटिंग अंक हो गए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। इंग्लैंड 106 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर है।

**वनडे टीम रैंकिंग :** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले महीने समाप्त हुई वनडे सीरीज में जीत के बाद पहला स्थान हासिल किया था। उसे इंदौर में खेले गए आखिरी वनडे मैच में 90 रनों से जीत मिली थी। सीरीज को 3-0 से जीतने के बाद भारत वनडे रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गया था। उसके 114 रेटिंग अंक हैं। दूसरे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के 112 और तीसरे स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड के 111 रेटिंग अंक हैं।

**टी20 टीम रैंकिंग:** भारत आईसीसी टी20 रैंकिंग में भी पहले स्थान पर है। उसके 267 रेटिंग अंक हैं। इंग्लैंड उससे एक रेटिंग अंक ही पीछे हैं। वह 266 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है।



बल्लेबाजों की सूची में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को नागपुर में शतकीय पारी खेलने का फायदा हुआ और वह 10वें से आठवें पायदान पर पहुंच गये है।

### अश्विन गेंदबाजी में दूसरे पायदान पर

नागपुर टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी का कमाल साफतौर पर देखने को मिला था, जिसमें दोनों ने मिलकर मैच में कुल 15 विकेट हासिल किए थे। अब अश्विन ताजा आइसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में चौथे पायदान से सीधे दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं जिसमें उनके 846 रेटिंग अंक हैं। वहीं पहले स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से उनका अंतर 21 रेटिंग अंक का रह गया है।

**वनडे रैंकिंग में टॉप-5 में कौन**

वनडे रैंकिंग की बात करें तो भारत (114) पहले, ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर है। उसके 112 पॉइंट्स हैं, न्यूजीलैंड (111) तीसरे, इंग्लैंड (111) चौथे और पाकिस्तान (106) 5वें नंबर पर है।

**टी-20 में टॉप-5 टीमें कौन?**

टी-20 रैंकिंग में भारत 267 अंकों के साथ पहले नंबर पर है, जबकि इंग्लैंड 266 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। पाकिस्तान (258) तीसरे, साउथ अफ्रीका (256) और न्यूजीलैंड (252) क्रमशः चौथे और 5वें नंबर पर है।

**टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग:** क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट टी20 में भारत के सूर्यकुमार यादव नंबर-1 बल्लेबाज हैं। वह टी20 विश्व कप के दौरान पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान दूसरे पायदान पर हैं। रिजवान के 836 रेटिंग अंक हैं।

**वनडे गेंदबाजी रैंकिंग:** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज वनडे में गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद सिराज पहले स्थान पर पहुंचे थे। उनके 729 रेटिंग अंक हैं। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के जोस हेजलवुड हैं। उनसे सिराज के दो रेटिंग अंक ज्यादा हैं।

**टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग:** छह महीने बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी करने वाले रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में दो विकेट लिए थे। इसके अलावा जडेजा ने 70 रनों की पारी भी खेली थी। वह 424 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं। उनके बाद दूसरे पायदान पर भारत के रविचंद्रन अश्विन हैं।

### विराट को अनकैप्ड गेंदबाज ने जमकर किया परेशान



**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कोहली अपनी टीम के अन्य खिलाड़ियों से आधे घंटे पहले फिरोजशाह कोटला मैदान पहुंचे और सीधे ड्रेसिंग रूम में चले गये। चंद मिनटों के बाद वह ड्रेसिंग रूम से बाहर निकले और नेट अभ्यास के लिए चले गये। वह बल्लेबाजी अभ्यास में अतिरिक्त समय चाहते थे इसलिए टीम के दूसरे खिलाड़ियों से पहले स्टेडियम पहुंचे।

**सौरभ कुमार ने किया परेशान:** विराट कोहली उन परिस्थितियों का अभ्यास करना चाहते थे जहां गेंद अपने आप किसी भी दिशा में स्पिन हो सकती थी। भारत ए टीम में नियमित तौर पर खेलने वाले उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार की बाएं हाथ की गेंदबाजी ने उन्हें परेशान किया। कोहली को ऐसी गेंदों पर अधिक परेशानी हो रही थी जो टप्पा खाने के बाद ज्यादा उछाल नहीं ले रही थी। उन्होंने पुलकित नारंग और ऋतिक शौकिन की ऑफ स्पिन गेंदबाजी पर भी अभ्यास किया।इस दौरान कोहली उस तरह की लय में नहीं दिखे जिसके लिए वह जाने जाते हैं। कोटला मैदान की पिच भी नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच की तरह धीमी रहने की उम्मीद है। नागपुर टेस्ट में कोहली ऑफ स्पिनर टॉड मरफी की गेंद पर आउट हुए थे। कोटला की पिच पर थोड़ी घास है लेकिन जानकार बताते है कि यह घास सिर्फ पिच की मिट्टी को बांधे रखने के लिए है।

## सानिया मिर्जा को आरसीबी ने दी बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी



**बेंगलुरू।** पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना आखिरी ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट खेलने वाली भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम ने आगामी महिला प्रीमियर लीग के लिए अपना मार्गदर्शक बनाया है। आरसीबी के एक बयान में सानिया ने कहा, आरसीबी महिला टीम से मार्गदर्शक के रूप में जुड़ना मेरे लिए खुशी की बात है। सानिया ने कहा, भारतीय महिला क्रिकेट ने महिला प्रीमियर लीग के रूप में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा है और मैं वास्तव में इस क्रांतिकारी कदम का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। आरसीबी आईपीएल में एक लोकप्रिय टीम और वर्षों से बहुत अधिक फॉलो की जाने वाली टीम रही है। मैं उन्हें महिला प्रीमियर लीग के लिए एक टीम बनाते हुए देखकर बेहद खुश हूं। यह देश में महिलाओं के क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। महिला क्रिकेटरों के लिए नए दरवाजे खोलेगा और खेल को युवा लड़कियों और युवा माता-पिता के लिए करियर की पहली पसंद बनाने में मदद करेगा।

# महिला टी20 विश्व कप : इंडिया ने वेस्टइंडीज को धोया

## दीप्ति शर्मा का इतिहास में दर्ज हुआ नाम

एजेंसी



**केपटाउन।** भारत ने महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के मैच में वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के बाद ग्रुप में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। इंग्लैंड बेहतर रन रेट के साथ पहले स्थान पर है। वहीं दूसरी तरफ वेस्टइंडीज की टीम ने लगातार दूसरा मुकाबला गंवा दिया है। टीम के लिए सेमीफाइनल की रेस मुश्किल हो गई है। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 118 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच हुई अर्धशतकीय साझेदारी की बदौलत वेस्टइंडीज को 6 विकेट से रौंदा। वेस्टइंडीज द्वारा मिले 119 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत दमदार रही। पहले दो ओवर में ही मंधाना और शेफानी ने 6 चौके जड़ दिए थे। हालांकि मंधाना 7 गेंद में 10 रन बनाकर आउट हो गईं। अगले ओवर में जेमिमाह रोड्रिग्स सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गई। शेफाली वर्मा भी आठवें ओवर में 23 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद हरमनप्रीत और घोष ने चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी करके टीम को जीत के करीब पहुंचाया। हरमनप्रीत कौर 42 गेंद में 33 रन बनाकर पवेलियन लौटी। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन दूसरे ओवर की पहली गेंद पर ही पूजा वस्त्राकर ने ऋचा घोष के हाथों कैच कराकर कप्तान हेली मैथ्यूज की दो रन की पारी को खत्म किया।

**केपटाउन।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 में टीम इंडिया के लिए ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लिये। उन्होंने एक ही ओवर में दो विकेट चटकाए। उन्होंने वेस्टइंडीज को दो सेट बल्लेबाज स्टैफनी टेलर और कैंपबेल को आउट किया। आखिरी ओवर में दीप्ति को अफी फ्लेचर का भी विकेट मिला। इस विकेट के साथ ही उन्होंने इतिहास रच दिया।

**टी20 इंटरनेशनल में 100 विकेट पूरे**

दीप्ति शर्मा के टी20 इंटरनेशनल मैच में 100 विकेट पूरे हो गए हैं। 89वां मैच खेल रही दीप्ति ने ये विकेट 19.07 की औसत से लिए हैं। उन्होंने 2016 में भारत के लिए टी20 डेब्यू किया था। तब से अपनी दाएं हाथ की ऑफ स्पिन गेंदबाजी से कमाल कर रही हैं। अपने पहले ही मैच में 4 ओवर की गेंदबाजी ने दीप्ति ने 19 रन देकर एक विकेट लिये थे। उनका बेस्ट प्रदर्शन 10 रन देकर 4 विकेट है।




## पाकिस्तान सुपर लीग में बाबर आजम के साथ विदेशी खिलाड़ी खाली बोतल कूड़ेदान में डालते आए नजर, वीडियो हुआ वायरल

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग के आठवें सीजन का आगाज हो चुका है। 13 फरवरी को लाहौर कलंदर्स और मुल्तान सुल्तान के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले के साथ नए सीजन की शुरूआत हुई। इस सीजन की शुरूआत दमदार तरीके से हुई है। शुरूआती दोनों मुकाबले काफी रोमांचक हुए हैं। मंगलवार को बाबर आजम के नेतृत्व वाली पेशावर जाल्मी ने कराची किंग्स को एक करीबी मुकाबले में मात दी। वहीं मैच के दौरान का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बाबर आजम के साथ-साथ विपक्षी टीम के खिलाड़ी भी बाउंड्री लाइन के बाहर खाली बोतलों और टिशू पेपर को टस्टबीन में डालते हुए नजर आ रहे हैं। पेशावर जाल्मी बनाम कराची किंग्स मैच के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ी बाउंड्री लाइन के बाहर फैले हुए पानी के खाली बोतलों को उठाकर कूड़ेदान में डालते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## झूमे जो पठान... डांस करते दिखे कोहली

**नयी दिल्ली।** शाहरुख खान की पठान बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। शाहरुख के फैंस फिल्म के हर गाने पर थिरक रहे हैं। 'झूमे जो पठान' गाने के डांस स्टेप्स ऑनलाइन सेंसेशन बन गए हैं और भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी भी गाने की बीट्स पर थिरकते नजर आए। नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मुकाबले के दौरान विराट कोहली और रविंद्र जडेजा मूव्स दिखाते नजर आए। अब ये डांस जमकर वायरल हो रहा है।

## वार्विकशायर ने मैक्सवेल के साथ किया करार



**लंदन।** वार्विकशायर ने 2023 टी20 ब्लास्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के साथ करार किया है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली के बाद मैक्सवेल क्लब की दूसरी विदेशी साइनिंग होगी। मैक्सवेल के रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ आईपीएल खेलने के बाद टीम में शामिल होने की उम्मीद है। कोच मार्क रॉबिन्सन ने कहा, "यह एक अद्भुत करार है। मैक्सवेल विश्व क्रिकेट में सबसे तेज स्कोर करने वालों में से एक हैं और मुझे यकीन है कि वह बियर्स के प्रशंसकों के पसंदीदा होंगे। वह हमारे लिए एकदम सही टी20 बल्लेबाज है। वह शानदार शॉट्स के साथ एक पावर हिटर हैं जो विरोधी पक्षों के लिए फील्ड सेट करना कठिन बना देते हैं, साथ ही वह एक उत्कृष्ट क्षेत्ररक्षक भी हैं। मैं ग्लेन का टीम में स्वागत करना का और इंतजार नहीं कर सकता।

## सुरक्षा बलों ने सौ एकड़ से अधिक में लगे अफीम को किया नष्ट

एजेंसी

**गया।** सुरक्षा बलों की ओर से गया के डुमरिया प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र छकरबंदा एवं पननवाटांड के जंगलों में लगातार कार्रवाई कर अवैध अफीम खेती को नष्ट किया जा रहा है। अब तक सौ से अधिक एकड़ में लगी फसल को नष्ट कर खेती करने वाले के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। बुधवार को डुमरिया प्रखंड के भदवर थाना क्षेत्र के भोकहा पंचायत अंर्तगत नवीगढ के जंगलो में लगभग 16.5 एकड़ वन विभाग की भूमि में लगी अफीम की फसल को बुधवार को नष्ट किया। नवीगढ के जंगलो में अफीम नष्टिकरण करण अभियान में अंचल अधिकारी डुमरिया मो कौसर इमाम,एक्साईज विभाग के नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार, एनसीबी पटना के अधिकारी रामअयोध्या कुमार, भदवर थाना सहायक अवर निरीक्षक मिश्री प्रसाद, एसएसबी 29 डुमरिया के सहायक कमाइंडेंट मिथलेश कुमार, सब इस्पेक्टर सतबीर मीना, वन विभाग के अधिकारी के अलावा काफी संख्या में सुरक्षाबल मौजूद थे।

## 25 फरवरी को पटना आयेंगे अमित शाह : विवेक ठाकुर

एजेंसी

**नवादा।** भाजपा नेता, राज्यसभा सांसद एवं समारोह के संयोजक विवेक ठाकुर ने नवादा परिसदन में बुधवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 25 फरवरी 2023 दिन शनिवार को 12 बजे पटना के बापू सभागार में स्वामी सहजानंद सरस्वती जयंती समारोह सह किसान-मजदूर समागम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विवेक ठाकुर समागम की सफलता हेतु पूरे बिहार में जन-आमंत्रण यात्रा पर हैं। इसी क्रम में उन्होंने नवादा जिला में लोगों को खुला निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा बिहार के कोने-कोने से किसान भाइयों व मजदूर भाइयों को जोड़ने का संकल्प है।

## आनंद मोहन और लवली आनंद की बेटी की शादी में शामिल हुए वीवीआइपी

# सीएम नीतीश ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद

एजेंसी

**पटना।** पूर्व सांसद आनंद मोहन और पूर्व सांसद लवली आनंद की बेटी सुरभि आनंद की शादी मुंगेर के राजहंस सिंह के साथ हो रही है। पटना के चक-बैरिया के विश्वनाथन फार्म पर बारात से पहले वीआईपी मूवमेंट शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत ललन सिंह, मंत्री विजय चौधरी, मंत्री अशोक चौधरी, ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर और पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव पहुंचे हैं। सभी ने दूल्हा राजहंस व दुल्हन सुरभि को आशीर्वाद दिया है। आनंद मोहन और लवली आनंद ने अपनी इकलौती बेटी की शादी की बहुत बड़ी तैयारी की है। बड़ी संख्या में लोगों को आमंत्रण दिया गया है। दामाद राजहंस धनबाद रेल मंडल में एआरएम हैं। उन्होंने केन्द्रीय सिविल सेवा की परीक्षा पास की है। बता दें कि आनंद मोहन तत्कालीन डीएम कृष्णैया की भीड़ द्वारा पीट-पीट कर मारे जाने के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। बेटी की शादी के लिए उन्हें 15 दिनों का पेरौल दिया गया है।



### 17 एकड़ के फार्म्स को दुल्हन की तरह सजाया गया

पटना के चक बैरिया स्थित द विश्वनाथ फार्म्स में पूर्व सांसद आनंद मोहन की इकलौती बेटी सुरभि आनंद की शादी हो रही है। इसके लिए फार्म्स को दुल्हन की तरह सजाया गया है। शादी में आने वाले वीवीआईपी और वीआईपी गेस्ट्स के लिए अलग से प्रबंध है। वेन्यू में होने वाली इस बड़ी शादी में 10 हजार से अधिक लोग शामिल हो रहे हैं। आनंद मोहन ने पहले भी यह कहा था कि बेटी की शादी में आने वाले अतिथियों के स्वागत के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। शादी में आने वाले गेस्ट्स के लिए 100 से ज्यादा व्यंजनों को बनाया गया है। इसमें बारातियों के लिए केवल शाकाहारी व्यंजनों का प्रबंध किया गया है। इसमें मॉकटेल से लेकर खाने में कई तरह के वेज आइटम्स तैयार हुए हैं। इसके अलावा आनंद मोहन की तरफ से आने वाले 10 हजार से अधिक गेस्ट्स के लिए कई तरह की मिठाइयां बनाई गई हैं। साथ ही मेन कोर्स के लिए नॉन वेज के कई आइटम्स तैयार किए गए हैं।

पेज 1 का शेष...

### एक साल से मुर्दे खा...

राज्य के हरेक अंत्योदय राशन कार्डधारी को हर महीने 35 किलो अनाज (7 किलो गेहूं और 28 किलो चावल) और 1 किलो चीनी के अलावा केरोसिन तेल दिया जाता है। इसके अलावा मुख्यमंत्री धोती साड़ी योजना के तहत उन्हें साल में दो बार धोती-साड़ी और लूंगी का लाभ भी दिया जाता है। 7 किलो गेहूं के लिए सरकार 180 रुपये और 28 किलो चावल के लिए सरकार 1027 रुपये का अनुदान देती है। वहीं धोती साड़ी पर हर 6 महीने में 400 खर्च किए जाते हैं। यानी कि मुर्दे भी हर महीने 1200 रुपये का अनाज खा रहे हैं और साल में दो बार कपड़ा पहन रहे हैं।

### जनता की सुरक्षा ही ...

उन्होंने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान को और तेज किया जायेगा। डीजीपी के मुताबिक, राज्य में हर स्थिति में हर तरह के अपराध पर लगाम लगाना है। नक्सलियों के खिलाफ वे टीम बनाकर बेहतर कार्य करेंगे।

### राज्य के 800 से अधिक...

आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। व्यापारियों ने मांग की है कि इस बिल को सरकार वापस ले। रांची चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय माहुरी ने कहा कि इस बिल के खिलाफ हमने 8 फरवरी को भी 1 दिन का बंद रखा था। उसके बाद आंदोलन चलाया ताकि सरकार हमारी बातों को सुने, लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। यही कारण है कि मजबूर होकर हमलोगों ने अनिश्चित काल खाद्यान्न की आवक और जावक को बंद करने का फैसला लिया। सरकार कोई समाधान निकाले : झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने कहा कि हम हमेशा से चाहते थे कि सरकार इस पर वार्ता कर कोई समाधान निकाले, लेकिन सरकार ने अब तक कोई पहल नहीं की है। **मंत्री का पुतला फूंका :** गिरिडीह में चैंबर ऑफ कॉमर्स के निर्मल झुनझुनवाला, प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में राकेश मोदी, बंटी जैन काफी संख्या में स्थानीय थोक व्यापारी ने टावर चौक पर कृषि मंत्री का पुतला फूंका, जबकि फेडरेशन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने कहा की अब हालात ऐसे हो चुके हैं कि अधिकारियों द्वारा जो सुझाव सरकार और उनके मंत्रियों को दिया जाता है वो तुरंत मान लेते हैं। इसका परिणाम है हेमंत सरकार द्वारा विधासभा में पारित कराया गया कृषि टैक्स। जिसका खामियाजा सिर्फ एक दुकानदार नहीं, बल्कि हर कारोबारी को भुगतना होगा. जब हर कारोबारी को अकारण टैक्स देना होगा। एक तरफ से सरकार आम जनता पर अलग से बोझ डालना चाहती है।

### दिल में छुपा कर प्यार का...

श्री बैस ने कहा कि झारखंड आने के बाद वह यहां जिस गति से विकास कराना चाहते थे, उस गति से नहीं करा पाया। लॉ एंड ऑर्डर को ठीक कराने का उन्होंने हर संभव प्रयास किया। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड में सबसे अच्छा यह लगा कि यहां के लोग बहुत सीधे सादे हैं लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा मलाल इस बात का रहा कि यहां कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। इसके लिए उन्होंने कई बार अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया, बावजूद स्थिति सुधर नहीं पाई। झारखंड में काम करने की स्पीड बहुत स्लो है। यह राज्य छत्तीसगढ़ उत्तराखंड से काफी पीछे रह गया है।

# पांच साल में बनेंगे दो लाख पैक्स

## मंत्रिमंडल ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को दी मंजूरी , 4800 करोड़ होंगे खर्च

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगले पांच साल में दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) एवं डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां गठित करने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। फिलहाल देशभर में करीब 63,000 पैक्स समितियां सक्रिय हैं। ठाकुर ने कहा कि सरकार देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूती देने के लिए जमीनी स्तर पर सहकारी समितियों का गठन करना चाहती है। अगले पांच वर्षों में करीब दो लाख सहकारी समितियों के गठन का



लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान प्रत्येक पंचायत में एक पैक्स समिति बनाने के साथ व्यवहार्य होने पर वहां एक डेयरी सहकारी समिति बनाने और हरेक तटीय पंचायत एवं विशाल जलाशय वाली पंचायत में मत्स्यपालन समिति बनाने की भी योजना है। ठाकुर ने कहा कि इस प्रस्ताव को विभिन्न सरकारी योजनाओं के मेलमिलाप के साथ

**फिलहाल देशभर में करीब 63,000 पैक्स सक्रिय हैं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे : ठाकुर**

लागू किया जाएगा। यह प्रस्ताव सहकारी समितियों को अपने उद्देश्य के लिए जरूरी ढांचा खड़ा करने और उसे आधुनिक रूप देने के लिए भी सशक्त करेगा। यह योजना सहकारी समितियों के सदस्य किसानों को खरीद एवं विपणन की सुविधाएं मुहैया कराएगी जिससे उनकी आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होने की भी उम्मीद है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने गत वर्ष जून में पैक्स समितियों को सक्षम बनाने के लिए उनके कंप्यूटरीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत किया था। इससे उनके कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही आने की भी उम्मीद जताई गई थी। देशभर में सक्रिय करीब 63,000 पैक्स समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए 2,516 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है जिसमें केंद्र की हिस्सेदारी 1,528 करोड़ रुपये की है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के सामरिक महत्व के उत्तरी सीमावर्ती इलाकों के विकास के लिए केंद्र पोषित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्रामको बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी जिस पर 4800 करोड़ रुपए के खर्च का प्रावधान किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 के दौरान लागू किया जायेगा। इसके लिये 4800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जिसमें 2500 करोड़ रुपए सड़कों के निर्माण पर खर्च किए जाएंगे। ठाकुर ने कहा कि यह देश की उत्तरी सीमा के सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण है। इससे इन सीमावर्ती गांवों में सुनिश्चित आजीविका मुहैया करायी जा सकेगी जिससे पलायन रोकने में मदद मिलेगी।

इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। सरकारी बयान के अनुसार, इस कार्यक्रम से चार राज्यों एवं एक केंद्र शासित प्रदेश के 19 जिलों और 46 सीमावर्ती ब्लाकों में आजीविका के अवसर और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। इससे उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्र में समावेशी विकास सुनिश्वित हो सकेगा। इस कार्यक्रम से यहां रहने वाले लोगों के लिये गुणवत्तापूर्ण अवसर प्राप्त हो सकेंगे। इससे समावेशी विकास हासिल करने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या को बनाए रखने में सहायता मिलेगी। इस कार्यक्रम के पहले चरण में 663 गांवों को शामिल किया जाएगाा। इस योजना का उद्देश्य उत्तरी सीमा के सीमावर्ती गांवों में स्थानीय, प्राकृतिक और अन्य संसाधनों के आधार पर आर्थिक प्रेरकों की पहचान और विकास करना तथा सामाजिक उद्यमिता प्रोत्साहन, कौशल विकास तथा उद्यमिता के माध्यम से युवाओं व महिलाओं को सशक्त बनाना है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत इन इलाकों में विकास केंद्र विकसित करने, स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और विरासत को प्रोत्साहन देकर पर्यटन क्षमता को मजबूत बनाने और समुदाय आधारित संगठनों, सहकारिता, एनजीओ के माध्यम से ह्लएक गांव एक उत्पादह्व की अवधारणा पर स्थायी इको-एग्री बिजनेस के विकास पर ध्यान केंद्रीत किया जायेगा। बयान के अनुसार, वाइब्रेंट विलेज कार्य योजना को ग्राम पंचायतों की सहायता से जिला प्रशासन द्वारा तैयार किया जाएगा। केंद्रीय तथा राज्य योजनाओं की शत-प्रतिशत पूर्णता सुनिश्चित की जाएगी।

## बीबीसी के दिल्ली व मुंबई दफ्तरों में आइटी का सर्वे दूसरे दिन जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित कार्यालयों में आयकर (आईटी) विभाग का 'सर्वे' बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि 'सर्वे' अभियान मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे शुरू हुआ था, जो पूरे दिन और यहां तक कि रात भर भी जारी रहा और वर्तमान में दिल्ली और मुंबई में चल रहा है।

इस बीच, ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने की जानकारी दी है। ब्रॉडकास्टर ने साथ ही अपने कर्मचारियों को वेतन से जुड़े अन्य सवालों के जवाब देने का निर्देश दिया है। कर्मचारियों से कहा गया

**बीबीसी अपने कर्मचारियों को वेतन से जुड़े अन्य सवालों के जवाब देने का निर्देश दिया**

है कि वे अधिकारियों के साथ सहयोग करें और उनके सवालों का व्यापक जवाब दें।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आईटी विभाग का सर्वे अकाउंट्स पर केंद्रित है। बीबीसी द्वारा 'इंडिया: द मोदी क्वेश्चन' नामक दो-पार्ट की डॉक्यूमेंट्री जारी करने के कुछ हफ्ते बाद आईटी विभाग द्वारा अभियान चलाया गया, जो 2002 गुजरात दंगों पर केंद्रित है। डॉक्यूमेंट्री के वायरल होने के बाद पूरे देश में हंगामा मच गया, और बाद में इसे सभी प्लेटफार्मों के साथ-साथ सोशल मीडिया आउटलेट्स से भी हटा दिया गया। कांग्रेस के नेतृत्व में कई विपक्षी दलों ने बीबीसी के परिसरों में सर्वे कार्यों की आलोचना की है।



त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव कराने के लिए मतदान केंद्र रवाना होते कर्मचारी और पुलिसकर्मी।

## त्रिपुरा में चुनाव आज, तैयारी पूरी

**अगरतला।** त्रिपुरा में 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए गुरुवार को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) जी. किरणकुमार दिनाकरो ने दी। दिनाकरो ने बताया कि 3,337 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा, जिनमें से 1,100 की पहचान संवेदनशील और 28 की पहचान अति संवेदनशील के रूप में की गई है। चुनाव में मुख्य रूप से भाजपा-आईपीएफटी गठबंधन, माकपा-कांग्रेस गठबंधन और पूर्वोत्तर राज्य के पूर्व शाही परिवार के वंशज द्वारा गठित एक क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा

**3,337 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात से शाम चार बजे तक होगा मतदान**

हैं। वोटों की गिनती 2 मार्च को होगी। सीईओ ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए 31,000 मतदानकर्मी और केंद्रीय बलों के 25,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किये गए हैं। इसके अलावा, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सशस्त्र पुलिस और राज्य पुलिस के 31,000 कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एहतियाती उपायों के तहत राज्य भर में पहले ही निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और यह 17 फरवरी की सुबह छह बजे तक लागू रहेगी।

## दूसरी बार अयोग्य घोषित किये गये अब्दुल्ला आजम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की स्वार सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अब्दुल्ला आजम को बुधवार को राज्य विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही उनकी सीट भी रिक्त हो गई है। अब्दुल्ला सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के बेटे हैं और ऐसा दूसरी बार है जब अब्दुल्ला को अयोग्य घोषित किया गया है। विधानसभा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब्दुल्ला आजम को 15 साल पुराने एक मामले में मुरादाबाद की अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया गया है। उनकी सीट गत 13 फरवरी से रिक्त मानी जाएगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अगर किसी जनप्रतिनिधि को दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है तो उसे तत्काल विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य मान लिया जाता है और सजा काटने के बाद वह छह और सालों तक चुनाव नहीं लड़ सकता। गौरतलब है कि मुरादाबाद की एक अदालत ने वर्ष 2008 में गलत तरीके से धरना-प्रदर्शन करने के मामले में पिछले सोमवार को आजम खां और अब्दुल्ला को दो-दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि अदालत ने दोनों को जमानत भी दे दी थी। दोनों पर 31 दिसंबर 2007 को रामपुर में स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शिविर पर हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर जांच के लिए दो जनवरी 2008 को अपना काफिला रोके जाने के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना प्रदर्शन कर रास्ता जाम करने का आरोप था। अब्दुल्ला दूसरी बार सदन की सदस्यता के अयोग्य घोषित किए गए हैं।

## हेली ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवारी का किया एलान



**हेली और ट्रंप, दोनों रिपब्लिकन पार्टी से हैं राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया में शामिल होने से पहले हेली को पार्टी की प्रेसीडेंशियल प्राइमरी में जीत हासिल करनी होगी**

एजेंसी

**वाशिंगटन।** निक्की हेली ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में अपनी उम्मीदवारी के लिए दावेदारी की औपचारिक घोषणा कर दी है। इसके साथ ही, उन्होंने एक समय अपने नेतृत्वकर्ता रहे एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले खुद को एक युवा और नये विकल्प के रूप में पेश किया है। हेली (51) दक्षिण कैरोलिना की दो बार की गवर्नर हैं और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रह चुकी हैं। उन्होंने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा करते हुए मंगलवार को एक वीडियो जारी किया था। उनकी इस औपचारिक घोषणा का यह मतलब है कि वह उम्मीदवारी हासिल करने के लिए ट्रंप (76) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में शामिल होने वाली पहली दावेदार होंगी। उल्लेखनीय है कि हेली और ट्रंप, दोनों रिपब्लिकन पार्टी से हैं। राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया में शामिल होने से पहले हेली को रिपब्लिकन पार्टी की प्रेसीडेंशियल प्राइमरी में जीत हासिल करनी होगी, जो अगले साल जनवरी में होने का कार्यक्रम है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर, 2024 को होना है।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी व बेटियों ने गोवा में मनायी छुट्टी

**पणजी।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति दो बेटियों और मां सुधा मूर्ति के साथ दक्षिण गोवा के बेनौलिम तट पर छुट्टियां मनाते देखी गई हैं। फ्रांसिस फर्नांडीस नाम के एक मछुआरे ने बताया कि उसने ब्रिटेन की प्रथम महिला को उस वक्त तुरंत पहचान लिया, जब उन्होंने इस लोकप्रिय पर्यटन स्थल पर वाटर स्पोर्ट्स के बारे में उनसे पूछा। फर्नांडीस को स्थानीय स्तर पर पेले के नाम से जाना जाता है। स्थानीय लोगों द्वारा बनाई गई एक वीडियो में पेले को अक्षता से बातचीत करते देखा जा सकता है। बाद में मछुआरे ने अक्षता और सुधा मूर्ति के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर भी डाली। अक्षता के पिता नारायणमूर्ति इंफोसिस के सह-संस्थापक हैं। पेले ने कहा कि उन्होंने (अक्षता ने) मुझसे पूछा, क्या गोवा में वाटर स्पोर्ट्स सुरक्षित है? मैंने उनसे कहा कि मैम, यह 100 प्रतिशत सुरक्षित है और यदि आप इसका आनंद उठाना चाहते हैं तो मैं आपको और परिवार को सुरक्षित रखूंगा। अक्षता के साथ बातचीत के विवरण को साझा करते हुए मछुआरे ने कहा कि नौका पर सवार होने से पहले, मैंने उनसे कहा कि ब्रिटेन में गोवा के कई लोग रहते हैं और मैं उम्मीद करता हूं कि वे भी सुरक्षित रहें।

## आइटीआर फॉर्म अधिसूचित, एक अप्रैल से दाखिल कर सकेगे रिटर्न




**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने बुधवार को कहा कि 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) फॉर्म एक अप्रैल से प्रभावी होंगे और इन्हें आगामी आकलन वर्ष की शुरूआत से रिटर्न दाखिल करने की सुविधा को काफी पहले अधिसूचित कर दिया गया है। आयकर विभाग ने कहा कि करदाताओं को सुविधा देने और रिटर्न भरने की प्रक्रिया को और सरल करने के लिए आईटीआर फॉर्म में पिछले साल की तुलना में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है। केवल आयकर अधिनियम, 1961 में संशोधनों के कारण कुछ जरूरी लेकिन कम बदलाव किए गए हैं।केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने व्यक्तियों, पेशेवरों और कंपनियों के लिए 2022-23 में हुई आय के लिए 10 फरवरी को आयकर फॉर्म 1-6 अधिसूचित कर दिए थे। साथ ही, आईटीआर फॉर्म-7 को धर्मार्थ ट्रस्ट, वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान, राजनीतिक दलों और विश्वविद्यालयों के लिए 14 फरवरी को अधिसूचित किया गया था। सीबीडीटी ने बयान में कहा कि ये आईटीआर फॉर्म एक अप्रैल, 2023 से प्रभावी होंगे और आगामी आकलन वर्ष की शुरूआत से रिटर्न दाखिल करने की सुविधा देने के लिए इन्हें पहले ही अधिसूचित कर दिया गया है।आईटीआर फॉर्म आमतौर पर किसी वित्त वर्ष के लिए मार्च के अंत तक या अप्रैल की शुरूआत में अधिसूचित होते हैं।

## प्रियंका चोपड़ा की 'लव अगेन' का ट्रेलर रिलीज

**नयी दिल्ली।** वैश्विक रूप से प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक फिल्म 'लव अगेन' बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसने प्रियंका के प्रशंसकों और इंटरनेट को पहले से ही उत्साहित कर रखा है क्योंकि वह लंबे समय के बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं। प्रियंका न केवल बॉलीवुड की बल्कि हॉलीवुड के भी सबसे पसंदीदा कलाकारों में से एक हैं। 'लव अगेन' एक रोमांटिक कॉमेडी है जिसमें उनके अभिनय का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

हॉलीवुड में एशिया की सबसे बड़ी स्टार के रूप में अपनी जगह बनाने वाली प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के लिए लिखा, ह्लहमने इस फिल्म को



कठिन समय में बनाया है क्योंकि अधिकांश लोग अपने प्रियजनों से दूर थे, लेकिन सेट का प्रत्येक दिन हमारे लिए विशेष था, खास कर अतुलनीय सेलीने डियोन और मेरे अद्भुत सह-कलाकार सैम ह्यूगन, रसेल टोवे, सोफिया बार्कले के साथ। यह फिल्म मीरा रे की कहानी है, जिसे प्रियंका ने निभाया है, जिसके मंगेतर का निधन हो जाता है और वह इस सदमे से निकलने की कोशिश में अपने मंगेतर के पुराने फोन नंबर पर लगातार रोमांटिक मैसेज भेजती रहती है, यह जाने बिना कि वह नंबर रॉब बर्न्स को मिल चुका है। रॉब बर्न्स का किरदार सैम हेगन द्वारा अभिनीत है।

पत्रकार रॉब मीरा के मैसेज की ईमानदारी से प्रभावित होता है और मीरा से व्यक्तिगत रूप से मिलने और उसका दिल जीतने के लिए मेगास्टार सेलिन डियोन की मदद लेता है।

इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, सैम हेगन और सेलिन डायोन मुख्य भूमिका में हैं, इसमें डायोन के कई नए गीत शामिल हैं और इसका निर्देशन जेम्स सी स्ट्रॉस ने किया है।

'लव अगेन' फिल्म को सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया 12 मई को सिनेमाघरों में रिलीज करेगी।

## रिलायंस ने लांच किया वैलेंटाइंस डे कलेक्शन

**मुंबई।** वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलायंस ज्वेल्र्स ग्राहकों के लिए खुद से भी प्यार करो और चारों ओर अपनी ऐसी चमक बिखेरें कि दुनिया आपको देखकर हैरान हो जाए। खुद को भी अहमियत दें और बेझिझक होकर इस बात को दुनिया के सामने जाहिर करें। प्यार के इस मौसम का जश्न मनाने के लिए रिलायंस ज्वेल्स ने सुडौल आकार और बेहतरीन रूपांकनों के साथ पेंडेंट, ब्रेसलेट और अंगूठियों का एक खूबसूरत डायमंड ज्वैलरी कलेक्शन लॉन्च किया है। इस कलेक्शन में पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए खुद के प्रति प्रेम से प्रेरित हीरे जड़ित खूबसूरत ब्रेसलेट, पेंडेंट और अंगूठियां शामिल हैं। ये सभी डिजाइन पारिवारिक जश्न और उत्सवों, कामकाज के दौरान पहनने तथा पार्टियों के लिए सबसे अच्छे विकल्प हैं।






## स्पीड न्यूज

### ब्रिटेन की महारानी कैमिला के ताज में नहीं होगा कोहिनूर

**लंदन।** ब्रिटेन की महारानी कैमिला ने छह मई को अपने पति महाराजा चार्ल्स तृतीय के साथ होने वाली अपनी ताजपोशी के लिए जिस ताज का चयन किया है, उसमें औपनिवेशिक काल का विवादित वह कोहिनूर हीरा नहीं जड़ा होगा, जिस पर भारत अपना दावा करता है। ब्रिटेन के शाही परिवार के आधिकारिक आवास बकिंघम पैलेस ने यह घोषणा की। कैमिला ने ताजपोशी के लिए महारानी मैरी के ताज का चयन किया है। इसका अर्थ है कि उसमें दुनिया के सबसे बेशकीमती एवं बड़े कटे हुए हीरों में शामिल हीरे की केवल प्रतिकृति होगी, क्योंकि मूल हीरा महारानी एजिलाजेथ द्वितीय की मां-राजमाता महारानी एलिजाबेथ के ताज की शोभा बढ़ा रहा है।

### गुजरात : सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत

**पाटन।** गुजरात के पाटन जिले में बुधवार की दोपहर एक खड़े ट्रक से जीप के टकरा जाने पर चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक के के पांड्या ने बताया कि पहिये का टायर फटने के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और जीप एक खड़े ट्रक से जा टकराई। उन्होंने कहा कि जीप में कुल 15 यात्री सवार थे और यह घटना राधानपुर के पास की है।

### जोधपुर में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी 20 मार्च से

**जयपुर।** राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद (आरईपीसी) जोधपुर में 20 से 22 मार्च को राजस्थान अंतरराष्ट्रीय एक्सपो का आयोजन कर रही है। परिषद एवं राजस्थान लघु औद्योगिक निगम लिमिटेड (राजसीको) के चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने कहा कि आरईपीसी द्वारा गत कुछ दिन में इस एक्सपो के प्रचार-प्रसार के लिए देश-विदेश के चैम्बर आफ कॉमर्स के साथ एमओयू किये गए हैं।

### दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या के दोषी को उम्रकैद

**बागपत ।** बागपत की अपर जिला अदालत ने पांच साल की एक बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए बुधवार को उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी और उसपर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बताया कि जुलाई 2021 में बडौत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की एक बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी और बाद में उसका शव गांव में ही एक खाली भूखण्ड पर पाया गया था।

### गोंदिया में भूमि विवाद को ले कमांडो की हत्या

**गोंदिया।** गोंदिया जिले में भूमि विवाद को लेकर महाराष्ट्र के सी-60 बल के एक कमांडो की कथित रूप से हत्या करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सी-60 राज्य के गढ़चिरौली और गोंदिया जिलों में नक्सलियों से निपटने को बनायी गयी विशेष लड़ाकू इकाई है।

### जॉब के नाम पर महिला से चार लाख की ठगी

**नोएडा ।** नोएडा के सेक्टर 39 थानाक्षेत्र में पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर अज्ञात साइबर ठगों ने एक महिला से चार लाख रुपए ठग लिये। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय चाहर ने बताया कि सेक्टर 41 में रहने वाली जसनूर वालिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके मोबाइल फोन पर एक व्हाट्सएप मैसेज आया। शिकायतकर्ता के अनुसार मैसेज करने वालों ने उनसे कहा कि घर बैठे पार्ट टाइम जॉब करके वह लाखों रुपए कमा सकती है। चाहर ने बताया कि पीड़िता के अनुसार अज्ञात साइबर ठगों ने उनसे चार लाख रुपए ठग लिये।